समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 63,523.15 | 18,856.85 |

तापमान
अधिकतम 35 ℃
न्यूनतम 38 ℃

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



सीएम योगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर पेज-02

एनडीए के मुकाबले पीडीए को उतारेंगे अखिलेश पेज-03

वर्ष 10 अंक 302 लखनऊ, 22 जून गुरुवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

### यूएन मुख्यालय में बोले पीएम मोदी

# योग का अर्थ है जोड़ना



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले साल पूरी दुनिया 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए एक साथ आई थी। पूरी दुनिया को देखना अद्भुत है योग के लिए फिर से साथ आएं। न्यूयॉर्क में पीएम मोदी ने कहा कि योग भारत से आया है और यह बहुत पुरानी परंपरा है। योग कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी भुगतान से मुक्त है। योग आपकी आयु, लिंग और फिटनेस स्तर के अनुकूल है। योग पोर्टेबल है और वास्तव में सार्वभौमिक है।

पीएम मोदी ने कहा कि हम यहां संपूर्ण मानवता के मिलन स्थल पर एकत्रित हुए हैं। मैं आप सभी को देखकर प्रसन्न हूं और आने के लिए आप सभी का धन्यवाद करता हूं। मुझे बताया गया है कि आज यहां लगभग हर राष्ट्रीयता का प्रतिनिधित्व है। योग का अर्थ है जोड़ना, इसलिए आप एक साथ आ रहे हैं यह योग के दूसरे रूप की अभिव्यक्ति है। पीएम मोदी ने कहा कि योग जीवन का एक तरीका है। स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण। विचारों और कार्यों में सावधानी बरतने का एक तरीका। खुद के साथ, दूसरों के साथ और प्रकृति के साथ सद्भाव से जीने का तरीका है। वहीं 20 जून की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा के लिए पहुंच चुके हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ उनकी कम से कम तीन बैठकें होनी हैं, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दोपहर के भोजन में एक निजी कार्यक्रम और एक राजकीय रात्रिभोज शामिल हैं। मोदी दूसरी बार प्रतिनिधि सभा और सीनेट की संयुक्त बैठक को भी संबोधित करेंगे।

#### हमारे सवा सौ करोड़ नागरिकों को भय से मुक्ति मिली है

मेरी सरकार के लिए संविधान ही उसका वास्तविक पवित्र ग्रंथ है। उस पवित्र ग्रंथ में आस्था, भाषण और मताधिकार की स्वतंत्रता और सभी नागरिकों की समानता, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि के क्यों न हों। मेरे 80 करोड़ देशवासी हर पांच साल में एक बार मताधिकार की स्वतंत्रता का प्रयोग कर सकते हैं। लेकिन, हमारे सभी 1.25 अरब नागरिकों को भय से मुक्ति मिली हुई है, एक ऐसी स्वतंत्रता जिसे वे अपने जीवन के हर पल में इस्तेमाल करते हैं।

#### मेरी टू-डू सूची लंबी और महत्वाकांक्षी है

मेरा सपना कई सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से उन्हें (भारतीय नागरिकों को) आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। और, 2022 तक भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ तक ऐसा करें। मेरी टू-डू सूची लंबी और महत्वाकांक्षी है। लेकिन तुम समझोगे। इसमें एक मजबूत कृषि क्षेत्र के साथ एक जीवंत ग्रामीण अर्थव्यवस्था शामिल है, प्रत्येक सिर पर छत और सभी घरों को बिजली, हमारे लाखों युवाओं को कुशल बनाने के लिए 100 स्मार्ट शहरों का निर्माण एक अरब के लिए ब्रॉडबैंड होना, और हमारे गांवों को डिजिटल दुनिया से जोड़ना और इक्कीसवीं सदी की रेल, सड़क और बंदरगाह अवसंरचना का निर्माण करना।

#### भारत एक होकर रहता है

हमारे संस्थापकों ने अपनी आत्मा के सार के रूप में स्वतंत्रता, लोकतंत्र और समानता के साथ एक आधुनिक राष्ट्र का निर्माण किया। ऐसा करते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि हम अपनी सदियों पुरानी विविधता का उत्सव मनाते रहें। आज, गलियों और संस्थानों में गांवों और शहरों में सभी धर्मों के लिए समान सम्मान है और सैकड़ों भाषाओं और बोलियों के राग में भारत एक होकर रहता है, भारत एक होकर बढ़ता है, भारत एक होकर मनाता है।

#### हमारे सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने की जरूरत है

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई कई स्तरों पर लड़ी जानी है। केवल सैन्य, खुफिया या कूटनीति के पारंपरिक उपकरण इस लड़ाई को जीतने में सक्षम नहीं होंगे। अध्यक्ष महोदय, हमने इसका मुकाबला करने में नागरिकों और सैनिकों दोनों को खोया है। समय की मांग है कि हम अपने सुरक्षा सहयोग को और गहरा करें। और, इसे एक नीति पर आधारित करें। जो आतंकवादियों को शरण देने, उनका समर्थन करने और उन्हें प्रायोजित करने वालों को अलग-थलग करती है। जो अच्छे और बुरे आतंकवादियों के बीच अंतर नहीं करता और जो धर्म को आतंकवाद से अलग करता है।

#### हमारे संबंधों ने इतिहास की हिचकिचाहटों को पार कर लिया है

पंद्रह साल से भी अधिक समय पहले, भारत के प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यहां खड़े होकर अतीत की संकोच की छाया से बाहर निकलने का आह्वान किया था। तब से हमारी दोस्ती के पन्ने एक उल्लेखनीय कहानी कहते हैं। आज हमारे संबंधों ने इतिहास की हिचकिचाहटों को पार कर लिया है। आराम, स्पष्टवादिता और अभिसरण हमारी बातचीत को परिभाषित करते हैं। चुनावों के चक्र और प्रशासनों के परिवर्तन के माध्यम से, हमारी व्यस्तताओं की तीव्रता केवल बढ़ी है। और, इस रोमांचक यात्रा में अमेरिकी कांग्रेस ने दिशासूचक के रूप में काम किया है।

### कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा-

# मणिपुर की हिंसा ने राष्ट्र की आत्मा पर गहरा आघात किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मणिपुर में हिंसा पर दुख जताते हुए बुधवार को कहा कि इसने राष्ट्र की अंतरात्मा पर गहरा आघात किया है। उन्होंने प्रदेश के लोगों से शांति एवं सौहार्द की अपील की और उम्मीद जताई कि मणिपुर के लोग इस त्रासदी से उबरेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''मणिपुर के प्रिय भाइयों और बहनों, पिछले लगभग 50 दिनों से हम मणिपुर में एक बड़ी मानवीय त्रासदी देख रहे हैं। इस हिंसा ने आपके राज्य में हजारों लोगों का जीवन उजाड़ दिया है।'' उन्होंने कहा कि इस घटना ने राष्ट्र की अंतरात्मा पर एक गहरा आघात किया है। उनका कहना था, ''मेरी उन सभी के प्रति गहरी संवेदना हैं जिन्होंने इस हिंसा में अपनों को खोया है।

मुझे यह देखकर बेहद दुख होता है कि लोग उस जगह को छोड़कर जाने के लिए मजबूर हैं जिसे वे अपना घर कहते हैं। अपने जीवन भर का बनाया हुआ सब कुछ पीछे छोड़ जाते हैं। शांतिपूर्वक एक दूसरे के साथ रहने वाले हमारे भाई-बहनों को एक-दूसरे के खिलाफ होते देखना बहुत दुखद है।'' सोनिया गांधी के मुताबिक, ''मणिपुर के इतिहास में विभिन्न जाति, धर्म और पृष्ठभूमि के लोगों को गले लगाने की शक्ति और क्षमता है। यह एक विविध समाज की संभावनाओं का प्रमाण है। भाईचारे की भावना को जिंदा रखने के लिए विश्वास और सद्भावना की जरूरत होती है, वहीं नफरत और विभाजन की आग को भड़काने के लिए सिर्फ एक गलत कदम की।'' उन्होंने कहा, ''आज हम एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं।किसी भी राह पर चलने का हमारा चुनाव एक ऐसे भविष्य को आकार देगा जो हमारे बच्चों को विरासत में मिलेगा।

मैं मणिपुर के लोगों, विशेष रूप से अपनी बहादुर बहनों से यह अपील करती हूं कि वे इस खूबसूरत धरती पर शांति और सद्भाव की राह का नेतृत्व करें।'' उन्होंने कहा, ''एक मां के रूप में मैं आपके दर्द को समझती हूं। मैं आप सभी से यह निवेदन करती हूं कि अपनी अंतरात्मा की आवाज को पहचानें। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हम परस्पर विश्वास का मजबूती से पुनर्निर्माण करेंगे।'' सोनिया गांधी ने यह भी कहा, ''मुझे मणिपुर के लोगों से बहुत उम्मीदें हैं और उनके ऊपर बहुत विश्वास है।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई अब्बास अंसारी की पेशी

मऊ, समृद्धि न्यूज़

विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधायक अब्बास अंसारी द्वारा विजय जुलूस निकाल कर आचार संहिता का उल्लंघन करने के कोतवाली थाने के एक मामले में बुधवार को तारीख नियत थी। एमपी-एमएलए मामलों की विशेष अदालत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की प्रभारी प्रियंका आजाद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से अब्बास अंसारी की इस मामले में पेशी कराई। इस मामले में आरोपित उमर अंसारी को पूर्व से गैर जमानती वारंट जारी है। सदर विधायक अब्बास अंसारी इस मामले में कासगंज जेल में निरुद्ध है। बुधवार को जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग लिंक होने पर उनकी पेशी हुई। मामले के अनुसार विधानसभा चुनाव के दौरान विजय जलूस निकाल कर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया था तथा चुनाव प्रचार के दौरान मानक के विपरीत वाहन जुलूस निकाल कर आचार संहिता व धारा 144 का उलंघन किया गया था।

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई से प्रस्तावित

## पहली बार सभी 75 जिलों में परीक्षा आयोजन की तैयारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

प्रदेश में नए सत्र 2023-24 में सरकारी, अनुदानित व निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई से पांच अगस्त के बीच प्रस्तावित की गई है। शासन की ओर से पहली बार प्रदेश के सभी 75 जिलों में प्रवेश परीक्षा आयोजन की तैयारी चल रही है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन किया जाएगा। पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया मार्च में शुरू की गई थी। पहले प्रवेश परीक्षाएं जून में प्रस्तावित थीं। इससे कुछ दिन पहले ही संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव राम रतन को हटा दिया गया था। इसकी वजह और प्रवेश परीक्षा के लिए एजेंसी का चयन न होने से प्रवेश परीक्षाएं जुलाई में आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। साथ ही आवेदन करने की तिथि भी कई बार बढ़ाई गई।प्रवेश परीक्षा के लिए 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए। परिषद के सचिव संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए 378870 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

#### पॉलीटेक्निक सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी

प्रदेश में सरकारी, अनुदानित व निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से 20 जुलाई के बीच होंगी। प्राविधिक शिक्षा परिषद ने सेमेस्टर परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर जारी कर दिया है। परीक्षा में लगभग दो लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परिषद के सचिव राकेश वर्मा ने बतायाकि परीक्षा कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की आपत्ति 22 जून तक दे सकते हैं।

### संक्षिप्त

#### मासूम के मुंह-आंख में तेजाब डाल बेरहमी से हत्या, घर के सामने मिली लाश

**सिंदुरिया।** पकड़ियार बुजुर्ग गांव में मंगलवार की सुबह घर से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब सात वर्षीय बालिका प्रिया के मुंह और आंख में ज्वलनशील पदार्थ डालकर हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह उसका शव घर के ही सामने गली से बरामद हुआ है। हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर एसपी डा. कौस्तुभ व एएसपी आतिश कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

#### रेस्तरां में 'सर्विस चार्ज' को लेकर हुई मारपीट के मामले में पांच गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के एक मॉल में स्थित रेस्तरां में 'सर्विस चार्ज' को लेकर कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों में रेस्तरां का प्रबंधक और दो कर्मियों के अलावा ग्राहक पक्ष के दो लोग शामिल हैं।

#### बारी-बारी गिरने लगे विदेश में बैठे मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकी

**नई दिल्ली।** विदेशी धरती से भारत में आतंकवाद फैलाने वाले खालिस्तानी आतंकी संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात हमलावरों की गोली का निशाना बन रहे हैं।

### क्यों नेता प्रतिपक्ष की भूमिका से मुक्त होना चाहते हैं अजित पवार? बोले-

## मैं अब करना चाहता हूं संगठन में काम

**मुंबई (एजेंसी)।** राकांपा के गठन के 24 वर्ष पूरे होने पर मुंबई के षणमुखानंद सभागार में आयोजित समारोह के दौरान राकांपा नेता अजित पवार ने कहा कि वह अब नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से हटकर संगठन में काम करना चाहते हैं। हालांकि, उनके इस बयान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार की अभी कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका से मुक्त किया जाए, क्योंकि अब वह संगठन में काम करना चाहते हैं। अजित पवार पिछले कुछ दिनों से विभिन्न कारणों से चर्चा में रहे हैं। कुछ ही सप्ताह पहले उनके भाजपा में जाने की अफवाहें उड़ी थीं, लेकिन उन्होंने यह कहकर अफवाहों का खंडन कर दिया था कि वह मरते दम तक राकांपा में ही रहेंगे। इसके कुछ दिनों बाद ही उनके चाचा एवं राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार द्वारा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पर अपनी पुत्री सुप्रिया सुले एवं प्रफुल्ल पटेल को बैठा दिया गया। तब भी अजित पवार की उपेक्षा किए जाने की चर्चा शुरू हुई, लेकिन अजित पवार ने तब भी यह कहते हुए इस बात का खंडन किया कि वह राष्ट्रीय राजनीति में जाना ही नहीं चाहते थे।



## राजनाथ सिंह ने आईएनएस विक्रांत पर सवार नौसेना कर्मियों के साथ किया योग

**कोच्चि।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार सैकड़ों नौसेना कर्मियों के साथ योग समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने विशाल विमान वाहक पोत पर समारोह का नेतृत्व किया और करीब एक घंटे तक योगासन भी किए। समारोह में 'अग्निवीरों' ने भी एकता तथा कल्याण की भावना को आत्मसात करते हुए योग किया।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा, कहा-

## झूठे वादों से जनता को ठगने का काम कर रही भाजपा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा अपने झूठे वादों से प्रदेश की जनता को ठगने का काम कर रही है तो सत्ता संरक्षण में कहीं नौकरी के बहाने तो कहीं खुलेआम राह चलते लूट की जा रही है। सपा मुखिया ने कहा कि सरकारी विभागों में नौकरियां दिलाने के नाम पर आए दिन ठगी होती है। ताजा मामला सिंचाई विभाग में नौकरियां दिलाने से जुड़ा हुआ है। सिंचाई विभाग में 85 अलग-अलग पदों पर फर्जी नियुक्ति पत्र प्रमुख अभियंता के नाम से भेजा गया। उन्होंने कहा कि सचिवालय में तो कई बार ठगों का गोरखधंधा पकड़ा गया है। इनके तार मंत्री से लेकर आला अफसरों तक जुड़े होने की जांचें चल रही हैं। इसी तरह हाईकोर्ट में संविदा पर नौकरी लगवाने के नाम पर जालसाजों ने आवेदकों से लाखों रुपये ठग लिए। लखनऊ में एलडीए और नगर निगम में भी फर्जी नियुक्ति पत्र दिए जाने के कई मामले पकड़े जा चुके हैं। अखिलेश ने कहा कि होमगार्ड विभाग में भी कई घपले सामने आए हैं। कभी फर्जी नियुक्ति के केस पकड़े गए तो फर्जी ड्यूटी लगाने के भी मामले सुर्खियों में आए हैं। कुछ दिनों पहले आयकर विभाग में भी बैठकर जालसाज फर्जी नियुक्तियां करने लगे थे।

## चक्रवात से निपटने के लिए मोदी सरकार का आपदा प्रबंधन मॉडल सर्वश्रेष्ठ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते गुजरात के कई राज्यों में चक्रवात बिपरजॉय ने खूब कोहराम बचाया। गुजरात के कच्छ के इलाकों तो भूस्खलन की सूचना है। साथ ही पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए और घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं अब चक्रवात बिपरजॉय से निपटने को लेकर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने केंद्र सरकार की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक लोगों को चक्रवात से प्रभावित इलाकों से निकालकर आश्रय गृहों में सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। गिर हुए पेड़ों को सड़कों से हटवाया जा रहा है और आश्रय गृहों में बच्चों के लिए झूलों सहित अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

### सौगात — सीएम योगी ने बलिया को दी 3638 करोड़ रुपये की सौगात

# जिले में विकास की गति और तेज करने का किया वादा

बलिया, समृद्धि न्यूज़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद को 3638 करोड़ रुपये की सौगात दी है। बुधवार को जय प्रकाश नगर में आयोजित जनसभा में उन्होंने 144 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम ने लोकनायक जय प्रकाश नारायण की धरती को नमन करते हुए जिले में विकास की गति और तेज करने वादा किया।



**लोकार्पित होने वाली प्रमुख योजनाएं**

- मुख्यमंत्री कस्तूरबा गांधी विद्यालय
- चिलकहर में हास्टल
- क्षेत्रीय पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान, हुसेनाबाद
- राजकीय इंटर कालेज सिकंदरपुर,
- विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 26 बेड का कोविड ब्लाक
- ग्राम पंचायत संवरूपुर, रामपुर, श्रीपतिपुर, सरयागुलाबराय, मुडाडीह, जगदेवा, मचींखुर्द, नसीरपुर और पर्वतपुर में पाइप परियोजना

#### शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

जल जीवन कार्यक्रम के अंतर्गत सतही स्रोत आधारित बेलहरी ग्राम समूह, हनुमानगंज ग्राम समूह एवं मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना, अगऊर, सुखपुरा, नरही एवं जय प्रकाश नगर में 50-50 बेड का फील्ड चिकित्सालय, थाना रेवती दोकटी, बैरिया, हल्दी, सहतवार, भीमपुरा, फेफना, नगरा, सुखपुरा, सिकन्दरपुर, खेजुरी, पकड़ी, बांसडीह रोड, नरही व बांसडीह में हॉस्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष, कोतवाली और पुलिस लाइन में हॉस्टल व बैरक, जिला कारागार में पंप हाउस एवं आरसीसी वाटर चैनल, राजकीय आईटीआई, नवानगर एवं इब्राहिमाबाद में बाउड्रीवाल, राजकीय बालिका इंटर कालेज में निर्माण कार्य, ग्राम खरूआव एवं सिसवार में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण, भूकंपरोधी विद्यालयों का निर्माण।

#### वाराणसी और लखनऊ के लिए बसों का दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जय प्रकाश नगर से परिवहन निगम की दो बसों का संचालन हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। एक बस वाराणसी और दूसरी लखनऊ के लिए रवाना की गई। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# सीएम योगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर बेहद गम्भीर



- सुधार के लिए जिलों में भेजी अधिकारियों की टीम
- आज शासन को रिपोर्ट देंगे नोडल अफसर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए योगी सरकार ने लखनऊ से 27 अधिकारियों की टीम को अलग अलग जनपदों में भेजी है। ये अधिकारी जनपदों में नोडल अधिकारी के तौर पर कार्य करेंगे और विद्युत व्यवस्था को मॉनिटर करेंगे।कल 22 जून को ये अफसर शासन को रिपोर्ट देंगे। योगी ने हाल ही में भीषण गर्मी के चलते विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। अघोषित बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए फीडरवाइज जिम्मेदारी तय करने पर जोर दिया था। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने शक्तिभवन में तैनात अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी दी है। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने विद्युत व्यवस्था में और सुधार तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक विद्युत आपूर्ति के लिए जनपदों में की जा रही कार्यवाही की निगरानी के लिए कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजने का निर्णय लिया है। अधिकारियों में प्रबंध निदेशक और निदेशक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। यूपीपीसीएल ने इनको विभिन्न जनपदों का नोडल अधिकारी बनाया है। 27 अधिकारी 19 जून से 21 जून तक अपने आवंटित जनपदों का भ्रमण कर 5 बिंदुओं जैसे विद्युत आपूर्ति, क्षतिग्रस्त पावर एवं वितरण परिवर्तको की स्थिति, वर्कशॉप में वितरण प्रवर्तक की उपलब्धता की स्थिति, स्टोर में सामग्री की उपलब्धता की स्थिति तथा विद्युत आपूर्ति संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का विश्लेषण एवं अनुश्रवण कर आख्या 22 जून को कॉर्पोरेशन मुख्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

## बीकेटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लगा शिविर

लखनऊ। आज देश भर में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। बख्शी का तालाब में इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के हजारों छात्र छात्राओं ने योग अभ्यास किया। बुधवार सुबह से क्षेत्र के सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक और कम्पोजिट परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों, छात्र एवं छात्राओं ने योग किया। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी बीकेटी ने क्षेत्र के सभी स्थलों का जायजा लिया। जहां उन्होंने छात्र छात्राओं द्वारा किए जा रहे योग की प्रशंसा की ।9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बख्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित लगभग 186 प्राथमिक, 56 पूर्व माध्यमिक एवं 27 कम्पोजिट परिषदीय विद्यालय में योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ। बुधवार को आयोजित हुए इस अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के लगभग 30 हजार छात्र छात्राओं ने योग अभ्यास किया। वहीं, लगभग एक हजार शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम के तहत योगाभ्यास किया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बीकेटी प्रीति शुक्ला ने बताया कि 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बख्शी का तालाब क्षेत्र के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में लगभग 30 हजार छात्र छात्राओं एवं लगभग एक हजार शिक्षकों ने एक साथ योगाभ्यास किया है। वहीं, सभी परिषदीय विद्यालयों के कार्यक्रम पर उन्होंने स्वयं तथा एआरपी बीकेटी अनुराग सिंह राठौर सहित अन्य एआरपी विद्यालयों में जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बताया कि योगा छात्र छात्राओं को दैनिक प्रक्रिया में शामिल करने के लिए निर्देशित किया गया है। जैसा कि मैंने देखा है कि विद्यालय प्रारम्भ के समय प्रार्थना करने के बाद योग अभ्यास जरूरी प्रक्रिया के रूप में शामिल किया जाए ।

# तन और मन को निरोगी रखने के लिए योग जरूरी: भूपेंद्र

### इंटरनेशनल योगा डे : बीजेपी ने शक्ति केंद्रों पर मनाया योग दिवस

लखनऊ । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में शक्ति केन्द्रों पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह राजधानी लखनऊ में योग दिवस के कार्यक्रम सम्मिलित हुए।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को शक्ति केन्द्रों पर मनाते हुए पार्टी ने योग करके सर्वे सन्तु निरामया का विश्व को संदेश दिया। पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर योग किया। पार्टी के सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, आयोग निगम बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य, नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सदस्य तथा त्रिस्तरीय पंचायत के अध्यक्ष व सदस्यों सहित स्थानीय नागरिकों ने तन और मन को निरोगी रखने वाले योग को करते हुए विश्व मंगल की कामना की।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कम्पनी बाग, मुरादाबाद में योग दिवस कार्यक्रम में कहा कि भारतीय संस्कृति की ऐतिहासिक धरोहर योग पूरे दुनिया को दिया गया एक बहुमूल्य उपहार है, जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने अथक प्रयासों से पूरे विश्व में पहुंचाने का अद्वितीय एवं अकल्पनीय कार्य किया है। आज योग पूरे विश्व की जीवनशैली बन चुका है। श्री चौधरी ने कहा कि आज पूरा विश्व योग कर रहा है। भारतीय परम्परा, संस्कृति एवं ज्ञान को विश्व स्वीकार भी कर रहा है और अंगीकार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति, संस्कार, ज्ञान की विश्व स्वीकार्यता तथा पुनर्प्रतिष्ठा का युग प्रारम्भ हुआ है।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर योग दिवस कार्यक्रम में कहा कि भारत ने सदियों से योग को विज्ञान और जीवनशैली के रूप में अपनाया है। हमारे ऋषि-मुनियों ने वैदिक काल से ही योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाया। योग जीवन का वह दर्शन है जो मनुष्य को आत्मा से जोड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा कि योग विश्व को भारत का वह वरदान है जो ना सिर्फशरीर व मन को स्वस्थ करता है ।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव पर बारिश के मौसम में भी हजारों को किया प्रेरित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बारिश के बावजूद भी प्रतिभागियों में योग प्रति अत्यंत अधिक उत्साह देखा गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, एवं बतौर मुख्य अतिथि, तीन विश्वविद्यालयों के कुलपति रहे प्रोफेसर बलराज चौहान और विशेष अतिथि न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय राजीव सिंह थे। लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम 27 मई से शुरू हुए थे। जिसमें प्रेरक सेमिनार, संवादमय कार्यशाला और प्रतिदिन सुबह के योग सत्र शामिल थे। 14 जून से योग और वैकल्पिक चिकित्सा के संकाय के द्वारा शहर के 100 विभिन्न स्थानों पर सोसाइटी कनेक्ट कार्यक्रम के तहत योग सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में वरिष्ठ नागरिक और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया गया, जहां जलस्थल में योग, गोमती नदी में नाव पर योग, प्लावनी प्राणायाम के माध्यम से पानी में योग जैसे नवीनतम अभ्यासों को प्रस्तुत किया गया। बारिश के मौसम के बावजूद, लगभग 3100 उत्साही छात्र, शिक्षक और कर्मचारी योग के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव में गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाकर योग के ज्ञान को ग्रहण किया। इस समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच जिलों में संबंधित 100 से अधिक कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें लगभग 20,000 शिक्षक, छात्र, कर्मचारी और समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हालांकि, प्रतिकूल मौसम की वजह से कई कॉलेजों में बड़े खुले स्थान पर योजनाबद्ध आयोजन को संरक्षित हॉल में स्थानांतरित किया गया। जिससे इच्छुक प्रतिभागियों की संख्या को सीमित कर दिया गया। पूरे समारोह के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रतिभागियों ने योग के प्रति अटूट समर्पण और उत्साह को प्रदर्शित किया। आयोजन विश्वविद्यालय की योग को बढ़ावा देने और इसके लाभों को प्रचारित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिससे यह एक पूर्णतावादी शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करता है। समारोह के अंत में प्रतिभागियों ने अपने दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने, जीवन को एक स्वस्थ और अधिक संतुलित तरीके से बढ़ाने का संकल्प लिया।

### योग दिवस पर सात सौ से अधिक ने किया संयुक्त योगाभ्यास

लखनऊ। लखनऊ निराला नगर स्थित माधव सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम व राधा माधव सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में सात सौ से अधिक लोगों ने संयुक्त योगाभ्यास किया जिसमें बतौर प्रमुख अतिथि उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, निदेशक विनय श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्रा, महामंत्री अनुराग साहू, विद्या भारती प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह, प्रबंधक शैलेंद्र अटल, सचिन गुप्ता, प्राधानाचार्य रामतीर्थ, उत्तर प्रदेश भाषा विभाग संस्कृत संस्थानम, संस्कार मिलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर भाग अवध प्रांत के सदस्य उपस्थित रहे। विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि योग स्वस्थ रहने का एक जरिया है योग से सभी तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं का हल मिलता है। जिसे अपना कर हम हेल्दी लाइफजी सकते हैं लेकिन योग करने के दौरान अनुशासन का पालन करना चाहिए।

### हर आदमी के दिल में बसते हैं मोदी: केशव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज बुधवार को महराजगंज पहुंचे। उनके दौरे ने महराजगंज की फिज़ाओं में चुनावी रंग घोल दिया है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी बड़ा बयान दिया और विपक्षी दलों पर खूब चुटकी ली।डिप्टी सीएम ने कोल्हुई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल पूर्ण होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से भी जनता को अवगत कराया। उन्होंने कहा, मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हर गरीब, किसान, जवान, आम आदमी और समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। पीएम मोदी की लोकप्रियता का अंदाजा



इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे हर आदमी के दिल में बसते हैं और इसी आधार पर जनता पीएम मोदी की अगुवाई में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को फिर से सत्ता में पहुंचायेगी। मीडिया से बातचीत में केशव प्रसाद मौर्या ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर यूपी में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा सपा अब समाप्त पार्टी बन गई है। सपा एक डूबता जहाज और अस्त होता सूरज है। उन्होंने कहा भाजपा और पीएम मोदी लोगों के मन में बसते हैं। जनता अगले आम चुनाव में विपक्षी दलों को धूल चटायेगी और फिर एक बार कमल का फूल खिलायेगी। पहुंचने पर स्थानीय नेताओं, विधायकों, सांसदों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कनिष्का जयसवाल पुत्री कृष्ण कुमार निवासी गांधीनगर मनकापुर गोंडा का वर्ष 2019 का इंटरमीडिएट उत्तरीर्ण का विद्यालय से प्राप्त प्रथम टी सी प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया है।

# बीएसपी ऑफिस से हटाई गईं मायावती, कांशीराम और अंबेडकर की मूर्तियां

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



- प्रतिमाएं हटाने की वजह साफ नहीं

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) कार्यालय में राजधानी लखनऊ में डॉ अंबेडकर, कांशीराम और मायावती की प्रतिमा को हटा दिया गया है। हालांकि पार्टी ने प्रतिमाएं हटाने की वजह नहीं बताई है कि ये प्रतिमाएं क्यों हटाई गई है। जिस जगह पर ऐ प्रतिमाएं गई गई थी अब वह खाली है। सूत्रों की मानें तो पार्टी कार्यालय से हटाकर इन मूर्तियों को मायावती के आवास में शिफ्ट कर दिया जाएगा। बीएसपी चीफ मायावती कई मौकों पर इन प्रतिमाओं के पास पहुंचकर पुष्प अर्पित करती रहीं हैं। बता दें कि बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनाव को लेकर आज राजधानी लखऊन में पदाअधिकारियों के साथ बैठक की। मायावती ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता अर्थात् किसी की उपेक्षा नहीं बल्कि सभी धर्मों का एक बराबर आदर-सम्मान भारतीय संविधान की चिर-परिचित विश्व-सराहनीय विशेषता है, जिसकी अवहेलना करके देश को प्रगति के पथ पर नहीं दौड़ाया जा सकता। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों आदि की आड़ में धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को सख्ती से सरकार को रोकना होगा। बसपा द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक पार्टी प्रमुख मायावती ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में राज्यस्तरीय, मण्डलस्तरीय एवं जिलास्तरीय समितियों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक अहम बैठक में प्रदेश एवं देश के बदलते राजनीतिक हालात एवं सम्बंधित खास घटनाक्रमों आदि पर रणनीतिक चर्चा की और पार्टी संगठन की मजबूती से जुड़े कार्यकलापों तथा पार्टी के जनाधार को हर स्तर पर बढ़ाने की पूरी प्रगति रिपोर्ट ली और आगे के लिए निर्देश दिये। मायावती ने कहा, धर्मनिरपेक्षता अर्थात् किसी की उपेक्षा नहीं सभी धर्मों का एक बराबर आदर-सम्मान भारतीय संविधान की चिर-परिचित विश्व-सराहनीय विशेषता है, जिसकी अवहेलना करके देश को प्रगति के पथ पर नहीं दौड़ाया जा सकता, खासकर वर्तमान में जब भारत को पहले से ज्यादा बड़ी एवं कठिन चुनौतियों का सामना रहा है। सभी सरकारों को इस पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा, इसीलिए केन्द्र , उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र जैसे प्रमुख राज्यों की सरकारों को भी समझना होगा कि कथित लव जिहाद, लैण्ड जिहाद, धर्मान्तरण, हिजाब, मजार एवं स्कूलध्कालेज विध्वंस, मदरसा जाँच, बुलडोजर राजनीति तथा धार्मिक उन्माद फैलाने वाले नफ्रतीध्संकीर्ण बयानों एवं कार्रवाईयों आदि से देश भर में तनाव एवं दहशत का माहौल व्याप्त है जो देश की मजबूती के लिए घातक है। सामाजिक बुराइयों आदि की आड़ में धार्मिक उन्माद फैलाने को सख्ती से सरकार को रोकनी होगी। बसपा नेता ने कहा कि देश भर में जारी इसी प्रकार की संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति का परिणाम है कि मणिपुर राज्य में भी नफ्रती हिंसक वारदात की आग थमने का नाम नहीं ले रही है, जिसके प्रति उचित प्रभावी कार्रवाई एवं गंभीरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वार्थ की राजनीति से क्या देश का महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी एवं पिछड़ेपन आदि की जटिल समस्याओं से मुक्ति प्राप्त करके आगे बढ़ पाना संभव है? बयान के मुताबिक इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश के लोगों के भी हर प्रकार के त्रस्त हालात की प्राप्त फीडबैक के आधार पर समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि विकास पूरे प्रदेश का होना चाहिए, न कि समाजवादी पार्टी के हुकूमत की तरह ही कुछ विशेष जिले व खास क्षेत्र का ही हो।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और इसीलिए देश के हित एवं विकास के लिए यहाँ हर प्रकार की अमनचौन, सुख-शान्ति और अच्छी कानून-व्यवस्था बहुत जरूरी है, किन्तु इन सब मामले में राज्य सरकार काफी कुछ फेल ही साबित होती हुई नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि हिरासत में हत्यायें तथा अपराधियों में खुलेआम टकराव व सनसनीखेज हत्याओं आदि ने लोगों में दहशत व असुरक्षा पैदा कर दी है जिससे अपराध नियंत्रण के सरकारी दावे की पोल खुलती है। बयान के मुताबिक राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में जबरदस्त महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, अशान्ति, तनाव, महिला असुरक्षा एवं उत्पीड़न तथा बिजली-पानी-सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव जैसी दिन-प्रतिदिन की अनवरत विकट समस्याओं से त्रस्त जीवन के प्रति कथित उप्र की भाजपा सरकार की लगातार अनदेखी का संज्ञान लेते हुए मायावती ने कहा कि अपनी इन सब कमियों पर से लोगों का ध्यान बांटने के लिए ही भाजपा एवं इनकी सरकारें जातिवादी, साम्प्रदायिक और धार्मिक विवादों,उन्मादों को जानबूझकर पूरी छूट व शह दे रही हैं, तथा इनके इस प्रकार के स्वार्थपूर्ण व्यवहार के कारण प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की प्रगति भी प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से प्रभावित हो रही है।

# ब्रह्माण्ड की समस्त बीमारियों की अचूक औषधि है योग: डॉ सीडी यादव

- मानसिक और शारीरिक शक्ति बढ़ाने के लिए नियमित योग आवश्यक: डा0 रवीन्द्र यादव
- दिमाग और शरीर को स्वस्थ रखता है योग: डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता
- मोबाइल के अनावश्यक प्रयोग से बचें और ब्रह्म महुर्त में जरूर करें योग: डॉ अंजना दीक्षित




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व योग दिवस के अवसर पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सेमिनार हाल में आयुर्वेदाचार्यों एवं विद्वतजनों ने भावी चिकित्सकों को योग करने के लिए प्रेरित तो किया ही साथ ही योग का अभ्यास भी कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बद्री विशाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 चन्द्रधर यादव ने कहा कि नियमित योग करने से किसी भी पुरानी शारीरिक अथवा मानसिक बीमारी से मुक्ति पाई जा सकती है।

डॉ0 चंद्रधर यादव ने कहा कि योग वह औषधि है जो ब्रह्माण्ड की किसी भी बीमारी को ठीक करने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि नियमित रोग करने से बीमारियां तो समाप्त होती ही हैं। साथ ही मन और चित्त भी शांत रहता है। प्रत्येक वर्ष योग दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है ताकि वे अभ्यास से मानसिक शारीरिक और बौद्धिक स्वास्थ्य को और अधिक बेहतर बना सकें। योग मानव की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाता है और स्वास्थ्य में मदद करता है। कार्यक्रम के अतिथि एवं चिकित्सक डा0 रवीन्द्र यादव ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है। योग वास्तव में मन और आत्मा की अनंत संभावनाओं को प्रकट करने का सबसे सतही पहलू है। उन्होंने कहा कि योग हमें सिखाता है कि किस प्रकार हम अपनी सांसों पर नियंत्रण पाकर अपने शरीर में चमत्कार कर सकते हैं।

प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को 2015 से मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगाचार्य बाबा रामदेव के प्रयासों से आज योग समूचे विश्व में प्रसारित हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग से आपके मस्तिष्क के कार्यों एकाग्रता और स्मृति में सुधार होता है। इसलिए विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से योग करना चाहिए। योग से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है जो दिमाग और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत आवश्यक है। मानसिक तनाव से निबटने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। क्रिया शरीर की विभागाध्यक्ष डॉ0 अंजना दीक्षित ने विद्यार्थियों में बढ़ते मोबाइल प्रेम पर चिन्ता जताते हुए कहा कि आज की पीढ़ी मोबाइल में ज्यादा व्यस्त रहने लगी है जिसका परिणाम यह होता है कि वो मोबाइल चलाते हुए अपनी आंखें और शरीर की उर्जा तो नष्ट कर ही रहे हैं साथ ही सुबह देर से उठकर अपना भविष्य भी अंधकार की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग न करें और जीवन को संयमित बनायें। समय से नींद लें और समय पर उठें। सुबह ताजी हवा में कुछ समय योग अवश्य करें ताकि आपका मन और चित्त शांत रहे और आप एकाग्रता से अध्ययन कर सकें।

योग प्रशिक्षक एवं स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग के प्रवक्ता डॉ0 अरुण कुमार पाण्डेय ने भी योग की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा ऑडीटोरियम में उपस्थित अतिथियों सहित समस्त शिक्षकों गैर शैक्षिक कर्मचारियों तथा भावी चिकित्सकों एवं परास्नातक कोर्स कर रहे चिकित्सकों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर डा0 वीरेन्द्र सिंह यादव, डॉ0 वीएम गुप्ता, डॉ0 शीलू गुप्ता, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, डॉ0 रविशंकर मौर्य, डॉ0 इतिश्री दास, डॉ0 शिवओम दीक्षित, मेजर एसडी सिंह नर्सिंग एवं फार्मेसी कालेज के प्राचार्य डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ0 विकास बाबू, डॉ0 श्वेता यादव, डॉ0 अरिमर्दन सिंह, डॉ0 पंकज शुक्ला, डॉ0 उर्मिला मौर्या, डॉ0 आनन्द बाजपेयी आदि आयुर्वेदाचार्यों के अलावा हॉस्पिटल स्टाफ के ध्रुव यादव, महाविद्यालय के लिपिक बृजेश दीक्षित व एडमीशन सेल के स्टाफ की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

# 113 संगठनों के गठजोड़ से बना संयुक्त युवा मोर्चा, कार्यकारिणी की घोषणा

## रोजगार आंदोलन के जरिए भारतीय राजनीति की दिशा तय करेगा संयुक्त युवा मोर्चा: अनुपम

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

बेरोजगारी के सवाल पर एकजुट देशभर के 113 संगठनों के संयुक्त युवा मोर्चा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। युवा हल्ला बोल के कार्यकारी अध्यक्ष व रोजगार आंदोलन के नेता गोविन्द मिश्रा ने बताया कि कार्यकारिणी की पहली बैठक में तय हुआ कि देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से श्भारत रोजगार संहिताश् यानि भरोसा पर जनमत तैयार किया जाएगा। मोर्चा के कई घटकों ने विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों की रिपोर्ट पेश की जिसमे इलाहाबाद, लखनऊ, सोनभद्र, देहरादून, भोपाल, सुपौल बैठकों की चर्चा हुई। गोविन्द मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी का मुख्य काम देशभर में शिक्षा रोजगार जैसे अहम मुद्दों पर अलग अलग काम कर रहे संगठनों को एकजुट करना होगा। बीते 3 अप्रैल को देश की राजधानी दिल्ली में श्युवा हल्ला बोलश् संस्थापक अनुपम की पहल पर देश भर के 113 संगठनों के प्रतिनिधियों की अहम बैठक हुई थी। बैठक में अर्थशास्त्री संतोष मेहरोत्रा और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष रहे अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने भी शिरकत किया। आम सहमति बनी कि देश में बेरोजगारी रुपी आपदा से लड़ने के लिए एक संयुक्त युवा मोर्चा का गठन हो। 4 अप्रैल को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर युवा नेता अनुपम ने संयुक्त युवा मोर्चा के गठन की घोषणा की थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण, देश के पूर्व सूचना आयुक्त यशोवर्धन आजाद समेत जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु से मोर्चा के नेता भी शामिल रहे।श्संयुक्त युवा मोर्चाश् के द्वारा पारित प्रस्ताव के जरिए कहा गया था कि बेरोजगारी के गहरे संकट से पीड़ित युवाओं को हताशा और निराशा से निकालकर उम्मीद और समाधान की ओर ले जाएंगे। प्रस्ताव में हर वयस्क को अपने घर के नजदीक न्यूनतम आय पर रोजगार का अधिकार, सभी रिक्त सरकारी पदों पर समयबद्ध भर्ती, स्थायी नौकरियों में संविदाकरण पर रोक और श्मोडानीकरणश् की कुनीति को बंद किए जाने की मांग पर सहमति बनी थी। संयुक्त युवा मोर्चा देशव्यापी रोजगार आंदोलन के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। कई बुद्धिजीवियों का मानना है कि यह युवाओं द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है जो आगे चलकर भारतीय राजनीति की दिशा तय करने की संभावना रखता है। अब समय आ गया है कि वैसी सभी ताकतें जो देश बेचने के खिलाफ है और देश बचाने के पक्ष में है उठ खड़े हों और इस युवा आंदोलन को जमीन तैयार करने में अपनी भूमिका अदा करें। मोर्चा के नेताओं में खुशी है कि इस पहल को इतनी भारी संख्या में युवा समूहों का समर्थन मिल रहा है। संयुक्त युवा मोर्चा का मानना है कि हमारे देश के युवाओं को सरकार से यह श्भरोसाश् चाहिए कि उनके भविष्य के साथ और खिलवाड़ नहीं होगा। यह भरोसा है भारत रोजगार संहिता, जिसके लिए हमें सामूहिक रूप से लड़ना होगा। जनसमुदाय के बीच बदलाव की यह उम्मीद पैदा करने के लिए संभव एकता के साथ जनान्दोलन की जरूरत है। भरोसा को केंद्रित कर व्यापक एकता के लिए साझा संकल्प के साथ संयुक्त प्रयास की जरूरत है।युवा नेता अनुपम ने श्संयुक्त युवा मोर्चाश् के समक्ष मौजूद चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज हमारे सामने एक ऐसा बहुसंख्यकवादी शासन है जो हमारी साझा संस्कृति और लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने पर आमादा है। हम अपने देश को हाथ से निकलने नहीं देंगे, न अपने युवाओं को पीड़ा सहने देगे। हमारे पास चुनौती को सीधे कबूल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रत्येक नागरिक जो इस देश को प्यार करता है, उसे साथ आना होगा और इस देश के करोड़ों युवाओं के अंदर उम्मीद जगाना होगा। हर दौर और युग में, युवा ही प्रत्येक बदलाव के अगले मोर्चे पर रहे हैं। आज भी, एक युवा आंदोलन के अंदर ही देश को सही रास्ते पर लाने और हमारे सपनों का भारत बनाने की क्षमता है।

### ट्रक व पिकअप डाले की भिड़ंत,एक की मौत, 8 लोग घायल

लखनऊ। मलिहाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह ट्रक व पिकअप डाले की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि डाले में सवार आठ लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप डाले के का पिछला हिस्सा अलग होकर पीछे आ रही बाइक पर जा गिरा। जिससे तीन लोग और घायल हो गए। आस पास के लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं, मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे थाना क्षेत्र के नजरनगर के पास ट्रक व डाले की टक्कर हुई। हादसे में मोहज्जीपुर निवासी बेचेलाल (30) की मौके पर मौत हो गई। पिकप डाले में सवार नेहरू, छोटेलाल, शकील, राजेश, लालता व तीन अन्य लोग घायल हो गए।

# अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते मंत्री, मेयर, नगर आयुक्त, पार्षद व अन्य









## खबरें एक नजर में

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एनबीआरआई में योग शिविर का आयोजन

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के अंतर्गत वै.औ.अ.प.-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान एनबीआरआई लखनऊ द्वारा 21,जून को प्रात: 06.00 बजे से 07.00 बजे तक संस्थान के केएन कॉल ब्लाक में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों ने योग के फायदों, योग द्वारा हम अपने शरीर को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं और योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर कैसे हम अपने तन और मन को स्वस्थ रख सकते हैं, की बारीकियों की जानकारी प्रतिभागियों को दी तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। इस शिविर में संस्थान के वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, स्टाफ एवं अन्य लोगों ने इस योग शिविर में भारी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया।

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस

लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में शारीरिक शिक्षा विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त तत्वधान में दो दिवसीय योग कार्यशाला के आयोजन द्वारा किया गया।योगाचार्य प्रशांत शुक्ला व उनकी टीम द्वारा हर घर आंगन योग विषय पर कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर शिक्षिकाओं, छात्राओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को संपूर्ण योगाभ्यास कराया व साथ ही हर योग आसनों की महत्व और गुणवत्ता के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में हिंदी विभाग की डॉ. अमिता रानी सिंह ने प्रशांत शुक्ला, अर्चना व टीम का स्वागत परिचय कराया। सर्वप्रथम सांसों को नियंत्रित करने के योगाभ्यास से शुरुआत हुई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन योगाचार्य द्वारा शासन द्वारा निर्गत योग प्रोटोकोल वाले आसन करवाए गए, उसकी महत्ता को बताया गया . विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई व विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला के अंत में योगाचार्य प्रशांत शुक्ल ने घुटनों कई सारे परेशानियों से बचने हेतु 12 आसन बताये। छात्राओं के लिए निम्न प्रतियोगिताएं करवाई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिया यादव बी. ए. सेमेस्टर 6 को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर का पुरस्कार मिलाबेस्ट योगा आसन प्रतियोगिता मेंप्रथम स्थान-कोमल शर्मा बी. एस. सी. सेमेस्टर 2, द्वितीय स्थान-समीक्षा सोनी बी. कॉम. सेमेस्टर 6,तृतीय स्थान-तनुजा कांडपाल, बी. एस. सी. सेमेस्टर 4,सांत्वना पुरस्कार-प्रतिभा बी. ए. सेमेस्टर 2योगा पर आधारित लघु फिल्म प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-आस्था त्रिपाठी बी. एड. सेमेस्टर 4, द्वितीय स्थान-प्रियंका गुप्ता सेमेस्टर 4,तृतीय स्थान-वंशिका श्रीवास्तव, बी.एस.सी. सेमेस्टर 4 ,सांत्वना पुरस्कार-दीपिका कुमारी, बी. ए. सेमेस्टर 4 ने प्राप्त किया।

### मंत्री सुरेश कुमार खन्ना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेजीडेंसी में योग शिविर में शामिल हुए

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेजीडेंसी लखनऊ में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान योग के विभिन्न आसनों को किया और लोगों को योग के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 21 जून को भारत सहित पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहा है। योग हमारे मन मस्तिष्क आत्मा और शरीर को सभी तरीके से प्रभावित करता है। योग के द्वारा मन मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जो लोग नियमित योग करते हैं, वे इस एहसास को भलीभांति महसूस कर सकते हैं। योग की विधा भारत की महर्षि पतंजलि की देन है। भारत में दुनिया को अर्थशास्त्र, जीरो, 1 से 9 तक के अंक, आयुर्वेद, व्याकरण आदि बहुत कुछ दिया है। योग भी भारत की विश्व को बहुमूल्य देन है।

## मदरसों की बदली तस्वीर, लगे योग शिविर

### मदरसे के छात्र इच्छानुसार विषय का कर सकेंगे चुनाव

- उत्तर प्रदेश के 900 मदरसों में आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की तरफसे योग शिविर का आयोजन किया गया

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



योग दिवस के अवसर पर शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड में स्थित मदरसे में पार्षद शिवम उपाध्याय व प्रतिनिधि दीपक तिवारी ने मदरसे के छात्रों के साथ योग किया व योग से फायदों की जानकारी

एक हाथ में कंप्यूटर एक हाथ में कुरान का सपना पूरा करने वाली मोदी सरकार के बाद उत्तर प्रदेश की यूपी सरकार मदरसों की तस्वीर को बदलने के सपना पूरा करते नजर आ रही है। मोदी सरकार ने 1 हाथ में कम्प्यूटर दूसरे हाथ में कुरान की बात का सपना पूरा किया। उसके बाद अब उत्तर प्रदेश की यूपी सरकार ने भी सभी विषयों की पढ़ाई के साथ उत्तर प्रदेश के मदरसों में योग अभ्यास भी शुरू करा दिया है। नवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश दुनिया में योग शिविर लगा के युग की शुरुआत किया गया था। वहीं उत्तर प्रदेश में भी एक अलग तस्वीर देखने को मिली। उत्तर प्रदेश के 900 मदरसों में आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की तरफ से योग शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें तमाम छात्रों ने मदरसों में जहाँ पर दिनी तालीम लेते हैं वहीं दूसरी ओर यूरोप करते नजर आए छात्र उत्तर प्रदेश की यूपी सरकार ने हमेशा से मदरसों की तस्वीर बदलने की बात कही थी, जिसे अब योगी सरकार हकघेकघ्त में बदलती नजर आ रही है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास देने वाली भाजपा सरकार अब सभी का साथ सबका विकास करती नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश में न केवल सरकारी स्कूलों की बल्कि मदरसों के भी अब तस्वीरें बदलने लगी है। अल्पसंख्यक राज्यमंत्री दानिश आजाद की मानें तो जहाँ पहले की सरकारों में बात करें तो उत्तर प्रदेश के मदरसों में सिर्फदिनी तालीम दी जाती थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की यूपी सरकार ने अब इस छवि को बदल दिया है। मदरसों के बच्चे भी अपनी कघ्स्मित का फैसला खुद कर सकते हैं। उनको क्या पढ़ना है क्या बनना है ये कोई और नहीं तय करेगा यह खघ्द वो तय करेंगे। मदरसों के बच्चों को सिर्फ मौलवी नहीं बनना है। बड़ी बड़ी दाढ़ी और टोपी वाले लड़के नहीं होना है। उत्तर प्रदेश के मदरसे के बच्चे अपनी क्षमता से अपने विषय को चुन सकते हैं। वह अंग्रेजी भी पढ़ेंगे वो हिंदी भी पड़ेंगे कम्प्यूटर भी चलायेंगे। दिनी तालीम भी हासिल करेंगे। मदरसों के बच्चों का भविष्य सुनहरा होगा और उनके साथ हमेशा मोदी और योगी खड़े हैं खड़े रहेंगे क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है और उत्तर प्रदेश में योगी उपयोगी है।अल्पसंख्यक राज्यमंत्री दानिश आजाद ने कहा कि जिलों दिनी तालीम के नाम पे मदरसों का शोषण करते रहते थे।

## नमामि गंगे और जलापूर्ति विभाग द्वारा यूपी के हर गांव में मनाया गया योग दिवस

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सुबह यूपी के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग सा नजारा देखने को मिला। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत गांव-गांव में बनी पानी टंकियों के परिसर, प्रोजक्ट परिसर, ग्राम पंचायत परिसरों में ग्रामीण योगाभ्यास करते देखे गए। उनके साथ ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, जल निगम के अधिकारी और ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं के सदस्य भी शामिल थे। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश पर बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर प्रदेश के 50 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर राजधानी में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मिनी स्टेडियम, गंगागंज गोसाईंगंज पहुंचकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जल शक्ति मंत्री के साथ जल निगम के अधिकारी, डीपीएमयू के सदस्य, प्रशिक्षण दे रहीं संस्थाओं के सदस्य, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान ने योगाभ्यास किया। उन्होंने योग की जीवन में महत्ता की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में आ रहे बदलाव के बारे में लोगों को जानकारी दी। प्रदेश की 95 हजार से अधिक जल समितियों को गांव-गांव में योगाभ्यास कार्यक्रम कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनपद बहराइच में डीएम की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने योगभ्यास किया। झांसी, हमीरपुर, बांदा, मिजार्पुर, शामली, गोंडा, बलिया, शाहजहांपुर, मथुरा, मऊ समेत सभी जिलों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।

## फीनिक्स यूनाइटेड में शॉपर्स के लिए हुआ इंटरनेशनल योगा डे और वर्ल्ड म्यूजिक डे पर विशेष आयोजन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊ ने 21 जून को विश्व योग दिवस और विश्व संगीत दिवस के अवसर पर अपने शॉपर्स के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। फीनिक्स यूनाइटेड लखनऊवासियों के लिए बेस्ट फैमिली डेस्टिनेशन मॉल्स की श्रेणी में सबसे लोकप्रिय शॉपिंग मॉल है। इस विशेष आयोजन के लिए मॉल प्रबंधन ने श्री श्री स्कूल ऑफ योगा से दो योग प्रशिक्षिकाओं श्रीमती सरिता त्रिपाठी और श्रीमती तृप्ति बहुखंडी को आमंत्रित किया। प्रशिक्षिकाओं ने शॉपर्स को मन और शरीर के बीच एक स्वस्थ संतुलन हासिल करने के लिए योग की विभिन्न मुद्राएं सिखाईं। इस आयोजन पर सम्मिलित हुए सभी लोगों की सुविधा के लिए फीनिक्स यूनाइटेड मॉल की तरफ से योगा मैट दिए गए। बुधवार को हो वर्ल्ड म्यूजिक डे के अवसर पर मॉल में शाम को इंटरनेशनल म्यूजिक पर आधारित संगीत का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कलाकारों ने शॉपर्स के लिए खास प्रस्तुति दी।फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने कहा, 卐शहर में शॉपिंग, एंटरटेनमेंट और डाइनिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान के रूप में पुरस्कृत होने के बाद, यह हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसे महत्वपूर्ण अवसरों पर आयोजन कर अपने शॉपर्स को उनमें शामिल करते रहें। इसी को ध्यान में रखते हुए, हमने अपने शॉपर्स के साथ इंटरनेशनल योगा डे और वर्ल्ड म्यूजिक डे का दोहरा जश्न मनाया। जहां योग हमें उचित शारीरिक मुद्रा प्राप्त करने में मदद करता है, तो संगीत हमारी आत्माओं को ऊर्जा प्रदान कर हमें आध्यात्मिकता और शांति की गहरी भावना प्राप्त करने में मदद करता है।卐

## एनडीए के मुकाबले पीडीए को उतारेंगे अखिलेश

- अखिलेश यादव ने बताया पीडीए का असली अर्थ
- दलगत राजनीति से उठकर सबको जुड़ने का वक्त
- राजनीति में न ईगो की जगह न क्रोध की

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को पराजित कर सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दल एकजुटता पर जोर दें रहे है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए के अर्थ को लेकर कहा पीडीए मतलब पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक है। अखिलेश यादव एनडीए के मुकाबिल पीडीए उतारना चाहते हैं।23 जून को बिहार के पटना में नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों की मीटिंग बुलाई है। विपक्षी बैठक में 15 पार्टियों के शामिल होने की बात कही जा रही है। बैठक में बीजेपी को लोकसभा चुनाव में हारने को लेकर रणनीति पर चर्चा हो सकती है।अखिलेश यादव ने आज बुधवार को ट्वीट कर कहा,पीडीए मूलरूप से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक के शोषण, उत्पीड़न व उपेक्षा के खिलाफ उठती हुई चेतना और समान अनुभूति से जन्मी उस एकता का नाम है, जिसमें हर वर्ग के वे सब लोग भी शामिल है, जो मानवता के आधार पर नाइंसाफी के खिलाफ है। अखिलेश ने भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों को संदेश दिया कि समय आ गया है कि विपक्षी पार्टियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सब पीडीए से जुड़ें। खयाल अच्छा है ,मगर धरातल पर उतरने के लिए समन्वयक की भूमिका में आना होगा। 1977 में जेपी जैसी शख्सियत थी जिसने खुद को किसी पद या लोभ के अगुवाई की और कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। स्वयं आयरन लेडी इंदिरा गांधी को पराजित होना पड़ा था। आज फिर जरूरत एक अदद श्जेपीश् जैसी लीडरशिप की आ पड़ी है। राजनीति में न श्ईगोश् के लिए जगह है न क्रोध खातिर स्थान। दोनों बीमारियों से इतर कुछ विपक्ष सोचे तो बात अलग हो सकती है।

## 26 व 27 जून को आयोजित होगी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा परीक्षा

# परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा को बहुत ही कड़े निर्देशों के साथ संपन्न कराया जाए। और इस परीक्षा में किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना होने पाए। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली 10:00 से 12:00 तक एवं द्वितीय पाली 3:00 से 5:00 तक छात्र/छात्राओं के उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा है कि उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में परीक्षा देने हेतु आने वाले छात्र/छात्राओं को बैठने की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, ट्राफिक आदि की



व्यवस्थाओं में कहीं भी कोई समस्या न होने पाये। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। आगामी 26,व 27 जून,2023 को आयोजित होने वाले उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, कुल 40512 छात्र/छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे, 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, उपजिलाधिकारी सदर गोंडा कुलदीप सिंह, मनकापुर आकाश सिंह तथा करनैलगंज हीरालाल, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, एलबीएस पीजी कॉलेज प्राचार्य रवीन्द्र कुमार पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, प्रधानाचार्य गांधी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी मेजर राजेश कुमार द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्वोत्तर रेलवे गोंडा अपने कर्मचारियों को कैंप के माध्यम से जारी करेगा उम्मीद कार्ड

**समृद्धि, न्यूज गोंडा।**

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल अपने रेलवे कर्मियों एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के मेडिकल कार्ड बनाने के लिए मण्डल के गोंडा रेलवे स्टेशन पर संबंधित कार्मिक निरीक्षक की उपस्थिति में निर्धारित तिथि पर कैंप का आयोजन करेगा।

रेल विभाग द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि गोंडा जंकशन पर सहायक मण्डल इंजीनियर कार्यालय में 5 जुलाई 2023 को दोपहर 11 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। जिसमें रेलवे अपने कार्यरत कर्मचारियों को सुगमता पूर्वक विभिन्न सेवा हेतु उम्मीद कार्ड जारी करेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कार्ड प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित रेल कर्मी को स्वयं का परिचय पत्र या पर्यवेक्षक द्वारा प्रमाणित फोटो वा अन्य निर्धारित अभिलेखों के साथ जिस मोबाइल नंबर पर उम्मीद कार्ड रजिस्टर्ड कराना हो उस नम्बर के साथ कैंप में उपस्थिति होना आवस्यक होगा।

## खबरें एक नजर में

### आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश सीटू जिला इकाई गोंडा के पदाधिकारियों द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी गोंडा से वार्ता किया गया और मांग पत्र सौंपा। जिसका नेतृत्व आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मीनाक्षी खरे ने किया। वार्ता में प्रमुख रूप से जनपद के सभी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को समान रूप से प्रोत्साहन राशि, ग्रेच्युटी, मृत कार्यकत्रियों को बीमा का पैसा दिलाने सहित सहायिकाओं के प्रमोशन में आयु सीमा 50 वर्ष तथा कोटा 50ल तत्काल लागू किए जाने पर चर्चा किया जाय। वहीं जिला महामंत्री नीलम श्रीवास्तव ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर कोटेदारों द्वारा जनपद भर में चावल उपलब्ध कराने के लिए बिलंबिता पर सवाल उठाया। यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुन्नी सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों की रंगाई पुताई सात सज्जा की सामग्री उपलब्ध कराए जाने की बात कही। यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला ने जनपद भर में कार्यकत्री, सहायिकाओं के स्थानीय उत्पीड़न और राशन वितरण में पारदर्शिता लाने व आंगनबाड़ी केंद्रों से प्री प्राइमरी पास कर चुके बच्चों को प्राइमरी पाठशाला में नामांकन कराने के लिए परियोजनाओं में कार्यकत्री सहायिका मुख्य सेविका सीडीपीओ के बीच सामंजस्य बनाकर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ तत्काल सभी परियोजनाओं में बैठक कराने की मांग किया। आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने एक स्वर से अपील करते हुए कहा यूनियन द्वारा 11 बिंदुओं पर दिए गए मांग पत्र पर अगर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक निराकरण करके यूनियन को वार्ता पत्र नहीं दिया गया तो 10 जुलाई को आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश जिला इकाई गोंडा जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर जिला मंत्री नीलम श्रीवास्तव, संरक्षक लल्लन सिंह, मंडल अध्यक्ष रानी देवी पाल, गिरजावती जिला उपाध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। वार्ता के समय डीपीओ मनोज कुमार सीडीपीओ धर्मेंद्र कुमार गौतम उपस्थित रहे।

### लाइनमैन के मनमानी कार्यशैली की हुई शिकायत

- कर्मचारी की लापरवाही व तानाशाही की वजह से उपभोक्ता त्रस्त

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** तहसील मुख्यालय स्थित पावर हाउस में कार्यरत एक लाइनमैन के मनमानी कार्यशैली से त्रस्त होकर उपभोक्ताओं ने आनलाईन शिकायत की है। मामला पावर हाउस करनैलगंज में तैनात एक कर्मचारी से जुड़ा है। जिसकी वजह से विद्युत उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में रात्रि बितानी पड़ी। कस्बा कर्नलगंज के मोहल्ला सदर बाजार के करीब आधा दर्जन उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन शिकायत किया है,जिसमे आरोप है कि बीते 16 जून की रात्रि मोहल्ले में एक फेस नहीं आ रहा था जिस पर पॉवर हाउस के सीयूजी पर शिकायत की गई तो रात्रि में ड्यूटी पर लगे कर्मचारी सर्वेश कुमार का नम्बर दिया गया जिस पर फोन करने पर उक्त कर्मचारी ने कहा कि मैं इतना ड्यूटी नही कर पाऊंगा। मेरी शिकायत जहां करनी हो कर दो कोई फर्क नहीं पड़ता,क्या होगा ज्यादा से ज्यादा मेरा ट्रांसफर हो सकता है। यदि मेरा ट्रांसफर हो जाये तो मैं पार्टी दूँगा। जिसकी रिकॉर्डिंग भी शिकायत कर्ता के पास उपलब्ध है जिसे आवश्यकता पड़ने पर अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। मालूम हो कि कर्मचारी की इस लापरवाही व तानाशाही की वजह से उपभोक्ताओं के परिवार के बड़े बूढ़े व बच्चों को उमस भरी गर्मी में पूरी रात्रि कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है। उपभोक्ताओं के सुबह फोन करने पर एसएसओ ने बताया कि 10 बजे कर्मचारियों के आने के बाद ही सही कराया जाएगा। शिकायती पत्र पर मोहम्मद नसीम,सिद्दीक,अली हुसैन,वसीम,अंसार व जहीर आदि कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

### खाद छोड़कर फरार हुए तस्कर, अज्ञात पर केस दर्ज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत नेपाल सीमा पर कृषि विभाग की टीम ने एसएसबी जवानों के साथ जांच की। जांच के दौरान नेपाल ले जाई जा रही 21 बोरी भारतीय खाद को बरामद कर उसे सीज कर दिया है। कृषि विभाग ने जबकि तस्करों के विरुद्ध मोतीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं तस्कर मौके से फरार हो गए ।जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि भारतीय बाजारों से खाद की तस्करी होने की सूचना मिली। जिस पर उप जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, एसएसबी के एसआई ठाकुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, विजय काले, छविनाथ, राजीव कुमार, राहुल कुमार, राठौर बाबूराव की टीम ने मोतीपूर थाना क्षेत्र के भादा नदी के पास जांच की। जांच के दौरान 21 बोरी खाद बरामद की गई। जिसमें एक बोरी डीएपी और 20 बोरी यूरिया है। जबकि एसएसबी जवानों को देखकर तस्कर फरार हो गए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बरामद खाद को सीज कर जब्त कर लिया गया है। जबकि अज्ञात खाद तस्कर के विरुद्ध मोतीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा गोरखपुर रेल मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग 245 स्पेशल मनकापुर के पश्चिम तरफ अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची मनकापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। मृत महिला के पास मौके पर कुछ दवाएं भी मिली हैं।

मनकापुर कस्बा चौकी प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतका 55 वर्ष उम्र की लग रही है।मृतका लाल रंग का साड़ी और ब्लाउज पेटिकोट पहन रखा है। पैरों में पायल भी है। जिससे देखने में ऐसा लगता है कि मृतका रेलवे ट्रैक को समझ नहीं पाई और पार करने के दौरान दोनो ट्रेक पर ट्रेन आने से यह हादसा हो गया।

## योग करने से मन और तन दोनों रहेंगे स्वस्थ : डीएम



- मण्डलायुक्त, डीएम, एसपी व सीडीओ ने 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया योगाभ्यास
- सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए : मंडलायुक्त

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोल्डेनफेरी गोंडा में भव्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ आयुक्त देवीपाटन मंडल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मंडलायुक्त ने कहा कि योग करना सेहत के लिए काफी लाभदायक है सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। साथ ही जिलाधिकारी ने भी योग को अपनाकर मन और तन को बेहतर बनाने के विषय में लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक सुधांशु मिश्र ने वहां पर उपस्थित सभी लोगों को स्टेपवार योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास में जनपद के सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। उन्होंने कहा कि योग साधना किसी व्यक्ति विशेष के लिए नही बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकृति का उपहार है।

इसी प्रकार जनपद सभी तहसील मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय पर सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास किया। ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आयुष विभाग के यूनानी अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ल सहित विभाग के सभी कर्मचारीगण, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एपी सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अरुण कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित योग दिवस कार्यक्रम में सभी समस्त विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण, शिक्षक/शिक्षिकाएं व स्काउट गाइड, एन0सी0सी के छात्र/छात्रांए आदि भारी संख्या में उपस्थित रहकर योगाभ्यास किया।

## निर्माणाधीन राजकीय पॉलीटेक्निक भिरवा का डीएम ने किया निरीक्षण

- निर्माण कार्य की कच्छप गति पर जतायी नाराज़गी
- कार्यों को समय से पूर्ण कराए जाने के दिये निर्देश



**बहराइच समृद्धि, न्यूज।**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने 18.21 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन राजकीय पॉलीटेक्निक भिरवा महसी का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति सुस्त पाये जाने तथा आवश्यकतानुसार मानव संसाधन उपलब्ध न होने पर निर्देश दिया कि मैन पावर को बढ़ा कर कार्य को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाय। कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्य की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था के प्रति कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अनारम्भ कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के अवर अभि. रजनीश आर्य ने बताया कि प्रशासनिक भवन का निर्माण, टाइल्स, कोटा, विद्युत वायरिंग का कार्य पूर्ण है। भवन के प्लाटर का कार्य प्रगति पर है। वर्कशाप में सिविल व पिद्युत कार्य पूरा हो गया है। जबकि सेनेटरी फिटिंग व पेन्टिंग का कार्य अवशेष है। अवर अभियन्ता ने प्रधानाचार्य आवास, टाइप-4, 3 एवं 2 आवास, पम्परूम, सब स्टेशन व मीटर रूम, गार्ड रूम, ट्यूबवेल, बाउण्ड्रीवाल, मेन गेट, आन्तरिक रोड, वाटर लाइन, स्टोर वाटर ड्रेन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ओवर हेड टैंक इत्यादि के निर्माण कार्य प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी तेजवापुर अजय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

### डॉ. ए.पी.जी. अब्दुल कलाम अमृत सरोवर का डीएम ने किया निरीक्षण

विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम तेजवापुर में निर्मित डॉ.ए.पी.जी. अब्दुल कलाम अमृत सरोवर तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्माणाधीन ए.एन.एम. सेन्टर एवं ग्राम पंचायत द्वारा निर्माणाधीन ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सरोवर के चारों ओर पौधरोपण कराकर इस स्थान को आर्कषक बनाएं जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सरोवर के निरीक्षण के दौरान सरोवर की स्टेप की नाप भी करायी तथा निर्माण में प्रयुक्त हुई ईंट, मसाले के सैम्पल भी कलेक्ट कराया। जबकि ए.एन.एम. सेन्टर एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा गुणवत्ता की जांच हेतु लैब सैम्पुलिंग टेस्ट हेतु निर्माण कार्य में प्रयुक्त की गई सामग्री के नमूने को भी एकत्र करवाया। इस अवसर पर बीडीओ तेजवापुर अजय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

### डीएम ने तेजवापुर ब्लाक का किया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय तेजवापुर का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का रख-रखाव, कार्यालय भवन एवं कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। कार्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीडीओ, एडीओ, लेखाकार, मनरेगा, एनआरएलएम कक्षों सहित ब्लाक सभागार का निरीक्षण किया। ब्लाक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मनरेगा, आवासीय योजनाओं, अमृत सरोवरों के निर्माण के प्रगति, निरीक्षण पुस्तिका तथा जनता दर्शन पंजिका इत्यादि का अवलोकन करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मीटिंग हाल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने ब्लाक परिसर की विद्युत आपूर्ति हेतु सोलर पैनल की स्थापना कराये जाने तथा मीटिंग हाल को वीडियों कांफ्रेंसिंग सुविधा से आच्छादित कराये जाने के निर्देश दिया। एनआरएलएम अन्तर्गत गठित समूहों की क्रियाशीलता के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि ब्लाक व सीएचसी में समूह के माध्यम से कैण्टीन संचालित कराकर श्रीअन्न उपत्पादों के व्यंजनों को बढ़ावा दिया जाय। डीएम ने ब्लाक परिसर में निर्मित आवासीय भवनों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए परिसर में उपलब्ध भूमि पर पौधरोपण करा कर परिसर को हरा भरा बनाएं रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण करते हुए प्रभारी सीडीपीओ शशिरानी सिंह से तैनात कर्मचारियों, विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। गोदाम का निरीक्षण कर डीएम ने रिफाइण्ड, दलिया व दाल इत्यादि पुष्टाहार सामग्री की गुणवत्ता को परखते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने सीडीपीओं को निर्देश दिया कि लक्षित वर्ग को मानक के अनुसार पुष्टाहार का वितरण सुनिश्चित कराया जाय। इससे पूर्व ब्लाक मुख्यालय पहुंचने पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय व बीडीओ अजय प्रताप सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डीएम का स्वागत किया।

## शिक्षकों के 10 की जगह 20 प्रतिशत तक हों तबादले, जल्द मिले प्रमोशन

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए कार्यालय तक पैदल मार्च कर सौंपा 22 सूत्रीय मांगपत्र
- निराकरण न होने पर दी धरने की चेतावनी



**बहराइच समृद्धि, न्यूज।**

बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित 22 सूत्री मांगपत्र का ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में शिक्षको के प्रतिनिधि मंडल द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उ.प्र. प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उ.प्र. को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी के माध्यम से दिया गया। इस मौके पर डॉयट प्राचार्य उदय राज भी मौजूद रहे। संगठन के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया कि वर्तमान में जनपद में पिछले पांच साल से भी अधिक समय से शिक्षकों के तबादले नही हुए हैं, अत: गतिमान अन्तर्जनपदीय स्थानांतरण में ट्रांसफर की संख्या का प्रतिशत 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने की मांग प्रमुखता से की गयी। इसके साथ ही ज्ञापन में वीडियो कॉल/वायस कॉल के माध्यम से ऑनलाइन निरीक्षण पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन बहाली, 2004 बैच के शिक्षकों को केंद्र की भांति पेंशन मेमोरेण्डम जारी कर पुरानी पेंशन का लाभ देने, प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति के मुद्दे पर शीघ्र निर्णय लेने, राज्य कर्मियों की भांति नि:शुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए समेत 22 सूत्रीय बिन्दुओ पर आवश्यक विभागीय कार्यवाही करने की मांग की। इस मौके जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र व जिला संघर्ष समिति संयोजक पंकज वर्मा की संयुक्त अगुआई में संगठन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों शिक्षक पैदल मार्च कर बीएसए कार्यालय पहुंचे तथा समस्याओं के सम्बंध में बीएसए बहराइच को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। जिला महामन्त्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने चेतावनी देकर कहा कि शिक्षकों की जरूरी मांगों को विभाग द्वारा काफी लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा है, जो कि कतई स्वीकार्य नही है। शांतिपूर्वक ढंग से मांगी जा रही मांग पूरी न होने की स्थिति में संगठन के बैनर तले शिक्षक शिक्षिकाएं बीएसए कार्यालय के सामने धरने पर बैठने को विवश होंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ल, जिला संयुक्तमहामंत्री विनोद त्रिपाठी, जिला संयुक्तमंत्री विपिन सिंह, उपाध्यक्ष रुपाली शरण श्रीवास्तव, शिव शंकर पाठक, आसिफ खान, राघवेंद्र सिंह, धनंजय पाण्डेय, प्रतिमा पाण्डेय, राजेश मिश्र, धर्मेंद्र सिंह राठौर, उमेश कुमार सिंह, अरविंद शर्मा, बृजेश प्रताप चौधरी, सूर्यप्रताप जायसवाल, महेंद्र प्रताप सिंह, मो. तारिक, विनोद कुमार तथा पंकज मौर्य सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में मारपीट में जमकर चले धारदार हथियार, केस दर्ज

- मारपीट में महिलाओं समेत आठ घायल




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला मंसूरगंज मोहल्ले में मंगलवार को रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में लाठी डंडे के साथ धारदार हथियार चले। जिसमें महिलाओं समेत आठ घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस रंजिश में मारपीट की बात कह रही है। दरगाह थाना अंतर्गत मंसूरगंज मोहल्ले में मंगलवार शाम को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। लाठी डंडे के साथ लोगों ने धारदार हथियार से हमला किया। मारपीट में एक पक्ष से गुड्डू उर्फ मोहर्रम अली, पत्नी नूर जहां, पुत्र फैसल समेत चार लोग घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से आरिफ, मेराज, बहादुर, मुन्नी पत्नी अख्तर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा भी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए। उधर आरिफ पक्ष के लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल के सामने सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर जाम खत्म करवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुरानी रंजिश में मारपीट की वारदात हुई है। एक पक्ष से तहरीर दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## 'हर घर आंगन योग' की थीम पर मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

- आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन है योग : अजय
- योग दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विश्व दिवस के अवसर पर सेवा भारती द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी में किया गया। इस उपस्थित लोगों द्वारा योग, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन ,अर्ध कटिचक्रासन, नौकासन, गोमुखासन, सिंहासन ,प्राणायाम किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अजय ने कहा कि भारत की प्राचीनतम ज्ञान पद्धति योग को आज भारत ही नहीं पूरा विश्व ने अपनाया है और आज योग दिवस के रूप में पूरा विश्व मना रहा है। योग भारत की प्राचीनतम संस्कृति है भगवान शिव आदि योगी है। उन्होंने कहा कि योग आत्मा से परमात्मा को जोड़ने का साधन है योग के द्वारा हम अपने शरीर पर नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के अंदर बीमार लोगों की संख्या बढ़ रही है इसका एकमात्र समाधान है कि हमें अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करनी पड़ेगी और योय विद्या को अपनाना पड़ेगा ।उन्होंने कहा कि जब भारत का नागरिक स्वस्थ रहेगा तो हमारे राष्ट्र की समृद्धि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को योग के प्रति लोगों को प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम में नगर संघचालक डॉ गोविंद शेखर, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, सेवा भारती के विभागाध्यक्ष इंद्र बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, नगर कार्यवाह रमेश, नगर प्रचारक दौलत, ध्यान मग्न, मिथिलेश ,प्रबंधक राम नारायण पांडे, प्रधानाचार्य रवि शुक्ल, जिला प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ,अर्जुन कुमार, दिलीप, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, इंद्रेश श्रीवास्तव, शशांक सिन्हा, दीनदयाल पाठक, जितेंद्र बाजपाई, ओम प्रकाश सक्सेना, दिनेश त्रिपाठी, नारायण दत्त आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### ख़राब मौसम के बाद भी डीएम के साथ जनप्रतिनिधि व जनपदवासियों ने किया योग

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद जिले में 15 जून 2023 से प्रारम्भ हुए योग सप्ताह अन्तर्गत 03 लाख से अधिक लोगों की सहभागिता के लिए शान्तिप्रिय जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थाओं, सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, स्वयं सेवी व समाजसेवी संस्थाओं, गणमान्य व संभ्रान्तजनों, उद्यमियों एवं व्यापारियों, धर्मगुरूओं, प्रबुद्धजनों, युवक-युवतियों तथा छात्र-छात्राओं व आमजन का आभार ज्ञापित किया। डीएम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बेहतर समन्वय के लिए नोडल विभाग आयुष तथा बेहतर सहयोग के लिए बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा तथा आईसीडीएस के प्रयासों को सराहा। जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पवित्र मोहन त्रिपाठी, सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल व अन्य अतिथियों के साथ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डीएम ने अन्य अधिकारियों के साथ ओडीओपी अन्तर्गत निर्मित कलाकृति व शमी का पौध तथा अन्य अतिथियों को शमी का पौध भेंट कर स्वागत किया।

### पुलिसकर्मियों ने किया योग

जिले के पुलिस लाइन में परिसर में एसपी प्रशांत वर्मा ने पुलिस कर्मियों के साथ योग किया तो वहीं सभी थानों पर भी योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सभी पुलिस कर्मियों ने योग किया।

### हथिनी जयमाला और चंपाकली ने भी वन कर्मियों के साथ किया योगासन

जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में बुधवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर वन कर्मी योगाभ्यास कर रहे थे। पास में ही हथिनी जयमाला और चंपाकली भी मौजूद थी। वन कर्मियों को योग करते देख हथिनी भी योगासन करने लगी। इससे वन अधिकारी काफी खुश दिखे ।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में गेरुआ नदी के तट पर बने परिसर में बुधवार को योग दिवस पर वन कर्मी एकत्रित हुए। सभी योग करने लगे। पास में ही हथिनी जयमाला और चंपाकली अपने महावत के साथ मौजूद थी। वन कर्मियों के द्वारा किए जा रहे योग के विभिन्न आसन देख कर हथिनी भी पैर और सूंड उठाकर योग करने लगे। यह देख वन कर्मी भी हैरत में पड़ गए। हथिनी द्वारा किए गए योग के अभ्यास का वीडियो डीएफओ आकाशदीप वधावन ने अपने ट्विटर पर लगाया है। साथ ही लोगों से योग में शामिल होने की बात कही।

# जिलेभर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

- उद्यान मंत्री व जिलाधिकारी ने 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग
- राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने डॉ. रवि प्रताप सिंह को योग गुरु की उपाधि दी
- योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर करें योग



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नवम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ''योगोत्सव'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह व जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनमानस ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योगासन की विभिन्न मुद्राओं के जरिये जनपद वासियो को स्वास्थ्य और निरोगी रहने का व आरोग्य जीवन मूल मंत्र व आरोग्य स्वास्थ्य के टिप्स व संदेश दिये गये।

### मंत्री ने पौराणिक एवं वैदिक पद्धति योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

उद्यान मंत्री ने दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासों से पौराणिक एवं वैदिक पद्धति योग को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल पाई है। जिसके फलस्वरूप आज भारत के साथ-साथ पूरा विश्व के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर रहें है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हम सभी आभारी हैं, जिन्होंने भारतीय ऋषि परंपरा के उपहार योग को न केवल भारत में, बल्कि दुनिया में प्रतिष्ठित किया है। उद्यान मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि आज योग प्रत्येक घर में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योग करने व्यक्ति निरोग रहता है और लम्बे समय तक जीवित रहता है। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अपील किया कि योग को सिर्फ एक विशेष दिन के लिए ही न किया जाय बल्कि योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें। आज के समय प्रत्येक व्यक्ति के लिए योग करना जरूरी है।

### जो करेगा योग, वह रहेगा निरोग : जिलाधिकारी



जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने आमजन से आवाहन किया कि वह योग को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन कम से कम आधा घंटा आवश्यक रूप से योग करना चाहिए और कहां कि योग करने से मनुष्य स्वस्थ व निरोग रहता है। उन्होंने कहा कि योग करने से हम स्वयं व अपने आसपास के लोगों को व समाज को स्वस्थ व निरोग बना पाएंगे और वसुदेव कुटुंबकम की परिकल्पना को साकार कर पाएंगे। उन्होंने सभी को नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जो करेगा योग, वह रहेगा निरोग। योग को सहजता, सरलता व सजगता के साथ करना चाहिए। योग के लिए समय की कोई पाबंदी नहीं है।



## प्रभात साहू की अगुवाई मे सैकड़ों लोगों ने किया योग

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मे चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू ने सैकड़ों लोगों के साथ किया योग। पतंजलि जिला प्रभारी मनीष धीमान ने लोगों को योगासन कर योगा अभ्यास करवाया। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहां आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त विश्व योग कर रहा है योग से शरीर निरोग रहता है और हम बीमारियों से बचते हैं तथा शरीर और मन दोनों शुद्ध होता है आज योग से करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है और वह बीमारियों से बच रहे हैं इसलिए हमें नियमित रूप से योग करते रहना चाहिए। नगर पंचायत परिसर में सैकड़ों लोगों के साथ चेयरमैन प्रतिनिधि ने योग किया । इस मौके पर पतंजलि के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष मौर्य बीजेपी नेता सुनील मौर्य पतंजलि के जितेंद्र धीमान श्रवण कुमार राम चंद्र बाबू जमुना प्रसाद सभासद कमलेश कुशमेश जमुना विधायक मुस्ताक राइनी उषा त्रिपाठी विनीत वैश्य धर्मेंद्र वर्मा रामकुमार यादव नूरुल हसन शिवकुमार हलीम सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने योग किया।

## खबरें एक नजर में

### मुस्लिम युवक ने नाम बदलकर महिला को प्रेमजाल मे फंसाया

- पीड़ित महिला परिजनों के साथ पहुंची पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिले में लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है मुस्लिम युवक ने नाम बदलकर महिला को प्रेम जाल में फंसा कर किया यौन शोषण पीड़ित महिला ने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के 1 गांव का है यहां की रहने वाली महिला को मुस्लिम युवक जमील ने शैलेंद्र बनकर अपने प्रेम जाल में फंसाया और मुझसे शारीरिक संबंध बनाए व दबाव बनाने पर शादी के लिए तैयार होने पर जब वह कोर्ट मैरिज के लिए कोर्ट पहुंचा तो उसने अपना हस्ताक्षर शैलेंद्र के नाम से ना करके जमील के नाम से किया जिसका मैंने विरोध किया तो शैलेंद्र उर्फ जमील ने जबरदस्ती साइन करवा कर बोलेरो में बैठाकर शहर कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर पर एक कमरे में ले जाकर मेरे साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया वही जब पूरे मामले की शिकायत लेकर पीड़ित का परिवार थाना मिल एरिया पहुंचा तो उसकी थाने पर भी सुनवाई नहीं हुई और थक हार कर आज पीड़िता अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है जहां पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार को अपनी आपबीती सुनाई फिलहाल पूरे मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक क्या कार्यवाही करते है यह तो आने वाला समय ही तय करेगा

### गढ़ेवा पुल के वैकल्पिक खड़न्जा मार्ग का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के गढ़ेवा गांव के सामने गंगा नदी पर बने पुल की अप्रोच रोड दो वर्ष पूर्व बह जाने के बाद दो माह पूर्व वैकल्पिक रूप से अप्रोच रोड के बगल में बनाए गए खडंजा मार्ग का एसडीएम ने निरीक्षण किया। साथ में मौजूद पीडब्ल्यूडी के जेई अखिलेश को संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के निर्देश दिए। बीघापुर तहसील क्षेत्र के कटरी क्षेत्र को कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर सिकटिया पुरवा के सामने जोड़ने वाले गंगा पुल तक पहुंचने के लिए गढ़ेवा से पुल के बीच बनी अप्रोच रोड 2 वर्ष पूर्व बह गई थी। लंबे समय बाद अप्रोच रोड के बगल में खेतों से वैकल्पिक रूप से खडंजा मार्ग बना दिया गया था जिससे पिछले 2 माह से लोग आवागमन कर रहे थे। एसडीएम रनवीर सिंह ने दोपहर गढ़ेवा स्थित गंगापुल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से बातचीत की तथा कटान रोकने के लिए डाले जा रहे बोल्डर की जानकारी भी ली। एसडीएम रनवीर सिंह ने मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अखिलेश को गढ़ेवा से लेकर पुल तक पहुंचने से पूर्व बनी दो छोटी पुलिया भी बाढ़ के प्रभाव से बची रहे। इसके लिए दोनों पुलियों की तरफ किसी प्रकार गंगा का संभावित कटान रोकने के लिए बोल्डर लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधानपति बैजनाथ लोधी, समाजसेवी प्रदीप शुक्ला, गोलू अवस्थी, उमाशंकर लोधी अरदली विजय मौजूद रहे।

### पिता ने गांव के तीन लोगों पर पुत्री के साथ छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव सेढ़वा दूलीखेडा निवासी दिनेश कुमार पुत्र सूर्यबली ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही 3 लोगों के ऊपर खेत देखने गई पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। वही पुलिस ने जांच में मामले को पूरी तरह फर्जी वह मनगढ़ंत बताया। सेढ़वा निवासी दिनेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बुधवार सुबह 8.30 बजे के लगभग उसकी पुत्री खेतों में खड़ी चारे की फसल देखने गई हुई थी तभी गांव के ही विशाल व आशीष पुत्र रामेंद्र सिंह तथा राणा सिंह पुत्र जगन्नाथ ने पुत्री के साथ गाली गलौज करते हुए अश्लील हरकतें की। वही खेत में खड़ी फसल के बीच में पुत्री को घसीटने का प्रयास किया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष अरविंद सिंह रघुवंशी ने बताया कि दिनेश कुमार द्वारा दी गई तहरीर पेशबंदी में दी गई है। 15 जून की रात 2 बजे नामित लोगों के घर में आग लगी थी जिसमें दिनेश कुमार के विरुद्ध तहरीर थी। पूर्व में हुए विवाद को लेकर मामले में विशाल आदि को झूंठा फसाने के लिए मुकदमा की तहरीर दी गई है। मामले में घटनास्थल पर जाकर लोगों से पूंछा गया। मामला गाली गलौज का है छेड़छाड़ के आरोप पूरी तरह निराधार है।

### सर्पदंश से युवती की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव चक निवासी वीरेंद्र सिंह की 23 वर्षीय पुत्री धौरहरा शिवानी को सुबह जहरीले सर्प ने डस लिया जिसके चलते उसकी मौत हो गई। चक धौरहरा निवासी शिवानी सुबह जैसी ही सोकर के उठी, नीचे घूम रहे काले सर्प पर पैर पड़ गया जिससे सर्प ने उसे डस लिया। परिजन आनन-फानन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीघापुर ले गया। जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही युवती की मौत हो गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पिता बिरेंद्र सिंह ने बताया कि पुत्री का पैर सर्प के उपर पड़ जाने से सर्प ने डस लिया। पड़ोस के लोगो ने घर में मौजूद काले सर्प को पकड़ा।

## करें योग, रहे निरोग का दिया संदेश

**बछरांवा रायबरेली**



19 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दयानंद पीजी कॉलेज ,थाना बछरावां , नगर पंचायत कार्यालय , रफी अहमद किदवई समता इंटर कॉलेज व सरस्वती शिशु मंदिर सहित हजारों लोगों ने अपने घरों में भी योग किया। बछरावां दयानंद पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट अंजलि एवं प्रिया द्वारा योग कराया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राम लाल अकेला थे। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित योग शिविर में दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री मोहशिन रज़ा ने शिरकत की। इस अवसर पर नगरपंचायत अध्यक्ष रामजी सहित दर्जनों बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। थाना परिसर में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार राय सहित समस्त स्टाफ ने योग दिवस के दिन योग किया। थानाध्यक्ष ने बताया योग हमारे तन व मन के स्वास्थ्य के लिये बहुत जरूरी है , हर व्यक्ति को कम से कम 10 मिनट हर रोज़ योग जरूर करना चाहिये।

## आरेडिका में चमका योग का सूरज

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के गोमती क्रीडांगन में विशाल योगशिविर का आयोजन महाप्रबंधक श्री पी.के.मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम की थीम ''वसुधैव कुटुम्वकम् के लिए योग'' है तथा समर्पित शब्द हर आंगन योग रहा।

आरेडिका महाप्रबंधक ने समस्त रेलकर्मियों तथा उनके परिवारजनों को योग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि धरती पर मानव ने एक से बढ़कर एक चमत्कार किए हैं एवं प्रत्येक रहस्य से पर्दा उठाया है। इन्ही खोजों में से एक योग है। जिसके यम, नियम और प्राणायाम आदि के माध्यम से अन्दर आने वाली और बाहर जाने वाली श्वासों के बीच समयांतर को बढाते हैं जिससे मानव चेतना शक्ति इतनी सक्रिय एवं जाग्रत हो जाती है कि वह नई-नई चीजों का सृजन करने लगती है। दुनिया की हर वस्तु की खोज के लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है और ज्ञान की खोज के लिए योग की।

योग का उल्लेख हमारे वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों, भारतीयदर्शन तथा बौद्ध और जैन परम्पराओं में मिलता है जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने जीवित रखा। योग भारत द्वारा विश्व को दी गई अनमोल देन है। आज के तनाव एवं भाग-दौड़ भरे जीवन में योग का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि योग से व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहता है।

इस योग शिविर में विशेश्वर प्रसाद, वरिष्ठतकनीशियन /आरेडिका ने योगाचार्य की भूमिका निभाई तथा इस कार्यक्रम को सभी विभागों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

## अनुमानित बजट में सभी प्रस्ताव पास

- शासन के मंशा अनुसार ही होंगे सभी कार्य : रईस अंसारी

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को नगरपालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष रईस अंसारी की अध्यक्षता में 2023-24 का अनुमानित बजट उन्तालिस करोड़ अट्ठाम्बे लाख इक्कीस हज़ार के काम पर मुहर लग गयी

बैठक में सण्डीला नगर के विकास के लिए प्रत्येक वार्डो में 20 लाख अध्यक्ष व 20 लाख सदस्य द्वारा विकास कार्य, पथ प्रकाश सामग्री,जलकल सामग्री,सफाई उपकरण की खरीददारी का प्रस्ताव पास किया गया। नगर के लिए 100 अद्द इंडिया मार्का हैण्डपम्प, शीतल पेयजल के लिए 100 वाटर कूलर व 100 नग सोलर वाटर स्टोरेज सिस्टम पर प्रस्ताव भी पारित हुआ तो वही स्ट्रीट लाइट 300 पोल 90 वाट का प्रस्ताव भी पास हुआ एजेंडा के बिंदु नम्बर 9 में सीमांत तालाबों के सौंदर्य करण व बिंदु 10 में शवदाह गृह की स्थापना व कब्रिस्तान को सुव्यवस्थित किये जाने पर मंजूरी हो गयी। तो वही सभी वार्डो के सभासद ने अपने अपने वार्ड के लिए बात कही जिमसें वार्ड 10 की सभासद तारा जबी ने अपने वार्ड की सड़कों को मरम्मत कराने की मांग,वार्ड 14 के सभासद शमीम सिद्दीकी ने शहर में आवारा पशुओं की बंद किये जाने की मांग की ,वार्ड 15 के सभासद ने बड़े कुँए की सौंदर्य करण की मांग की वार्ड 9 से सभासद अजय द्विवेदी ने अपने वार्ड में सीवर लाइन एवं पार्क के साथ कई अन्य मांगों को रखा वार्ड 18 के सभासद एड0 अमन सिंह धार्मिक स्थलों की साफ सफाई व धार्मिक स्थलों के पास नालियों पर जाल रखाने की मांग की,वार्ड 16 से सभासद आफताब ने अपने वार्ड पुलिया को ऊची बनवाने के लिए अपनी बात कही तो वार्ड 07 काशीराम कालोनी से जीते जुबैर अंसारी ने कालोनी की सफाई के लिए बात रखी तो वार्ड 21 के सभासद हाफिज ने अपने वार्ड को 20 साल पीछे बता पालिका अध्यक्ष से वार्ड को सुसज्जित बनाने के लिए कहा वार्ड 22 के सभासद ने उनके वार्ड में लगे बीच सड़क के खम्बो के हटाने व शहर से बंदरों को हटवाने की मांग की पालिकाध्यक्ष रईस अंसारी ने एजेंडे के 11 नम्बर बिन्दू के अन्य विषय मे सभी का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। रईस अंसारी ने कहा कि हम सरकार की मंशा के अनुसार ही काम करेंगे उन्होंने बताया पालिका में और डेड बॉडी के लिये 2 फ्रीज़र ,अम्बेडकर पार्क के लिए एक गेट,भगवान बुद्ध की मूर्ति का अनावरण,किले का गेट मंदिर के गेट के सौंदर्य करण व पानी के टैंकर के लिए बताया कि शादी-विवाह में उसकी रसीद 600 रुपये भवन निर्माण में 1600 रुपये होगी जोकि भवन निर्माण में पहले 800 रुपये की रसीद कटती थी। बैठक में सभी सभासदो ने अपने वार्ड के सौंदर्य करण व रोडो की मरम्मत की बात की। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद सण्डीला विजेता गुप्ता,एकाउंटेंट परवेज़ खा व समस्त पालिका स्टॉफ मौजूद रहा

## सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न




**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

तहसील लालगंज में बुधवार को सीडीओ पूजा यादव की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न हुआ। किसान दिवस में कृषि विभाग,नाबार्ड, सिंचाई विभाग,बिद्युत विभाग,वन विभाग, नलकूप विभाग आदि के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को जहां अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी वही किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी आह्वान किया । सीडीओ पूजा यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेतों में कुछ बदलाव करके फसल उगायें । पेड़ पौधौ व पशुपालन के जरिए किसान अपनी आय बढ़ा सकते है।लघु उद्योग, कुटीर उद्योग आदि लगाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है इसके लिए ऋण लेने की भी सुविधा उपलब्ध है।नहरों में पानी आये ,इस बावत जल्द प्रयास किया जायेगा।यदि किसी भी किसान को कोई दिक्कत उत्पन्न होती है तो सम्बन्धित विभाग में सम्पर्क कर सकता है। सीडीओ ने किसान सम्मान निधि के बाबत जानकारी देते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को किसानों की समस्या का निराकरण त्वरित गति से करने के लिए निर्देशित किया। जिला कृषि अधिकारी रविचन्द्र प्रकाश ने मोटे अनाज के विषय में बताकर किसानों को फसल उगाने के लिए प्रेरित किया।

## मामा-भांजी की मौत से दो गांवों में छाया मातम

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार रात मे कानपुर लालगंज हाईवे से निकल रहे बाईपास के निकट डंपर की टक्कर से मामा भांजी की मौत हो गई थी और महिला सहित एक बालिका घायल भी हुई थी। सेमर पहा गांव के सुधीर माली मंगलवार की रात अपनी चचेरी बहन कोमल को उसकी ससुराल सरेनी के धूरेमऊ गांव छोड़ने जा रहे थे ।बाइक पर कोमल के अलावा उसकी बेटी तृषा और तन्वी भी बैठी थी। तभी धन्नीपुर गांव के निकट सामने से आए डंपर ने टक्कर मार दी थी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही सुधीर और उसकी भांजी तृषा की मौत हो गई थी। कोमल और उसकी पुत्री तनवी को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। लालगंज पुलिस ने मामा भांजी के शव का पोस्टमार्टम करा कर उनके पार्थिव शरीर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों मृतकों के शव जैसे ही उनके घर पहुंचे, गांव में चीख-पुकार मच गई। देर शाम उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

## भाकियू अम्बवता गुट ने निकाला जुलूस

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अम्बवता गुट के मंडल अध्यक्ष नसीर खान के नेतृत्व में किसानों की समस्या को लेकर जुलूस निकाला गया। जिसमे किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में आवारा जानवरो की समस्या व माकुम कुआ पर पड़े कूड़े की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। जुलूस में अल्पसंख्यक अध्यक्ष गुफरान सिद्दीकी,मीडिया अमान खान आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के अशर्फाबाद गांव निवासी पूर्व प्रधान अवध नरेश सिंह की मौत से क्षेत्र में पसरा मातम। पिछले काफी समय से डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित अवध नरेश अस्वस्थ चल रहे थे 20 तारीख को शाम को अचानक उनकी मौत होने से ग्रामीणों सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जैसे यह सूचना ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को हुई शोक संवेदना प्रकट करने वालों का उनके आवास पर तांता लग गया वही उनका अंतिम संस्कार डलमऊ गंगा घाट पर विधि विधान के साथ किया गया अवध नरेश सिंह पुत्र स्वर्गवासी पूर्व प्रधान केदार सिंह उम्र 60 वर्ष डायबिटीज की बीमारी के चलते निधन हो गया। अवध नरेश अशर्फाबाद के निवासी थे और पहरावा ग्राम पंचायत के दो बार ग्राम प्रधान भी रहे हैं इनके पिता केदार सिंह ने भी ग्राम प्रधान की एक लंबी पारी खेली थी राजनीति में इन्हें विरासत में मिली थी। इनके बारे में कहा जाता है कि जब कोई भी इनके पास किसी कार्य के लिए जाता था उसके कार्य के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देते थे यहां तक कि अधिकारियों और कर्मचारियों से भी भिड़ने मे कतराते नहीं थे।

## करोड़ो बेकार : टीनशेड के अभाव में बारिश के बीच हो रहा शवो का अन्तिम संस्कार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद गंगाघाट के अंतर्गत मिश्रा कॉलोनी के शमशान घाट के अंत्येष्टि स्थल पर लगे पुराने टीनशेड को पालिका ने करीब 7 माह पूर्व जीर्णोद्धार के लिए हटवाया था। मगर अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। वही बुधवार को अंत्येष्टि में आये लोगों ने मजबूर होकर तेज बारिश में ही अंतिम संस्कार किया। अंत्येष्टि में आये लोगों ने बताया कि यहां शमशान घाट पर टीनशेड नहीं है, जिससे तेज बारिश में अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। बता दे कि शमशान घाट की स्थिति बहुत ही खराब है। उक्त घाट पर अव्यवस्थाओं का अम्बार है। टीनशेड ना होने से खुले में तेज बारिश के चलते अंत्येष्टि करने आए लोगों को विवश होना पड़ रहा है। मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पर नगर तथा आसपास के जनपदों से भी अंतिम संस्कार करने के लिए लोग आते हैं। वही अब उक्त श्मशान घाट पर अव्यवस्था होने से अंत्येष्टि के लिए लोग दूसरे घाटों का रुख करने लगे है। वहीं जब उक्त विषय पर नगर पालिका ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पर जल्द ही टीनशेड लगने का कार्य शुरू हो जाएगा।

## विश्व योग दिवस पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**





विश्व योग दिवस के अवसर पर शहर के नार्मल स्कूल में सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष, आनन्द अवस्थी, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि भानु मिश्रा के साथ शहर के सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास किया। वहीं जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने कब्बाखेड़ा स्थित अरोरा रिसार्ट में आयोजित योग शिविर में अधिकारियो के साथ योगाभ्यास किया। जबकि शिक्षण संस्थानो सहित स्वयंसेवी संस्थाओ द्वारा जगह-जगह योग शिविर आयोजित कर विश्व योग दिवस मनाया गया। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय के केन्द्रीय सभागार एवं जिला कारागार उन्नाव में योग शिविर का आयोजन अपर जिला जज/सचिव मनीष निगम की अध्यक्षता में योगगुरु देवनाथ शुक्ला व अमरीश वर्मा के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रातः 6.30 बजे किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी जिला जज श्रीमती अल्पना सक्सेना, न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, लीगल ऐड डिफेंस काउन्सिल के अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक, पैनल अधिवक्ता, जिला कारागार के समस्त कर्मचारीगण व बंदी उपस्थित रहे। शुक्लागंज के आनंद घाट पर हर घर आंगन थीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर पालिका गंगाघाट की ओर से योगगुरु राजेश गुप्ता ने लोगों को योगाभ्यास कराया और विभिन्न योगासनों के लाभ भी बताए। योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में कोविड प्रोटोकाल के अनुसार योग की सभी क्रियाओं को कराया गया। इस मौके पर ईओ मुकेश मिश्रा, अनूप शुक्ला, संदीप पांडे, कौमुदी पांडे आदि रहे। थाना परिसर अचलगंज योग प्रोटोकॉल का अभ्यास योग शिक्षक डॉक्टर बिंदे स्वरूप यादव व योग शिक्षिका भूमी तिवारी ने योग अभ्यास कराया। इस अवसर पर कपालभाति अनुलोम विलोम, सीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम का योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अचलगंज प्रशांत दिवेदी ने बताया योग विद्या को कई लोग परमात्मा और आत्मा के मिलन से जोड़ कर देखते हैं। योग शिक्षिका भूमी तिवारी ने ताड़ासन, हलासन और पवनमुक्तासन, भुजंगासन, सवासन का योगाभ्यास कराया।

# रिश्तों में गर्मजोशी

वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार अमेरिका का दौरा कर चुके हैं, लेकिन इस बार उनकी यात्रा कई मायनों में खासी महत्वपूर्ण है। दुनिया में तेजी से बदलते कूटनीतिक समीकरणों के बीच यदि अमेरिका भारत को इतनी अहमियत दे रहा है तो जाहिर है जरूर उसके गहरे निहितार्थ हैं। कहा भी जाता है कि मूलतः कारोबारी राष्ट्र अमेरिका की नीतियां अमेरिकी हितों से शुरू होकर अमेरिकी हितों पर खत्म हो जाती हैं। इस यात्रा के मूल में जहां दोनों देशों के बीच होने वाले बड़े रक्षा व अन्य समझौते हैं, वहीं हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत दुनिया के तमाम देशों में चीन की बढ़ती आक्रामकता पर नकेल लगाना भी है। इसी वजह से यह यात्रा खास हो जाती है। पहली बार नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति जो बाइडन के बुलावे पर अमेरिका जा रहे हैं और उनकी यात्रा को स्टेट विजिट का दर्जा प्रदान किया गया है। यह सम्मान स्वतंत्र भारत में अब तक दो ही प्रधानमंत्रियों को मिल सका है। अमेरिका केवल उन्हीं देशों को यह सम्मान देता है जिनके साथ उसे कूटनीतिक हित नजर आते हैं। कुल मिलाकर दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय रिश्तों में एक नये युग की शुरुआत हो रही है। मंगलवार को शुरू हुई प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर कहा जा रहा है कि इससे दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। आर्थिक पंडित मान रहे हैं कि भारत से बड़े आर्थिक समझौतों से खस्ता हाल दौर से गुजर रही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्राणवायु मिलेगी। उम्मीद है यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच फाइटर जेट इंजन व ड्रोन खरीद समझौते को मूर्त रूप मिलेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि फाइटर जेट इंजन भारत में बनाने का समझौता होने की बात है। कहीं न कहीं भारत की कोशिश है कि रूसी सैन्य सामान पर निर्भरता कम की जाये। खासकर उन लड़ाकू प्रशिक्षण विमानों का विकल्प तलाशने की कोशिश है, जो आये दिन दुर्घटना का शिकार होकर जनधन की हानि पहुंचा रहे हैं। दरअसल, दुनिया में नंबर वन की शक्ति बनने को आतुर चीन आज अमेरिका हेतु वास्तविक चुनौती बन गया है। उसके रूस से गहरे होते रिश्ते व मध्यपूर्व व अफ्रीकी देशों में उसकी बढ़ती कूटनीतिक दखल ने अमेरिका के सुपरपावर रुतबे को चुनौती दी है। ऐसे में चीन की जड़ पर स्थित भारत के अलावा कोई अन्य बड़ा देश अमेरिकी कूटनीतिक हितों के करीब नहीं हो सकता। तभी भारत को चीन के खिलाफ बने अमेरिका, जापान व आस्ट्रेलिया के गठबंधन वाले संगठन क्वाड में तरजीह दी गई। वहीं दूसरे सामरिक गठबंधन आई2यू2 में भी भारत की भूमिका तय हुई है। दरअसल, अमेरिका समेत ये देश चीन की आक्रमकता को लेकर चिंतित हैं। समुद्र में चीन के लगातार बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिये अमेरिका अब प्रशांत सागर को हिंद प्रशांत कहकर संबोधित करता है। ताकि इस क्षेत्र की बड़ी शक्तियां मिलकर चीन से मिल रही चुनौती का सामना कर सकें। वहीं दोनों देश चीन के आर्थिक साम्राज्य को चुनौती देने के लिये उस पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां अमेरिका विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र हैं, वहीं भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत की श्रमशक्ति अमेरिका के लिये भी खासी मददगार हो सकती है। उदार लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों देशों के आपसी संबंधों को सींचते हैं। यही वजह है कि यूक्रेन युद्ध में भारत की स्वतंत्र भूमिका को लेकर असहज अमेरिका ने कुछ बातों को नजरअंदाज करते हुए दोनों देशों के संबंधों को परवान चढ़ाया है। दरअसल, अमेरिका दबाव के बावजूद भारत ने अपने पुराने मित्र रूस की निंदा नहीं की थी। एक तरह से अमेरिका ने भारत की संप्रभुता का सम्मान ही किया है। कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की यह सम्मानजक अमेरिका यात्रा विश्व कूटनीतिक परिदृश्य में भारत की ताकत को बढ़ाने वाली ही है। महत्वपूर्ण यह भी कि मोदी अमेरिका की संसद को संबोधित करेंगे और स्वयं राष्ट्रपति जो बाइडन उनकी मेजबानी करेंगे।

# प्रधानमंत्री की अमेरिकी स्टेट विजिट पर पूरी दुनिया की निगाहें

संजीव ठाकुर

**इतिहास गवाह है कि 1998 में ऑपरेशन शक्ति के तहत भारत ने अमेरिका के सेटेलाइट को चकमा देकर पोखरण में दूसरा परमाणु परीक्षण किया था जिसके फ्लस्वरूप अमेरिका ने भारत पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे। उसके पश्चात तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश जूनियर के बीच एक महत्वपूर्ण परमाणु सौदा हुआ था जिसके अंतर्गत भारत और शक्तिशाली देशों में शामिल हुआ था जिसके पास परमाणु शक्ति थीस इसी तारतम्य में 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ एक रणनीतिक साझेदारी भी हुई थी जिससे भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए थे। 2020 में भारत अमेरिका के संबंधों का एक नवीन सोपान शुरू हुआ था जिसमें भारत के प्रधानमंत्री का स्वागत डोनाल्ड ट्रंप ने ह्यूस्टन में किया था जहां 50,000 से ज्यादा लोग शामिल हुए थेस प्रधानमंत्री की 21 से 24 जून 23 तक की यात्रा में भारत तथा अमेरिका के बीच कई समझौता होने की संभावना दिखाई दे रही है। भारत अमेरिका के साथ जेट इंजन के निर्माण में टेक्नोलॉजी स्थानांतरण का समझौता करेगा यह समझौता एक अरब डॉलर का होगास इसके अलावा भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका में एक्सपर्ट विशेषज्ञ से भी चर्चा करेंगे जिनमें वीजा की संख्या में बढ़ोतरी और उस पर सरलीकरण पर चर्चा होगी इसके अलावा भारत और अमेरिकी सरकार के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखलंदाजी पर नियंत्रण रखने हेतु नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच वन टू वन चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में ही मई में अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की अनेक तारीफ कर उनसे गले लग कर उनसे ऑटोग्राफ चाहने की भी पेशकश की थी। ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्र प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बॉस कहा था। उपरोक्त उदाहरण दर्शाते हैं कि भारत की विदेश नीति के नए आयाम स्थापित हुए है।**

अमेरिका का भारत के साथ संबंधों का इतिहास बहुत मधुर नहीं रहा है पर अब लगता है कि अमेरिकी संबंधों की विश्वसनीयता की धूल धीरे धीरे हटने लगी हैस पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री मोदी के भारत में सत्ता में आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपतियों बराक ओबामा, डोनाल्ड ट्रंप, और अब जो बायडेन से अच्छे संबंधों के चलते भारत और अमेरिका काफी नजदीक आ गए हैं और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3 दिन की अमेरिकी स्टेट विजिट से अमेरिका तथा भारत के संबंधों से संदेह के बादल हटने लगे हैंस इस यात्रा से भारत और अमेरिका की मित्रता एक नई ऊंचाई तथा सोपान को मूर्त रूप देने में कामयाब होने की काफी आशाएं हैंस प्रधानमंत्री ने वहां की आधिकारिक प्रेस वार्ता में स्पष्ट कर दिया है कि भारत टठस्थ तो है पर वह शांति का पक्षधर हैस भारत और अमेरिका के बीच 5 सूत्रों में डायलॉग होंगे जो मुख्यतः स्वास्थ्य सेवाओं, नवीन ऊर्जा, शिक्षा तथा रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित होंगेस उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भी प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के आमंत्रण पर न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय के समक्ष हजारों की भीड़ में योग अभ्यास करेंगे और इसमें लगभग 180 देश शामिल होने की संभावना है भारतीय सनातन परंपरा की धरोहर योग विद्या का अवधान भारत विश्व को प्रदान करेगा उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 22 जून 1917 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था और इसके अंतर्गत पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। यह भारत सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। इतिहास गवाह है कि 1998 में ऑपरेशन शक्ति के तहत भारत ने अमेरिका के सेटेलाइट को चकमा देकर पोखरण में दूसरा परमाणु परीक्षण किया था जिसके फलस्वरूप अमेरिका ने भारत पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे। उसके पश्चात तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश जूनियर के बीच एक महत्वपूर्ण परमाणु सौदा हुआ था जिसके अंतर्गत भारत और शक्तिशाली देशों में शामिल हुआ था जिसके पास परमाणु शक्ति थीस इसी तारतम्य में 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ एक रणनीतिक साझेदारी भी हुई थी जिससे भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए थे। 2020 में भारत अमेरिका के संबंधों का एक नवीन सोपान शुरू हुआ था जिसमें भारत के प्रधानमंत्री



का स्वागत डोनाल्ड ट्रंप ने ह्यूस्टन में किया था जहां 50,000 से ज्यादा लोग शामिल हुए थेस प्रधानमंत्री की 21 से 24 जून 23 तक की यात्रा में भारत तथा अमेरिका के बीच कई समझौता होने की संभावना दिखाई दे रही है। भारत अमेरिका के साथ जेट इंजन के निर्माण में टेक्नोलॉजी स्थानांतरण का समझौता करेगा यह समझौता एक अरब डॉलर का होगास इसके अलावा भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका में एक्सपर्ट विशेषज्ञ से भी चर्चा करेंगे जिनमें वीजा की संख्या में बढ़ोतरी और उस पर सरलीकरण पर चर्चा होगी इसके अलावा भारत और अमेरिकी सरकार के बीच हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखलंदाजी पर नियंत्रण रखने हेतु नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच वन टू वन चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में ही मई में अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की अनेक तारीफ कर उनसे गले लग कर उनसे ऑटोग्राफ चाहने की भी पेशकश की थी। ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्र प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बॉस कहा था। उपरोक्त उदाहरण दर्शाते हैं कि भारत की विदेश नीति के नए आयाम स्थापित हुए है।

भारत के प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे को लेकर अमेरिका में उत्साह को दृष्टिगत रखते हुए भारत को एक उभरती हुई महाशक्ति होने का प्रमाण देती है। पिछले कई वर्षों से भारत चीन के साथ सबसे बड़े व्यापारिक संबंध थे लेकिन भारतीय तथा चीन सीमा पर भारी विवाद के कारण भारत ने चीन के साथ व्यापार बंद कर अब अमेरिका के साथ सबसे बड़ी व्यापारिक साझेदारी की हैस भारत के साथ रूस के व्यापारिक संबंध धीरे-धीरे काम हुए हैं रूस से व्यापार संबंध म 67ः से कम होकर 45ः ही रह गए हैं जबकि अमेरिका तथा भारत के बीच व्यापारिक संबंध काफी हद तक विस्तार पा चुके हैंस प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से व्यापारिक तथा रक्षा उपकरणों के समन्वयक व्यापारों की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। यह बात ध्यान देने योग्य है कि भारत की रूस तथा यूक्रेन के साथ युद्ध में तटस्थ भूमिका को पूरी दुनिया ने प्रशंसा की दृष्टि से देखकर काफी तारीफ की है और यही कारण है कि भारत और अमेरिका इस मुद्दे को लेकर नजदीक आए हैं। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा भारत अमेरिकी संबंधों को व्यापार रक्षा स्वास्थ्य शिक्षा और अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापित करने में कितनी मददगार साबित होगी यह तो भविष्य बताएगा पर भारत को अपने परंपरागत मित्र रूस को किन्हीं भी शर्तों में नाराज नहीं करना होगा क्योंकि भारत को रूस ने चीन तथा पाकिस्तान के युद्ध में भारत के पक्ष में बहुत ज्यादा मदद की थी। अमेरिका से समझौतों के अलावा अब भारत को अमेरिका के पुराने ट्रैक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए एक सुरक्षित दूरी रखनी होगी तब जाकर ही भारत एक तटस्थ देश साबित और स्थापित होगा।

## विचार

# मणिपुर पर मौन

मणिपुर हाई कोर्ट ने सोमवार 19 जून को 27 मार्च को दिए अपने विवादित आदेश में संशोधन के लिए दायर पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया है। इस आदेश में मणिपुर हाई कोर्ट ने सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने के लिए कहा था। 27 मार्च को आए इस फैसले के बाद से राज्य में अशांति का माहौल बनना शुरु हुआ। 3 मई से हिंसा भड़कने लगी और अब हालात ऐसे हैं कि अलग-अलग इलाकों में भड़की हिंसा में सौ से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। 60 हजार से अधिक लोग घर छोड़कर जाने को मजबूर हो गए। कई मासूम लोग कानूनी शिकंजे में फंस गए। हाईकोर्ट के आदेश पर दायर पुनर्विचार याचिका पर अब पांच जुलाई को अगली सुनवाई होगी। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को पांच जुलाई से पहले जवाब दाखिल करने के लिए भी कहा है। दोनों जगहों पर भाजपा की सरकार है और वो क्या जवाब दाखिल करती है, और क्या उस जवाब से राज्य के हालात संभालने में कोई मदद मिलती है, ये देखना होगा। अभी ये देखना दुखद है कि भारत का एक राज्य 50 दिनों से अधिक वक्त से लगातार अस्थिरता, तनाव और हिंसा में जी रहा है, लेकिन सत्तारुढ़ दल अब भी अपने 9 साल पूरा होने का जश्न या प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा को भुनाने में लगी है। क्या घर के एक हिस्से में आग लगी हो, तो बाकी हिस्सों में चैन से बैठा जा सकता है। खेद यह है कि भारत में इस वक्त ऐसे ही चैन का आलम देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका जाने से पहले अपने मन की बात के 102वें एपिसोड को जारी किया। पिछले 9 सालों का सिलसिला किसी भी कारण से टूटना नहीं चाहिए, इसलिए अमेरिका यात्रा से पहले मोदीजी ने मन की बात कर ली। जब कोरोना, गलवान, पुलवामा किसी वजह से मन की बात नहीं रुकी, तो फिर मणिपुर पर भी क्यों रुकती। श्री मोदी ने न केवल मन की बात की, बल्कि उसमें कांग्रेस को कोसने का क्रम भी नहीं टूटने दिया। जून का महीना वैसे भी आपातकाल का विलाप करने का बना दिया गया है। लिहाजा मोदीजी ने भी मन की बात में आपातकाल की याद कर ली। लेकिन मणिपुर उन्हें तब भी याद नहीं आया, जो आपातकाल, द्रोहकाल, हिंसाकाल सब एक साथ सहन कर रहा है। इस बार मणिपुर की आम जनता ने जिस तरह मन की बात का विरोध किया, उसे देखकर समझा जा सकता है कि वहां त्रासदी कितनी अधिक बढ़ चुकी है। लोगों ने मणिपुर में कई जगह रेडियो तोड़कर मन की बात का विरोध किया। सड़क किनारे एक कतार में खड़े होकर पोस्टर लहराए, जिन पर लिखा था मैं मन की बात का विरोध करता हूं नो टू मन की बात, यस टू मणिपुर की बात और मिस्टर पीएम मोदी, नो मोर ड्रामा एट मन की बात। श्री मोदी के प्रचार से वक्त निकाल कर भाजपा को थोड़ा ध्यान इन प्रदर्शनों पर भी देना चाहिए, जो आम जनता की पीड़ा को दिखा रहे हैं।

कांग्रेस ने तो पहले ही इस बारे में सवाल उठाए कि मोदीजी मन की बात करते हैं, मणिपुर की बात क्यों नहीं करते। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ट्वीट में कहा था, नरेंद्र मोदी जी, आपके मन की बात में पहले मणिपुर की बात शामिल होनी चाहिए थी, लेकिन व्यर्थ। सीमावर्ती राज्य में स्थिति अनिश्चित और बेहद परेशान करने वाली है। आपने एक शब्द नहीं बोला। आपने एक भी बैठक की अध्यक्षता नहीं की है। आप अभी तक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से नहीं मिले हैं। ऐसा लगता है कि आपकी सरकार मणिपुर को भारत का हिस्सा नहीं मानती है। यह अस्वीकार्य है। अब कांग्रेस ने मोदीजी की अमेरिका रवाना होने वाली तस्वीर के साथ सुलगते मणिपुर की एक तस्वीर को जोड़कर तंज किया है कि मणिपुर जल रहा है...मैं चला अमेरिका। इस पोस्टर के ट्वीट में कांग्रेस ने लिखा है- जिम्मेदारी से भागने का मेरा पुराना नाता, प्रचार के अलावा मुझे कुछ नहीं आता। इसके साथ ही कांग्रेस ने मोदीजी को अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राजधर्म निभाने की नसीहत भी याद दिलाई है। कांग्रेस के इस हमले के जवाब में भाजपा के भी जवाबी ट्वीट आ ही जाएंगे। राहुल गांधी मंगलवार को विदेश यात्रा से लौट रहे हैं, तो उन पर भाजपा के हमले शुरु हो ही चुके हैं। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया है कि राहुल गांधी विदेश में इतना समय क्यों बिताते हैं, खासकर उनकी यात्राओं का एक बड़ा हिस्सा रहस्य में डूबा हुआ है? उन्होंने कहा कि विदेशी एजेंसियों और भारत के विरोधी समूहों के साथ उनकी गुप्त बैठकों की कई रिपोर्टें इन यात्राओं के उद्देश्य पर और सवाल उठाती हैं। राहुल गांधी इस देश के एक सामान्य नेता हैं, वे किसी पद पर नहीं हैं, उन पर कोई जिम्मेदारी नहीं है, जिसका हिसाब उन्हें देना पड़े। वे अपने खर्च पर जहां चाहे, जैसे चाहे घूम-फिर सकते हैं। फिर भी भाजपा उनकी विदेश यात्रा पर सवाल उठाकर राजनैतिक हिसाब-किताब पूरा करने में लगी है। जबकि अभी भाजपा को जवाब देना चाहिए कि क्यों प्रधानमंत्री मणिपुर को इस तरह अनदेखा कर रहे हैं। यह कितने दुख की बात है कि इस जगह एक महीने में कम से कम तीसरी बार मणिपुर के मसले पर लिखना पड़ रहा है और अब तक यह साफ नहीं हो रहा कि इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति किस विधि से लाई जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने की पहली जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, जो पूरी तरह विफल हो चुकी है। उसके बाद केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन उसके मुखिया इस मुद्दे पर कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। ऐसे में आम जनता किससे उम्मीद बांधे और किस तरह सामान्य जीवन जिए। प्रधानमंत्री अमेरिका में राजकीय अतिथि रहेंगे, कई दिग्गज राजनेताओं, कारोबारियों, बुद्धिजीवियों से मुलाकात करेंगे। उनके दौरे पर दुनिया भर की नजरें रहेंगी और सब ये भी देखेंगे कि जब प्रधानमंत्री विदेश यात्रा पर जा रहे थे, तो अपने देश के हालात को किस तरह उन्होंने अनदेखा किया। क्या इसका अच्छा असर दुनिया पर पड़ेगा, ये भाजपा को सोचना होगा। क्योंकि हर जगह खबर प्रबंधन नहीं किया जा सकता।

साहित्य | झरोखा



# विरह के गीत...

**अनिल मिश्र प्रहरी**

सावन बीता जाये
प्रियतम तुम न आये।
मस्त पवन संग डोले किसलय
ताल-तलैया सागर में लय,
बादल नभ पर छाये
प्रियतम तुम न आये।

कलियों पर है छाई लाली
झूमे बेसुध कोमल डाली,
मधुकर तान सुनाये
प्रियतम तुम न आये।

चूमें धरती चंचल किरणें
महकी हवा लगी मन हरने,
रुत आये रुत जाये
प्रियतम तुम न आये।



सावन की ये काली रातें
गरजे घटा घोर बरसातें,
विरह बहुत तड़पाये
प्रियतम तुम न आये।

सूना आँगन, सूने झूले
जा परदेश पिया तुम भूले,
कजरा बह-बह जाये
प्रियतम तुम न आये।



# राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्टा करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# आपस मे निपटते भारत के दुश्मन

आदित्य नारायण

भारत अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर और कई देशों के साथ द्विपक्षीय बातचीत में आतंकवाद और उसके शरणदाताओं के खिलाफ आवाज बुलंद करता आ रहा है। भारत न केवल पाकिस्तान बल्कि ब्रिटेन, कनाडा, अफगानिस्तान और कुछ अन्य देशों को अपने यहां मोस्ट वांटेड लोगों की सूची सौंपता रहा है, लेकिन इन देशों ने भारत की बातों को कोई ज्यादा तवज्जो नहीं दी। बहुत पुराने मामलों में फंसे कुछ घ्आर्थिक अपराधी ही भारत प्रत्यार्पित किए गए हैं। पाकिस्तान और अफ्गानिस्तान जैसे देशों से तो कोई उम्मीद ही नहीं की जाती क्योंकि वे आतंकवाद की खेती करने में ही व्यस्त हैं।

सारी दुनिया जानती है कि भारत के दुश्मन विदेशों में शरण लिए बैठे हैं और वहां रहकर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने और भारत के दुश्मनों के साथ साठगांठ कर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। विदेशों में बैठकर वे गैंग चला रहे हैं और लगातार हत्याएं करवा रहे हैं। इनका प्रत्यक्ष उदाहरण है पंजाब। जहां फिरौती के घ्लिए हत्याएं एक के बाद एक हिन्दू नेताओं की टारगेट किलिंग, ड्रग्स के व्यापार और अन्य कई अपराधों के तार कनाडा में बैठे राष्ट्र विरोधी तत्वों से जुड़े हैं। एक सनसनीखेज वारदात में प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख और वांछित हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सरी के गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के परिसर की पार्किंग में हरदीप सिंह को गोलियां मार दी गई। निज्जर पंजाब में हुई हिंदू नेताओं की टारगेट किलिंग में वांछित आरोपियों में से एक था। वह पंजाब समेत पूरे भारत में माहौल बिगाड़ने के लिए फंडिंग और हथियारों से पाकिस्तान में बैठे आतंकियों की मदद करता था। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोस्ट वांटेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल था। उस पर एजेंसी ने दस लाख का इनाम घोषित किया हुआ था। हरदीप सिंह निज्जर मूलरूप से पंजाब के जालंधर जिले के फिल्लौर का रहने वाला था, लेकिन 1997 से कनाडा में रह रहा था। उसके परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। वह काफी समय से भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था, लेकिन पंजाब में हुई टारगेट किलिंग में उसकी भूमिका सामने आने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उस पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। इसके बाद उसके खिलाफ चार केस दर्ज थे।

एनआईए की जांच में सामने आया था कि आरोपी आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और अन्य आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए फंडिंग करता था। इसके लिए वह हवाला चौनलों का प्रयोग करता था। उसका कई अन्य आतंकियों से भी गहरा संबंध था।निज्जर से पहले पाकिस्तान, कनाडा और लंदन में भारत के दुश्मन खुद व खुद अपने ही कारणों से निपट चुके हैं।

मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकवादी परमजीत सिंह पंजवड़ की मई महीने में पाकिस्तान के लाहौर में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इसी तरह पाकिस्तान में बैठे हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी



बशीर अहमद पीर उर्फ इम्तियाज आलम की रावलपिंडी में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के गांव का निवासी था और पाकिस्तान में जाकर आतंकवादी सरगनाओं का करीबी बन गया था। इसी साल फरवरी में आतंकवादी एजाज अहमद की काबुल में हत्या कर दी गई थी, जो भारत में आईएस को दुबारा जिन्दा करने के लिए काम कर रहा था।

कनाडा में अमनप्रीत सामरा की हत्या को अभी कुछ दिन ही हुए थे कि लंदन में मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकवादी अवतार सिंह खांडा की कैंसर से मौत हो गई। हालांकि उसकी मौत को लेकर कई सवाल भी उठाए जा रहे हैं और इस तरह की रिपोर्टें भी हैं कि उसे अपने ही दुश्मनों ने जहर देकर मार डाला। पंजाब में दबोचे गए अमृतपाल सिंह के गॉडफादर अवतार सिंह खांडा ने ही लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के ऊपर लगे तिरंगे को उतारने की जुर्रत की थी। भारत कई वर्षों से ब्रिटेन से खांडा को भारत के हवाले करने की मांग कर रहा था।अब सवाल यह है कि भारत के दुश्मनों को उनके अपने ही घ्दुश्मन निपटा रहे हैं या घ्फिर जिन देशों में वे शरण लिए बैठे हैं वहां की एजेंसियां यह सब काम कर रही हैं। गैंगस्टरों और आतंकवादी गिरोह की आपसी दुश्मनियां भी कम नहीं होतीं, इसलिए इनमें गैंगवार चलती रहती है।

खुफिया एजेंसियों की या माफियाओं की यह नीति बहुत पुरानी है कि वे पहले अपने गुर्गे बनाते हैं और उनका इस्तेमाल करके उन्हें खत्म कर देते हैं। अगर भारत इन्हें पकड़ कर ले भी आता तो कानूनी दांवपेचों के चलते कई साल केस चलता और वे कई साल जेलों में बंद रहकर नई साजिशें रचते रहते। कुछ लोग भारतीय खुफिया एजेंसियों और रॉ पर भी संदेह की उंगलियां उठाएंगे। लेकिन जो कुछ भी हो रहा है वह भारत के हित में ही है। क्योंकि ऐसे लोगों को भारत लाने में अन्तर्राष्ट्रीय कानूनी अड़चनें नियम, लम्बी प्रक्रियाएं और देशों के बीच संधियां हमेशा बाधक बनती रही हैं। जिन देशों ने इन्हें पालपोस कर रखा है वहां यह खुद ही निपट रहे हैं। तो फिर इस संबंध में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के मोस्ट वांटेड लोगों के साथ ऐसा ही होना चाहिए। मोस्ट वांटेड लोगों की हत्याओं का कारण प्रभुत्व और धन का लालच ही होता है। जरा सी किसी ने आंख दिखाई तो इनके आका ही इनका काम तमाम कर देते हैं। भारतीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के लिए यही हित में है कि अपराधी अपने आप ही निपट जाएं क्योंकि दूसरे देशों में जाकर ऐसे आपरेशन्स करना आसान नहीं होता।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627, *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# खीरी में उत्साह, उमंग, उल्लास से मना योग दिवस

- जिलेभर में हुए कार्यक्रम
- योगमय हुआ मंडी परिसर, मुख्य कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग, सुना पीएम का संबोधन
- केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ, अफसरों एवं आमजन संग किया योगाभ्यास



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को खीरी में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ ÷हर आंगन योग÷ थीम पर ÷नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023÷ का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय पर कृषि उत्पादन मंडी समिति में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए। इसी के साथ तहसील, ब्लाक व विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों में भी योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया।

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह ने दीप जलाकर किया। इसके बाद पीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना।

यह एक ऐसा मौका था, जब जनप्रतिनिधि, जिले भर के अधिकारी और आम नागरिकों ने एक साथ योगाभ्यास किया। इसमें जनपद के कुशल योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने सामूहिक प्रार्थना के बाद कॉमन योग प्रोटोकॉल की ग्रीवा शक्ति, शक्ति एवं घुटना शक्ति विकासक क्रियाओं, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन एवं सवासन सहित कपालभाति नाड़ी शोधन प्राणायाम शीतली प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हुए प्रतिदिन योगाभ्यास का संकल्प दिलाया। शांति पाठ के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा के निर्देशन में योग प्रशिक्षक अमित कुमार व प्रिंस रंजन ने इन योगासन और प्राणायम का अभ्यास उपस्थित साधकों को कराया। साथ ही इन योगासनों के शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों और निरोगीकाया के लिए इनके महत्व को रेखाकिंत किया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नवम संस्करण को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मना रहे हैं। लखीमपुर जनपद में हम सब लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस योग दिवस में हिस्सा लिया और इसके माध्यम से पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है कि भारत की संस्कृति में नियमित योगाभ्यास का जो स्थान था वह मनुष्य के जीवन में समग्र और सकारात्मक परिवर्तन करता था। उसका लाभ पूरे विश्व को मिले उस दृष्टि से ÷वन वर्ल्ड वन हेल्थ÷ अबकी बार का टैग दिया गया है। उन्होंने कहा, आज दुनियाभर में करोड़ों लोग 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' पर एक साथ योग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का नेतृत्व करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय न्यूयॉर्क में 180 देशों के प्रतिनिधियों के साथ योगाभ्यास कर रहे। निश्चित रूप से इसमें विश्व के कल्याण की भावना है। इससे एक अच्छा संदेश जाएगा। हम जानते हैं कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को समग्र प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के महाकवि ने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति के अंदर साहस, करुणा, दया, धैर्य जैसे गुण स्वयं आ जाते हैं जो आत्म नियंत्रण की शक्ति प्रदान करते हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी जनपद वासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें तन और मन से फिट रहना है। लिहाजा योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने अपील की कि अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आभार ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, डीडीओ अरविंद कुमार, एसटीओ आनंद कुमार, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, कमांडेंट होमगार्ड दिनेश कुमार पांडेय, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, संजय निगम, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, डीसी -एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### सफल आयोजन पर केंद्रीय मंत्री ने की सराहना

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि निश्चित रूप से मौसम विपरीत हुआ इसके बावजूद प्रशासन एवं आयुष विभाग के अफसरों ने न केवल आयोजन के स्थल को बदला बल्कि इतनी सुंदर ढंग से इस आयोजन को सफल बनाया इसके लिए वह बधाई के पात्र है।

### गीत पर योग साधकों ने दी शानदार योग प्रस्तुति

बम भोले गीत पर नूपुर गुप्ता के निर्देशन में प्रगति बरनवाल, प्रीती शुक्ला, खुशी वर्मा, पारुल सिंह, राजदीपिका तिवारी, प्रतीक तिवारी, अंकित वर्मा, क्षितिज कुमार, प्रिंस रंजन बरनवाल ने शानदार योग प्रदर्शन की प्रस्तुति देकर शमा बांध दिया।

# अचीवर्स समर कैंप के समापन कार्यक्रम में पहुंची डॉ. इरा, नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ खिंचाई सेल्फी

- शहर और जिले के युवा, युवतियों व महिलाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर रही अचीवर्स अकैडमी : डॉ. इरा श्रीवास्तव



### नारी और समझौता पुस्तक का किया विमोचन

डॉ इरा श्रीवास्तव द्वारा इस समारोह में नारियों के त्याग, समर्पण, सद्भाव और उनकी वर्तमान परिस्थितियों को बयां करती पुस्तक नारी और समझौता का लोकार्पण भी किया गया। यह पुस्तक अचीवर्स स्किल्स एंड एजुकेशनल एकेडमी के संरक्षक / पत्रकार / काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव द्वारा लिखी गई है। उन्होंने पुस्तक की कुछ पंक्तियां पढ़कर कहा कि इसे हर किसी को पढ़ना चाहिए और यह सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

स्किल्स एंड एजुकेशनल अकेडमी के तत्वाधान में आयोजित अचीवर्स समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव पहुंची। उनका स्वागत अचीवर्स के संरक्षक देवनंदन श्रीवास्तव, एमडी अभिषेक शुक्ला और शुभ डांस एकेडमी के एमडी शोभित श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस दौरान उन्हें नारी और समझौता पुस्तक भेंट की गई।

बच्चों में छुपी हुई बहुमुखी प्रतिभाओं और स्किल्स को निखार कर उनमें आत्मविश्वास भर आत्मनिर्भर बना रोजगार परक बनाने की मुहिम में काम कर रही संस्था अचीवर्स स्किल्स एंड एजुकेशनल अकेडमी व उसकी सहयोगी संस्था शुभ डांस एकेडमी द्वारा 20 मई से 20 जून के मध्य अचीवर्स समर कैंप का आयोजन अचीवर्स स्किल्स एंड एजुकेशनल अकैडमी वाईडीसी गेट, शुभ डांस एकेडमी मिश्राना लखीमपुर पब्लिक स्कूल भटनागर कॉलोनी और कुंवर खुशवक्तराय बालिका इंटर कॉलेज में हुआ। इस दौरान बच्चों ने नर्सिंग, डांस, गिटार, ढोलक, कराटे, ब्यूटीशियन, मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई, वैदिक गणित, इंग्लिश स्पीकिंग, चित्रकला सहित अन्य कोर्स में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बच्चियों ने भाग लिया और समापन के दिन अपनी प्रतिभा दिखाई। इस कार्यक्रम में अचीवर्स की सहयोगी अंजू शुक्ला व शिल्पी राज भी मौजूद रहीं। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि अचीवर्स स्किल्स एंड एजुकेशनल एकेडमी के द्वारा आयोजित किए गए समर कैंप से बच्चों युवाओं और महिलाओं बच्चियों में उनकी प्रतिभा निकलकर सामने आई है। अचीवर्स का जो सपना है कि हर हाथ में हुनर हो और हर व्यक्ति रोजगार परक बने वह आप सबके सहयोग से ही पूरा होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नगरपालिका के विकास में आम जनमानस के सहयोग भी बहोत जरूरी है। जिस दिन से वह नगर पालिका अध्यक्ष लखीमपुर की कुर्सी पर बैठी हैं। उन्होंने हर दिन, हर घंटे, हर पल काम कर आम जनमानस के विश्वास पर खरा उतरने के लिए काम किया है। यही कारण है कि सालों से बंद पड़ी नाली और नालों की सफाई के साथ-साथ शहर में सफाई व्यवस्था, शहर के अंदर प्रकाश की व्यवस्था व अन्य नगरपालिका की व्यवस्थाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। जिससे बरसात में भी लोगों को राहत मिल सके और जलभराव की समस्या ना हो। इस कार्य में आम जनमानस के सहयोग की अपील भी की।

# किसानों की समस्याओं को लेकर आरएलडी ने सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।



21 जून 2023 को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। जिलाध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने बताया की गन्ने का पेराई सत्र काफी समय पहले समाप्त हो चुका है इसके बावजूद प्रदेश के अधिकांश चीनी मिलों द्वारा गन्ने का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों मजदूरों और छोटे व्यापारियों की जीवन रेखा गन्ना है गन्ने के ऊपर ही उनकी आजीविका आश्रित है। गत सत्र का गन्ना भुगतान न होने के कारण किसान मजदूर परेशान भुखमरी के कगार पर हैं। अपने बच्चों का पालन पोषण एवं स्कूल फीस आदि भी जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस ज्ञापन के माध्यम से हम आपसे मांग करते हैं कि किसानों का संपूर्ण बकाया गन्ना भुगतान ब्याज सहित अविलंब दिलाने का कष्ट करें, ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत वोल्टेज कम आने के कारण नलकूप एवं घरों में काम आने वाले उपकरण नहीं चल पा रहे हैं विद्युत वितरण व्यवस्था को एवं विद्युत वोल्टेज बढ़ाकर शीघ्र दुरुस्त कराए। समस्त अतिभारित ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि कराये। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत वितरण की कटौती बंद कर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। आपके द्वारा पूर्व में की गई घोषणा कि प्रदेश के किसानों को कृषि सिंचाई हेतु बिजली फ्री दी जायेंगी न देकर किसानों पर असहनीय मार पड़ रही है अतः अपने द्वारा की गई घोषणा को लागू करें। प्रदेश में आप की सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में बिजली की दरें बढ़ाकर विद्युत उपभोक्ताओं पर असहनीय भार डाल दिया गया है उपभोक्ताओं को राहत मिल सके बिजली दर कम करें ताकि प्रदेश में बिजली उपभोक्ता राहत की सांस ले सके। ब्लॉक रमिया बेहड़ में छुट्टा जानवरों से तत्काल राहत दिलाएं।इस मौके पर डॉ अनुराग शुक्ला, चंद्र प्रकाश बाजपेई, पंकज कश्यप, लाल बहादुर शास्त्री, सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाज को स्वस्थ रखना है तो प्राचीन परंपरा योग की तरफ जाना पड़ेगा

- भारत ने योग को खोजा और आज पूरे विश्व पटल पर छाया : भानुप्रताप





उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

बुधवार को नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जनपद के समस्त तहसील, ब्लॉक व ग्रामों में संपन्न हुआ, नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इंदिरा स्टेडियम में मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म उद्यम एवं मध्यम केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए उपस्थित नागरिकों ने भी योग गुरु राम प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में योग कर उसकी महत्ता और संदेश को स्थापित करने का प्रयास किया। अंतर्राष्ट्रीय नवम योग दिवस पर योग प्रशिक्षिका साक्षी नगायच, स्टेट प्लेयर गौरी नायक ने योग दिवस पर इंदिरा स्टेडियम मे योग करे निरोग रहे का संदेश देकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर नियमित योगाभ्यास करने को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि भानु प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारी प्राचीन सभ्यता है और संस्कृति का हिस्सा है आदिकाल से ऋषि-मुनियों ने योग का महत्व को बताने का प्रयास किया था, जब हम इस परंपरा से हटने लगे तो शरीर बीमार पड़ने लगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा आज से 9 वर्ष पूर्व यूएन में उसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दर्जा दिलवाया गया। उन्होंने कहा कि देश को अग्रणी रखना है समाज को स्वस्थ रखना है तो प्राचीन परंपरा योग की तरफ जाना पड़ेगा, जब समाज पास होगा तभी देश मजबूत होगा, मजबूत समाज एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि भारत ने योग को खोजा और आज पूरे विश्व पटल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास के बाद योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग करने से मन बुद्धि और आत्मा तीनों का समन्वय होता है और हमारी दिनचर्या में शांति और सुकून रहता है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री को इस बात के लिए धन्यवाद अर्पित किया कि उन्होंने योग को संपूर्ण विश्व में स्थापित किया। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि सभी लोग करें योग रहें निरोग शरीर को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखना है तो योग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग की पूर्णता इसी में है कि जीवभाव में पड़ा मनुष्य परमात्मा से जुड़कर अपनी निजी आत्मस्वरूप में स्थापित हो जाए, योग करना मतलब एकजुट करना या एकत्रित करना योग में आसन प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से हम मनुष्यों और शरीर के विभिन्न अंगों में सामंजस्य बनाना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर एक सप्ताह से लगातार 70 प्रशिक्षण कैंपों के माध्यम से 24 हजार लोगों को योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी आदि जिला स्तरीय अधिकारी सहित आम नागरिकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग किया।

# योग दिवस पर भाविप सदस्यों ने योगाभ्यास कर फल बांटे




जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में आयोजित सामूहिक योग शिविर में भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की ओर से सक्रिय भागीदारी की गयी। शाखा के सदस्यों द्वारा योगाभ्यास में भाग लिया गया तथा आगंतुकों को फल वितरित किए गए।

कार्यक्रम संयोजक गिरीश नंदन द्विवेदी एवं जेपी मिश्रा के निर्देशन में भारत विकास परिषद के सचिव अखिलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, पंकज अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महिला संयोजिका उषा गुप्ता, मनोज बाथम, गोपालजी रावत आदि ने योगाभ्यास में भाग लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल ने कहा कि योग दिवस का महत्व लोगों के बीच मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को बढ़ावा देना है। आज सभी आयु वर्ग के लोग कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं। लोगों को स्वस्थ रहने के लिए यह एक अच्छा प्रयास है। डॉ. भूपेंद्र पटेल ने योग दिवस पर संदेश देते हुए कहा कि योग विज्ञान है। इसके द्वारा हम शरीर, मन और आत्मा को जोड़ते हैं। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा की ओर से सभी आगंतुकों को फल का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर (बनाजी), नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लकी त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा श्रीमती उषा गुप्ता, प्रमुख समाज सेवी जितेंद्र सिंह गुर्जर एड., सुशील बाजपेयी, योग शिक्षक वाचस्पति मिश्रा, सतीश सिंह सेंगर, ईलू मेंम्बर, अवनीश त्रिगुनायक, आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. अमर सिंह, योग प्रशिक्षक डॉ रमन दीक्षित, योग सहायक विवेक सिंह, नेहा सिंह, प्रियंका द्विवेदी, राहुल पाठक, रतन सिंह, शार्श्वत गर्ग आदि ने भी फल वितरण में प्रतिभाग किया।

योग शिक्षक अखिलेश गुप्ता के संयोजन में आयुर्वेदिक चिकित्सालय परिसर में, अरविंद श्रीवास्तव व ओम नारायण दीक्षित के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय लौना में तथा मनोज बाथम के संयोजन में कुसुम कुमारी गोविंद नारायण महाविद्यालय परिसर में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# कालपी का हस्तनिर्मित कागज जीआई टैग प्राप्त कर बौद्धिक सम्पदा में शामिल

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

जनपद जालौन की कालपी तहसील में निर्मित हो रहे हस्तनिर्मित कागज को भारत सरकार के जियोग्राफिकल इन्डीकेशन न्यायालय चौन्नई द्वारा जियोग्राफिकल इन्डीकेशन का दर्जा दिया गया है. जिसके फलस्वरूप इस उत्पाद को उसकी भौगोलिक विशेषताओं और उसकी गुणवत्ता के आधार पर विशेष स्थान प्राप्त होगा तथा इस उत्पाद को अवैध रूप से उपयोग करने जैसी (कॉपीराईट) घटना से रोकने के लिये सुरक्षा प्रदान होगी। जनपद जालौन के हस्तनिर्मित कागज को जीआई टैग पंजीकरण और संरक्षण अधिनियम-1999 के तहत प्रदान किया गया है।

जीआईए टैग उत्पादों को दिया जाने वाला एक विशेष प्रकार का लेबल होता है जिसमें किसी उत्पाद को उसकी भौगोलिक स्थिति के आधार पर विशेष पहचान प्रदान की जाती है। जीआई टैग उद्योग संबंधन और आन्तरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत रजिस्ट्री द्वारा जारी किया जाता है।

वर्ष 2020 में हस्तनिर्मित कागज निर्माता समिति कालपी तथा उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जालौन के सम्मिलित प्रयासों से जीआई टैग हेतु कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेन्ट्स एन्ड ट्रेड मार्क को आवेदन किया गया था जो कि तीन वर्ष की लम्बी कानूनी प्रक्रिया के उपरान्त यह अवसर प्राप्त हुआ है कि जनपद जालौन के हस्तनिर्मित कागज को जियोग्राफिकल इन्डीकेशन के रूप में पंजीकृत किया गया है। अब हैण्डमेड पेपर उत्पाद को पूरे विश्व में अपनी कानूनी पहचान बनाने में पूरी सहायता मिलेगी। भारत के बौद्धिक संपदा अधिकार में शामिल हुये बागपत के होम फर्नीसिंग आईटन, अमरोहा के ढोलक और बाराबंकी के हैण्डलूम उत्पाद के साथ-साथ कालपी जालौन के हैण्डमेड पेपर सहित सभी चार उत्पादों को लम्बी कानूनी और तकनीकी प्रक्रिया के बाद 14 जून को जीआई का दर्जा प्राप्त हो गया है और अब यह देश की बौद्धिक सम्पदा में शामिल हो गये हैं। अब यह उत्पाद पूरी दुनिया में जीआई टैग के साथ जाएंगे तथा भारत उत्तर प्रदेश जालौन के साथ-साथ कालपी के उद्यमियों, शिल्पियों का मान बढ़ायेंगे उत्तर प्रदेश में अब तक कुल 52 उत्पादों को जीआई टैग का दर्जा प्राप्त हो गया है।

# पत्रकार मनोज जाटव के निधन पर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

पत्रकार मनोज जाटव के आकस्मिक निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त है इसी क्रम में आज बुधवार को श्रमजीवी प्रेस क्लब उरई के तत्वाधान में पत्रकारों ने एक शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

श्रमजीवी प्रेस क्लब के तत्वाधान में आयोजित शोक सभा में पत्रकार साथियों ने अपने दिवंगत साथी मनोज जातक के निधन को पत्रकार समाज के लिए अपूरणीय क्षति बतलाया पत्रकार साथियों ने कहा कि जिस तरह से लंबी बीमारी के बाद हमारे साथी मनोज जाटव हम सब को छोड़ कर चले गए हैं वह बेहद ही दुखद है ईश्वर उनके परिवार को साहस प्रदान करें। शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार एवं छायाकार एमपी सिंह विनोद गौतम, केपी सिंह, संजय दुबे, सुरेश खरकया, राजेश द्विवेदी, सुनील शर्मा, अनिल शर्मा, मुन्नालाल चौरसिया, नरेंद्र तिवारी, कुलदीप मिश्रा, अजय मिश्रा, रविंद्र चौधरी पुल्ली, प्रदीप महतबानी, रविंद्र गौतम, शैलेंद्र इमलिया, रामजीवन इमिलिया, सुधीर राना अटरिया, राजकुमार दोहरे, प्रमोद जाटव, गोपाल विश्नोई रामाआसरे त्रिवेदी, विद्याचरण शुक्ला, ओपी तिवारी, विष्णु चंदोलिया, शत्रुघन सिंह यादव, कुलदीप गोस्वामी, अजय मिश्रा, आशुतोष शर्मा, गोविंद सिंह, राजू सैनी राकेश बाथम, देवीशरण बादल, संजय गुप्ता, आबिद नकवी, अलीम सिद्दीकी मोहम्मद इसरार, रमाशंकर शर्मा, संजय शर्मा, जगत यादव, आराम सिंह चौहान, हामिद खान, लालजी सेंगर आदि ने पत्रकार साथी मनोज जाटव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

# जमीनी रंजिश में वृद्ध पर किया सांग से हमला

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। मोहल्ला हिरदेशाह में जमीनी रंजिश के चलते वृद्ध के साथ के गाली, गलौज कर जान से मारने की नीयत से सांग से वार करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों कें खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी रामऔतार द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। तभी जमीन को लेकर रंजिश मानने वाले टिंकू व बसोरे वहां सांग लेकर आ गए। घर के सामने उन्हें बैठा देखकर गाली, गलौज करने लगे। जब उन्होंने मना किया तो वह सांग लेकर मारने के लिए दौड़े और जान से मारने की नीयत से उन पर वार कर दिया। किसी तरह उन्होंने वार को बचाया और बचाने के लिए चिल्लाए। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। उक्त संदर्भ में कोतवाल समीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

# साझा प्रयासो से आईडीए राउंड को सफल बनाने की कवायदें हुईं तेज

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में हरगांव ब्लॉक के नबीनगर गांव में सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से फाइलेरिया रोगीनेटवर्क के सदस्यों द्वारा फाइलेरिया जागरूकता को लेकर एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर (सीएचओ), आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राशन विक्रेता, दुकानदार, आम ग्रामीण और समूह के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में आगामी 10 अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए)अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में पंचायत सहायक शैलजा अवस्थी, आशा कार्यकर्ता ऊषा देवी, लता वर्मा, रूचि देवी, संतोष कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनोरमा, कोटेदार प्रमोद शुक्ला, ब्रजेश पाठक, वेद प्रकाश शर्मा के अलावा बिटोला देवी, राम मनोहर, सादिया परवीन, सलमा खातून, हरीश कुमार, ममता देवी, रामश्री, प्रेम कुमारी, अशीष, अशोक कुमार सहित सीफार प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# योग कर निरोग रहने का लिया संकल्प

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

सीतापुर में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सबसे पहले पीएम मोदी के संदेश को सुना और उसके बाद योगा करके योग दिवस को सफल बनाया गया है। इस दौरान सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने तंबौर के पीजी कॉलेज में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सैकड़ों की संख्या में लोगों के साथ योग किया और लोगों को योग के प्रति जागरुक करते हुए उसके फायदे भी गिनाए हैं। इसी प्रकार शहर के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग दिवस के कार्यक्रम के दौरान सूबे के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने योग करते हुए निरोग रहने का संकल्प लिया और साथ ही लोगों को योग के प्रति प्रेरित कर नित्य योग करने की सलाह भी दी है। नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने सैकड़ों लोगों के साथ योग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में इस 9वें योगा दिवस का आयोजन हुआ है उन्होंने कहा कि योग करने से निरोग रहने की संभावना अधिक हो जाती है इसलिए सभी को सूर्य नमस्कार के साथ योग करना चाहिए जिससे मन और मस्तिष्क एकाग्र रहेगा और शरीर ऊर्जावान रहेगा। इसी प्रकार बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सीतापुर नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र बिजवार के अंतर्गत कार्यालय स्थित हाल में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ योग किया है। बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है और शरीर में एक अलग ऊर्जा का उदयमान होता है जिससे रोगों से भी मुक्ति मिलती है।जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी ने बताया इस योग दिवस कार्यक्रम के दौरान जनपद के समस्त योग केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे लोगों ने इस योग दिवस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम सचिन जैन पुत्र प्रमोद कुमार जैन था। मैंने दिनांक 20/06/2023 से अपना नाम बदल कर सचिन कुमार जैन पुत्र प्रमोद कुमार जैन रख लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सचिन कुमार जैन पुत्र प्रमोद कुमार जैन निवासी मोहल्ला बड़ीहाट कोतवाली नगर बहराइच।**

# पूर्व मुख्यमंत्री निशंक की उपस्थिति में हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**





**भारत** सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हर आँगन योग की थीम पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, डॉ रमेश पोखरियाल निशंक एवं सांसद हमीरपुर-महोबा कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल,विधायक राकेश गोस्वामी विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर के मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा में प्रातः 6ः00 से 8ः00 बजे तक आयोजित किया गया। योग दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ निशंक ने कहा कि भारत में योग प्राचीन काल से ही किया जा रहा है। योग के आठ अंग होते हैं जिसे अष्टांग योग कहते हैं।उन्होंने कहा कि योग एक विज्ञान व साधना का माध्यम है, जिससे मस्तिष्क एवं शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रखा जा सकता है।योग को हमारे देश के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया गया है, आज पूरा विश्व योग दिवस को मना रहा है।योग का अर्थ है जुड़ना और हम लोग एक साथ एक दूसरे से जुड़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि योग को सभी धर्मो ने मानवता व दर्शन के रूप में शामिल किया है। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि नियमित रूप से योग करके हम अपने शरीर एवं मस्तिष्क को शांत व स्वस्थ रख सकते हैं, यह एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हमें प्रतिदिन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग के द्वारा अनेकों बीमारियों के कष्टों से छुटकारा मिलता है। योग के माध्यम से मानवता एवं सेवा भाव से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने योग के साथ-साथ जनपद के प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों के इतिहास पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में योग गुरु के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योग गुरु श्री योगेश कुमार, ब्रम्ह कुमारी आदि लोगों ने योग संपन्न कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पूर्व शिक्षा मंत्री भारत सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, सांसद हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र डॉ रमेश पोखरियाल निशंक , सांसद , सदर विधायक विधान परिषद सदस्य आदि को साक औषधि पौधे एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा जयप्रकाश अनुरागी, निवर्तमान कोपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी. के. गर्ग, जिला विकास अधिकारी बालगोविन्द शुक्ला सहित डॉ रामकिशोर, डॉ वीरेंद्र पाल, डॉ विकास कुमार, डॉ अर्पित कुमार तथा जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में जनपद के नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों आदि ने योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि की उपस्थिति में ब्लाक परिसर में किया गया योगाभ्यास

**पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज**



अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर पनवाड़ी ब्लाक परिसर में योगाभ्यास किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने कहा कि मानव शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत ही जरूरी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व में अलग पहचान दी है योग एक विज्ञान और साधना का माध्यम है जिसके द्वारा शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रखा जा सकता है

इसी तरह शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में सभी अध्यापकों एवम छात्र छात्राओं ने योगासन कर विविध रूपों से योगाभ्यास किया उपरोक्त अवसर पर स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी नितिन विश्वकर्मा एवम कई छात्र छात्राएं उपस्थित रहे इसी तरह ब्लॉक परिसर में योगाभ्यास किया गया जिसमें खण्ड विकास अधिकारी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिद्धि श्री प्रकाश अनुरागी, मण्डल अध्यक्ष भाजपा सन्तोष विश्वकर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज द्विवेदी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू नगाइच सहित तमाम लोगो ने योग किया थाना प्रभारी की देखरेख में थाना प्रांगण में शशि कुमार पांडेय सहित सभी पुलिस कर्मचारियों ने योग कर निरोग रहने के लिए प्रेरित किया डॉ मंगल महान भाजपा जिला महामंत्री ने अपने उद्यान महान गार्डन में अपने सभी साथियों सहित योग के कई आसन लगाकर योगाभ्यास किया नेहरू इंटर कालेज में प्रधानाचार्य मोतीलाल अहिरवार सहित रामनारायण ओम प्रकाश द्विवेदी, हीरालाल आदि शिक्षकों ने योगाभ्यास किया स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सतेंद्र सिंह की देखरेख में भी योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया उपरोक्त सभी ने योग कर समाज को निरोग रहने के लिए योग की महती आवश्यकता पर बल दिया।

## खबरें एक नजर में

### तारों में करंट उतरने से दो दुधारू मवेशियों की मौत

**इटावा।** लगातार हो रही बारिश से थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में खेत के पास लगे तारों में करंट उतरने से दो दुधारू मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। जसवंतनगर हाईवे किनारे स्थित ग्राम नगला नवल के किसान प्रवीण और सुरवीन पुत्र तुलसीराम अपने दुधारू मवेशियों को सुबह चारा पानी खिलाकर अपने मकान के पीछे स्थित खेतों की चकरोड पर प्रवीण अपनी गाय और सुरवीन ने अपनी भैंस को अपने खेतों के पास बांध दियाढ्ढ पड़ोसी खेत के किसान उजागर ने आवारा जानवरों से अपनी फसल के बचाव हेतु तारबंदी कर रखी थीढ्ढवही खेत के पास से 11 हजार की लाइन थी जिसके तार चकरोड़ पर स्थित नीम के पेड़ से टच थेढ्ढपड़ोसी के सामने नीम के पेड़ से तार को बांधकर तारबंदी कर रखी थीढ्ढ बारिश के कारण 11 हजार की लाइन का करंट नीम के पेड़ में आया और नीम के पेड़ के सहारे से तारबंदी की गई तार में आया और उसकी चपेट में चकरोड पर बने गाय और भैंस आ गए जिससे लाइन फाल्ट हुआ और दुधारू गाय और भैंस मौके पर ही खत्म हो गएढ्ढ फाल्ट की आवाज सुन मवेशी मालिक और ग्रामीण दौड़ पड़े और लाइनमैन को सूचित कर शटडाउन करायाढ्ढ पशुधन हांनि से दुखी किसान प्रवीण ने बताया कि मेरे पास न तो खेती है जैसे तैसे जुगाड़ करके 60 हजार रूपये कीमत की गाय खरीदी थी जिसका दूध काटकर अपने बच्चों का और अपना जीविकोपार्जन कर रहे थे और भाई सुरवीन ने भी 80 हजार रुपये की भैंस खरीदी थीढ्ढ दुखी के सामने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई हैढ्ढ वही सूचना पर पशुपालन विभाग के डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची।

### धर्मार्थ सेवा शाखा ने किया योग कार्यक्रम में योगाचार्य शिवकुमार शर्मा का सम्मान

**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के तत्वावधान में राहतपुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुए नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में इटावा के वयोवृद्ध योगाचार्य श्री शिवकुमार शर्मा का सम्मान किया गया। योग कार्यक्रम के संयोजक योगी विनोद त्रिपाठी ने योग साधकों को व्यायाम, आसन , प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं को सिखाया। इससे पूर्व योग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पं. शिवकुमार शर्मा द्वारा भारत माता एवम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन करके हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में योग के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि हमारा यह शरीर अनेक व्याधियों का घर है जिसे योग के माध्यम से ठीक किया जा सकता है, इसलिए योग करने में कतई आलस न करें। तन और मन को स्वस्थ बनाने के साथ योग हमारा आत्मिक विकास भी करता है। उनका माल्यार्पण, अंग वस्त्र पहना एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। योग शिक्षक विनोद त्रिपाठी ने सभी योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम कराते हुए योग के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक महत्व पर भी प्रकाश डाला तथा योग जागरण गीत सुनाया। सहयोगी योग शिक्षक के रूप में सुधीर मिश्र ने मंडूक आसन, शशकासन, भुजंगासन, धनुरासन, मकरासन का अभ्यास कराया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित हुए शिवा कॉलोनी वार्ड के सभासद धर्मेंद्र कुमार उर्फ बड़े को भी परिषद शाखा की ओर से सम्मानित किया गया। योग कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा के दायित्व ग्रहण प्रभारी राजेंद्र कुमार दीक्षित, सचिव आचार्य महेश तिवारी, कोषाध्यक्ष महेश बाथम, संगठन सचिव हरिदत्त दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, रनबीर सिंह, घनश्याम तिवारी, राकेश चौरसिया, धीरज अग्निहोत्री, अवधेश पचौरी, रमाकांत पाठक, भजन गायक प्रखर गौड़, डा. प्रभाकर कटियार, शिवेंद्र यादव का विशेष सहयोग रहा।

### कप्तान व उनकी पत्नी ने नवनिर्मित चौकी यमुना घाट टकरू का किया शुभारंभ

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं उनकी पत्नी नीलम वर्मा ने लवेदी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम टकारुपुरा में नवनिर्मित चौकी यमुना घाट टकरू का शुभारंभ किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं उनकी पत्नी नीलम वर्मा ने थाना लवेदी क्षेत्रांर्गत ग्राम टकारुपुरा में नवनिर्मित चौकी यमुना घाट टकरू का रिबन काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान नवनिर्मित चौकी पर उद्घाटन स्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाए जा रहे 15 दिवसीय महिला सुरक्षा विशेष अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवनिर्मित चौकी यमुना घाट टकरू मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण को प्रति जागरूक करते हुए स्मृति स्वरूप पौधारोपण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी भरथना, क्षेत्राधिकारी चकरनगर, प्रभारी निरीक्षक थान लवेदी, प्रभारी निरीक्षक थाना चकरनगर व अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने योग शिविर का आयोजन किया

**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न योगासन कराए गए। कोठी कैस्त मोहल्ला स्थित एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य महेश बाबू द्वारा आगंतुकों को योग के बारे में बताते हुए योगासन कराए गए। योगाचार्य ने नित्य रूप योग करने पर होने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ के बारे में विस्तृत रूप से वहां उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बहुत से ऐसे रोग हैं जो सिर्फ नित्य रूप से योग करने से ही दूर हो जाते हैं इसलिए हम सबको प्रातः नित्य रूप से योग करना चाहिए। इस दौरान योगाचार्य द्वारा भस्त्रिका, अनुलोम विलोम, कपाल भांति, भ्रामरी और ध्यान से संबंधित योग भी कराए गए। इस दौरान सूर्य नमस्कार करके कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है। योग शिविर में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार धनगर, डॉ स्वराज प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ पुष्पेंद्र पुरवार, डॉ. प्रदीप यादव, व्यापारी नेता राजीव माथुर, विनोद श्रीवास्तव, अशोक ठेकेदार, बटेश्वरी दयाल प्रजापति, पवन वर्मा, गुड्डन चौरसिया, सौदान सिंह, मधुर श्रीवास्तव, सुमित गुप्ता आदि शामिल रहे। अनुभव यादव ने आभार प्रकट किया।

# नुमाइश पंडाल में नेताओं और अधिकारियों ने योगाभ्यास किया

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सांसद रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के साथ नुमाइश पंडाल में योगाभ्यास किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सांसद रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाधिकारी अवनीश कुमार रॉय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने नुमाइश पंडाल में योगाभ्यास किया इस अवसर पर सांसद राम शंकर कठेरिया द्वारा समस्त लोगो को एक मंत्र करो योग रहो निरोग के बारे में समझा कर अपनी-अपनी दिनचर्या में योग को सम्मिलित कर अपने आप को स्वस्थ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध इटावा एवं पुलिस, प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थानों पर थानाध्यक्ष, थाना प्रभारीयों द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों के साथ योगाभ्यास कर उन्हें नियमित योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

## पीएसी बटालियन में पदाधिकारियों एवं जवानों को डा. शिवराज सिंह ने कराया योग

**इटावा।** 28वीं वाहिनी पीएसी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सेनानायक अनिल कुमार सिंह सिसोदिया, उपसेनानायक अनुराग सिंह की उपस्थिति में योग प्रशिक्षक डॉ. शिवराज सिंह यादव सदस्य विशेष समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन द्वारा वाहिनी में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। डॉ शिवराज सिंह यादव ने बताया कि समाज के आखिरी व्यक्ति तक चिकित्सा सेवा मुहैया कराने में योग साधना का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। योग के नियमित अभ्यास से रोगो के उपचार के साथ साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर शिविरपाल श्री उमाकांत त्रिपाठी, सुवेदार मेजर श्री अनुपम सिंह सभी अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

# जिस घर में नारी का सम्मान नहीं उस घर का सर्वनाश होता है: एसएसपी

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

जिस घर में नारी का सम्मान नहीं होता उस घर का सर्वनाश होता है। महिलाएं हिंसा अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाएं पुलिस उनकी सेवा व सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। यह बातें एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहीं। वे जसवंतनगर ब्लॉक सभागार में आयोजित मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं शक्ति व त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं अपने महत्व को समझें। वे खुद में शक्तिशाली व अमूल्य हैं?। घर परिवार की जिम्मेदारियों के अलावा बाहर भी निकलें तथा ज्ञान बढ़ाएं और राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार दें इंटरनेट पर मौजूद अच्छी बातों को ग्रहण करें। एसएसपी श्री वर्मा ने साइबर क्राइम पर भी विस्तृत प्रकाश डाला तथा इससे बचने के उपाय भी बताए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अपराधिक समस्या के लिए पुलिस को 112 नंबर पर शिकायत करें पुलिस उनकी मदद के लिए अतिशीघ्र पहुंचेगी। शिकायत बेजा परेशान करने के उद्देश्य से नहीं की जानी चाहिए। इस दौरान एसपी सिटी कपिल देव सिंह, सीओ अतुल प्रधान, इंस्पेक्टर मुकेश सोलंकी, सीडीपीओ उत्तम कुमार, मुख्य सेविका रमाकांती यादव के अलावा तमाम महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी पेन चॉकलेट व मिशन शक्ति के पत्रक भी वितरित किए।

# भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)/ पंजीकरण जरुरी

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** भूगर्भ जल (प्रबन्धन एवं विनियमन) अधिनियम-2019 के अन्तर्गत राज्य में भूमिगत जल संरक्षित करने, नियन्त्रित करने और भूमिगत जल के विनियमन का सतत् प्रबन्धन सुनिश्चित करने के लिए उसे मात्रात्मक और गुणात्मक स्थायित्व प्रदान करने के लिए विशेष रूप से भूजल संकट ग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर एवं सभी औद्योगिक, वाणिज्यक, अवसंरचनात्मक और सामूहिक उपयोगकर्ताओं को भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एन0ओ0सी0) / पंजीकरण का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त भूगर्भ कूप निर्माण की समस्त ड्रिलिंग संस्थाओं का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

अतः समस्त औद्योगिक, वाणिज्यक अवसरंचनात्मक और सामूहिक उपयोगकर्ताओं (अधिष्ठान यथा होटलों / लाजों / आवसीय कालोनियों / रिजार्टों / निजी चिकित्सालयों/परिचर्या गृहों / कारोबार/प्रक्षेत्रों/माल्स / वाटर पार्को इत्यादि) सहित मौजूदा एवं प्रस्तावित भूजल उपयोगकर्ताओं को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आनॅलाइन पोर्टल के माध्यम से उत्तर प्रदेश जल विभाग को भूगर्भ जल प्रयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन0ओ0सी0) / पंजीकरण हेतु तत्काल आवेदन करें। उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम-2019 की धारा-39 के अन्तर्गत बिना पंजीकरण / अनापत्ति प्रमाण-पत्र के भूगर्भ जल दोहन करने हेतु दोषी पाये गये व्यक्ति / समूह / संस्था को 02 से 05 लाख का जुर्माना अथवा 06 माह से 01 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दण्ड निर्धारित किये गये हैं। अतः इस श्रेणी के उपभोक्ता तत्काल आवेदन कर पंजीकरण / अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। वेव साइट www.upgwdonline.in के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# प्रचार प्रसार के अभाव एवं अधिकारियों की निष्क्रियता से पनवाड़ी ब्लाक दिवस आयोजन फ्लॉप







**महोबा।** सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए तहसील दिवस,थाना दिवस की तर्ज़ पर ब्लाक स्तरीय आम जन मानस की शिकायतों के निस्तारण के लिए ब्लाक दिवस आयोजित किए जा रहे हैं लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में ब्लांक दिवस सिर्फ हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। जनपद महोबा के विकास खंड पनवाड़ी में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाता है पनवाड़ी विकासखंड में आयोजित होने वाले ब्लॉक दिवस में सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। केवल एक ही शिकायत का आना यह दर्शाता है कि प्रचार प्रसार का अभाव है जबकि क्षेत्र में शिकायतों के अंबार लगे हैं। शिकायत कर्ताओं की शिकायत का समय से निस्तारण न होना ब्लॉक दिवस की पोल खोल रहा है शिकायत कर्ताओं का विश्वास खत्म हो चुका है लेकिन ब्लाक अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण ब्लांक दिवस में सिर्फ खानापूर्ति हो रही है प्रचार प्रसार के अभाव में आम जन मानस को जानकारी के अभाव में ब्लाक दिवस हवा हवाई साबित हो रहें हैं इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से पूंछा गया तो उनका कहना था कि ब्लाक दिवस में सिर्फ एक शिकायत ही आयी है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो पनवाड़ी ब्लाक के गांवों में कोई समस्या नहीं है या फिर लोगों को जानकारी नहीं है वर्ना ऐसी स्थिति नहीं आती कि ब्लाक में सिर्फ एक ही शिकायत दर्ज करवाई जाए।

## एसएसपी की पत्नी ने पुलिस लाइन मर किया योगासन

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पत्नी नीलम वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित योग शिविर में विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पत्नी नीलम वर्मा द्वारा पुलिस लाइन इटावा के बहुउद्देशीय हॉल में दीप प्रज्वलित कर योगाभ्यास किया गया तथा करो योग रहो निरोग के बारे में समझा कर महिला थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा पुलिस परिवार की बालिकाओं महिलाओं के साथ योग किया गया। इस दौरान महोदया द्वारा सबसे पहले सूक्ष्म व्यायाम-अनुलोम- विलोम, कपाल-भांति, पद्मासन तथा सूर्य नमस्कार आदि कराया गया तथा बताया गया कि शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजन के रूप में सम्पन्न

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**जायण्ट्स** ग्रुप आफ इटावा, दतावली, पिलुआ महावीर, सैफई,दतावली डायमंड, इष्टिकापुरी रूरा, नवोदिता, इटावा सहेली, इटावा डायमंड आदि जायण्ट्स समूह एवं श्री अग्रवाल सभा के संयुक्त संयोजकत्व में योग साधकों के महाकुंभ के रुप में शैलेश वाटिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजन के रूप में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का? संचालन कर रहे बलराज गर्ग अध्यक्ष इटावा डायमंड ने समस्त मन्चासीन अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट कराके स्वागत किया। समारोह की मुख्य अतिथि ज्योति गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने जायण्ट्स दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि जायण्ट्स परिवार एवं श्री अग्रवाल सभा इटावा द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प सराहनीय एवं अनुकरणीय रहते हैं। योग प्रतियोगिता में विजेता कुमारी अनुष्का राजौरिया, रीता यादव, अथक अग्रवाल, कुमारी दीपान्शी राजौरिया, सुरेश तिवारी, कृष्णा शर्मा, सुषमा यादव, कृष्णा राजौरिया को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। योग प्रशिक्षिका दीप्ति सिंघल को योग रत्न से अलंकृत किया गया। अति विशिष्ट अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य विशेष समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन ने सभी योग साधकों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। अति विशिष्ट अतिथि ऊषा यादव फेडरेशन अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में बलराज गर्ग अध्यक्ष इटावा डायमंड, राखी मित्तल अध्यक्ष दतावली डायमंड, संगीता अग्रवाल फेडरेशन आफीसर शैलेश वाटिका के मालिक दिलीप सक्सैना एवं तनुजा सक्सैना का अहिर्निश योगदान सराहनीय एवं अनुकरणीय है। आयोजन को भव्य बनाने हेतु समर्पित श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल, जायण्ट्स ग्रुप आफ इटावा के अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, दतावली की प्रसाशनिक निदेशक श्रीमती संगीता तिवारी,पिलुआ महावीर की अध्यक्ष आस्था कुशवाहा, सैफई के अध्यक्ष के पी सिंह शाक्य, इष्टिकापुरी रूरा की अध्यक्ष श्रीमती सन्जू शन्खवार, नवोदिता की अध्यक्ष श्रीमती साधना शर्मा , इटावा सहेली की अध्यक्ष श्रीमती क्षमा दीक्षित, केतन राजौरिया, संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, वरिष्ठतम् योग साधिका कुसुम गुप्ता, हार्टफुल इटावा टीम के सदस्य डॉ ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, देवेश अवस्थी, श्रीमती स्वाती अवस्थी के सार्थक प्रयासों को मुक्त कंठ से सराहा। जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली डायमंड की अध्यक्ष श्रीमती राखी मित्तल ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अति विशिष्ट अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव श्रीमती ऊषा यादव, योग शिक्षिका श्रीमती दीप्ति सिंघल, फेडरेशन सचिव विमल कुमार सिंह, कोआर्डिनेटर राम चन्द्र कश्यप, यूनिट निदेशक श्रीमती आशा अवस्थी, फेडरेशन आफीसर ललित सक्सैना प्रभारी योग शिविर, डॉ उमेश यादव, श्रीमती कृष्णा शर्मा, हरिओम कश्यप, मुकेश बाबू मीडिया प्रभारी, समेत समस्त सम्माननीय संगठन पदाधिकारियों एवं योग साधकों का हार्दिक आभार ब्यक्त किया।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल एवं भारत विकास परिषद तुलसी शाखा ने योगाभ्यास का कार्यक्रम बड़े शानदार ढंग से आयोजित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज दिलीप सचान रहे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष संटू गुप्ता, इटावा जिले के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रविंद्र यादव एवं टी एस ओ प्रदीप कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर लोगों को योगा के उपयोग के बारे में बताते हुए प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जिसका प्रसार अब विदेशों तक हो रहा है। विदेशों तक योग के प्रसार का श्रेय योग गुरुओं को जाता है। भारतीय योग गुरुओं ने विदेशी जमीन पर योग की उपयोगिता और महत्व के बारे में जागरूक किया। आज दुनियाभर में योग को लोग अपने जीवन में शामिल कर रहे हैं और योगासनों के अभ्यास से स्वस्थ मन और तन की प्राप्ति का प्रयास कर रहे हैं। योग की इसी उपयोगिता से सभी को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है। कोरोना काल के बाद योग का महत्व अधिक बढ़ गया। संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से लोग योग अभ्यास करने लगे। लेकिन इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत साल 2015 से हो गई थी। इस वर्ष ही पहली बार पूरे विश्व में योग दिवस मनाया गया था।

# कन्नौज में घर-घर हुआ योग

- योग दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त तहसीलों, विकास खंडों, विद्यालयो एवं मदरसों में किया गया योगाभ्यास, मां गंगा की गोद में किया गया योगाभ्यास
- 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन के मनोरंजन हाल में राज्यमंत्री, सांसद, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकों ने किया योगाभ्यास








**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**वसुधैव** कुटुंबकम के लिए योग थीम 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की है। वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ है-धरती ही परिवार है। इस थीम से तात्पर्य धरती पर सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता से है। इस भावना को कन्नौजवासियों ने योग करके साकार किया। पुलिस लाइन के मनोरंजन हाल में '9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरूण एवं सांसद सुब्रत पाठक एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान योग शिक्षक शिखा सिंह, अंजलि चंदेल द्वारा 9वें 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के अवसर पर योगा प्रोटोकॉल के तहत खड़े होकर किये गये आसनों में ताड़ासनए वृक्षासनए पादहस्तासनए अर्धचक्रासन और त्रिकोणासनों का अभ्यास कराते हुए बैठकर और लेटकर आसनों में भद्रासनए शशकासनए उष्ट्रासनए भुजंगासनो के साथ शव आसन का अभ्यास कराते हुए मनोदैहिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उनके लाभों को बताया गया। प्राणायामों में कपालभातिए अनुलोम.विलोमए भ्रामरी और उद्गीथ प्राणायामों के साथ ध्यान का अभ्यास कराते हुए योग के संकल्प के साथ शांति पाठ करके तथा राष्ट्रगान कर प्रोटोकॉल का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि असीम अरूण ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग मनुष्य के जीवन के लिए काफी लाभदायक होता है। हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग हमें तमाम बीमारियों से बचाता है तन मन में नई ऊर्जा लाता है। तन और मन को स्वस्थ और सुंदर रखना है तो योग अवश्य करें। प्रधानमन्त्री ने पूरे विश्व को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व में योग का आयोजन हो रहा है। सांसद सुब्रत पाठक ने अपने उद्बोधन मे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह 9 वर्षों में बहुत सारे बदलाव किये है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण योग है, क्योंकि योग करने से निरोगी रहा जा सकता है। यह प्राकृतिक संस्कृति से भी जुड़ा है लेकिन इसको कोई स्थान नही मिला था जो इसको मिलना चाहिए था। प्रधानमंत्री जी ने इसको पूरे विश्व भर में योग को मशहूर करने का कार्य किया है। आज यूएन मुख्यालय पर भी योग किया जा रहा है। योग जीवन के लिये बहुत उपयोगी है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि हर घर तक योग को पहुंचाकर लोगों को स्वस्थ रखनें के लिए संकल्पित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि आप योगा को अपनाएंगे तो आपका शारीरिक और मानसिक तनाव खत्म होगा। इसे अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए। कहा कि हमारे प्रधानमत्री ने योग के विषय में सभी को जागृत किया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि योग से एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण होता है। स्वस्थ्य शरीर और स्वस्थ्य मन से हमारे अन्दर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। जब हम सकारात्मक सोचेगे तो हम समाज तथा देश के लिए अच्छा कार्य करेगे। योग दिवस के अवसर पर योग शिक्षक अमरनाथ दुबे, शिखा सिंह, अजंलि चंदेल, आलोक कुमार, वंशिका, अतुल दीक्षित, तथा उमा देवी कटियार, श्रद्धा चौहान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त के अतिरिक्त जनपद में पुलिस लाइन, समस्त तहसील, नगर पालिक/पंचायत, विकास खण्ड, समस्त विद्यालयों, समस्त मदरसों, समस्त चिकित्सालयों व मेहदीघाट, जलेसर घाट, चियासर घाट, लोहिया पार्क आदि स्थानों पर नागरिकों द्वारा योगाभ्यास किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द कुमार, डिप्टी कलेक्टर अविनाश गौतम, उमाकान्त तिवारी, राकेश कुमार त्यागी, सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर प्रियंका बाजपेई, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव युनानी अधिकारी डा. विजय कुमार यादव, विद्या कुमारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. संजीव कटियार, डा. देवेन्द सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एमआरएफसेंटर पर सीसीटीवी कैमरे शीघ्रातिशीघ्र क्रियाशील किया जाए

- एमआरएफसेंटर की समस्त मशीनों को एक जगह उचित स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए:अपर जिलाधिकारी

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अपर जिलाधिकारी** आशीष कुमार सिंह द्वारा नगर पालिका गुरसहायगंज के अंतर्गत एमआरएफ सेंटर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पाया गया कि कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है किन्तु कूड़ा कंटेंर में सुव्यवस्थित नहीं रखा जा रहा है। यह भी पाया गया कि मशीनें एक जगह सुव्यवस्थित ढंग से नहीं पाई गयी। एमआरएफ सेंटर पर बिजली संयोजक की स्थिति ठीक अर्थात चालू दशा में मिली। इंटर लॉकिंग ठीक दशा में पाई गयी। इस दौरान एमआरएफ सेंटर में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील नहीं पाये गए। अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि नामित ठेकेदार द्वारा एमआरएफसेंटर की देखरेख की जा रही है। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि अगर अतिरिक्त कार्मिकों की आवश्यकता हो तो लगाए जाये। समस्त मशीनों को एक जगह उचित स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए। कहा है कि नियमित मशीनें संचालित हो तथा नियमित कूड़े का निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे शीघ्रातिशीघ्र क्रियाशील कराये जाये। इस दौरान अधिशासी अधिकारी गुरसहायगंज सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबरें चलते-चलते

### भगत ने किशोरी के साथ की छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी थाना क्षेत्र से झाड़-फूंक कराने आई किशोरी को कोतवाली क्षेत्र के झाड़-फूंक करने वाले युवक ने अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। जब किशोरी जोर जोर से चिल्लाई तो वहां पर लोगों का जमावड़ा लग गया और आरोपी युवक मौका देख फरार हो गया। किशोरी के मामा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम निवासी युवक ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 20 जून 2023 को सुबह 10.30 बजे गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर निवासी बाबा रामसरन के यहां 13 वर्षीय भांजी को झाड़-फूंक के बंधन से मुक्त कराने के लिए लाया था। झाड़-फूंक के दौरान बाबा ने किशोरी को अकेला पाकर छेड़छाड़ की। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त युवक मौका पाकर फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमीनी विवाद में दबंगों ने विधवा से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने दलित विधवा से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर निवासी विटुला देवी ने दी तहरीर में बताया कि गांव के ही 4 लोगों ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### दबंगों ने भाई सहित पिता पुत्री को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी पुराने वाद विवाद को लेकर दबंगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर भाई सहित पिता पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासी आरिफ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही जुल्फिकार, शादाब, दिलशाद, इरशाद ने पुराने विवाद में उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो उक्त युवक उसके साथ मारपीट करने लगा। मारपीट देख पीड़ित का भाई साजिद एवं बेटी मुरसीन बीच-बचाव करने आए। तो दबंगों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### धोखाधडी कर फर्म की हिस्सेदारी कर ली अपने नाम, मामला दर्ज

**कन्नौज।** धोखाधड़ी कर फर्म की हिस्सेदारी अपने नाम करवाने को लेकर पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी सदर से शिकायत की है। सीओ सिटी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हरियाणा के करनाल थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर निवासी महावीर पुत्र रामस्वरूप ने क्षेत्राधिकारी सदर डॉ प्रियंका बाजपेई से गुहार लगाते हुए बताया कि संगम इंटरप्राइजेज में वह हिस्सेदार था। उसके अलावा मोहम्मद मोअज्जम पुत्र अब्दुल खालिक निवासी तिर्वा, कृष्ण कुमार पुत्र जयमल सिंह एवं मोहम्मद अजहर भी संगम इंटर प्राइजेज में हिस्सेदार थे। विगत 7 जून 2018 को पीड़ित ने अपना 25 फीसदी हिस्सा कृष्ण कुमार के नाम ट्रांसफर कर दिया था। इसके बाद विगत 14 जून को मोअज्जम ने गाटा संख्या 682 रकबा 11 बीघा मौजा जवाहर नगर कि लिखा पढ़ी के लेकर महावीर को कचहरी में बुलाया था। लेन-देन को लेकर उक्त जमीन के बाबत शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने का झांसा देकर मोअज्जम ने पीड़ित से संगम इंटरप्राइजेज की हिस्सेदारी अपने नाम करवाने का शपथ पत्र हस्ताक्षर करवा लिया। जानकारी मिलने पर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पूर्व प्रधान के पति के हत्यारोपी को पुलिस ने दबोचा

### मुठभेड़ के दौरान मिली सफलता

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व प्रधान के पति को गोली मारकर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारोपी को कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बीच दबोच लिया। पुलिस की गोली से घायल आरोपी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताते चलें बीते दिनों सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर अमरा निवासी पूर्व प्रधान के पति रामदास की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में शामिल ग्राम हीरापुर निवासी वर्तमान प्रधान पुत्र दीपू सहित रामसेवक पुत्र परशुराम एवं अन्य आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया था। हत्या आरोपियों की तलाश में शहर कोतवाल अजय कुमार अवस्थी समेत पुलिस टीम ताबड़तोड़ छापेमारी कर रहे थे। इसी दौरान मंगलवार की शाम मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाल ने पुलिस टीम के साथ करीमपुर मोड़ पर मौजूद आरोपी रामसेवक पुत्र परशुराम को घेर लिया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में गोली लगने से रामसेवक जमीन में गिर पड़ा। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी के पास से पुलिस ने एक तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी के खिलाफविधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अभिरक्षा में उपचार जारी है।

### नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों ने गांव-गांव किया हर आंगन योग का प्रसार

**कन्नौज।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में ब्लॉकों पर तैनात राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा हर आंगन योग का संदेश घर घर पहुंचने के लिए विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम कराया गया। ब्लॉक तालग्राम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक गौतम सिंह द्वारा ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी तालग्राम मनोज कुमार गुप्ता के आतिथ्य में योगाभ्यास कार्यक्रम कराकर प्रतिदिन योग करने के लाभ बताए गए। ब्लॉक जलालाबाद में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कौशल किशोर द्वारा योगाभ्यास कराकर युवाओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक गुगरापुर में प्रतीक्षा कटियार, उमर्दा में जानू सिंह ने योग दिवस मनाया। अन्य ब्लॉकों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने हर आंगन योग का संदेश पहुंचाया।

## योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में सहायकः डॉ. पल्लवी



**जलालाबाद (कन्नौज)।** योग करने से शरीर में स्फूर्ति रहती है। योग मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। योग को अपनी दिनचर्या में जोड़कर प्रतिदिन योग करना चाहिए। जिससे स्वस्थ रहने के साथ-साथ नई ऊर्जा के अनुभूति होती है। यह बात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी यादव ने योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। बुधवार को चांदापुर रघुराजनगर संयोगिता मार्ग स्थित अविका डिग्री कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकाए एवं छात्र-छात्राओं ने कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमें योगाचार्य हेमन्त कटियार, शिवम सिंह ने सभी को योग करने के तौर तरीके बताते हुए योगाभ्यास कराया। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी ने कहा कि योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। चिंता, तनाव और अवसाद पर काबू पाने के लिए योग मन को शांत रखता है। इस मौके पर मोरपाल सिंह, हरिओम प्रजापति, अंशिका पाल, दिलावर सिंह, सचिन यादव समेत ग्रामीण मौजूद रहे। इसीक्रम में जिला करागार कन्नौज, डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र, वीडीटी इंटर कॉलेज, माँ शीतला देवी इंटर कॉलेज, पीएस तरपुरवा, पीएस जसपुरापुर सरैया प्रथम, जेएनवी, ब्लॉक सभागार समेत आदि संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया।

## एसपी के आदेश पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाईपास पर हुई मार्ग दुर्घटना को लेकर पीड़ित ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफपुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जलालपुर चौकी क्षेत्र के गांव संदोहनपूर्वा निवासी अशर्फी लाल पुत्र धनीराम दोहरे ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि विगत 4 जून की शाम उसका भाई गांव के निकट बाईपास रोड के किनारे खड़ा था, तभी उधर से तेज गति में आ रहे बाइक सवार राहुल कटियार पुत्र प्रवीण कटियार निवासी ग्राम निवाजीपुरवा ने उसके जोरदार टक्कर मार दी।

## उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नगर में** लगातार हो रही बिजली कटौती एवं बिजली ट्रिपिंग के कारण लघु उद्योग धंधों से जुड़े दुकानदारों का कारोबार पूर्ण रूप से ठप हो चुका है। इसी को मद्देनजर रखते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने विद्युत वितरण खंड छिबरामऊ एवं उपखंड अधिकारी गुरसहायगंज को ज्ञापन सौप कर जल्द ही समस्या के निस्तारण की मांग की है।

बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सुशील कुमार दुबे पदाधिकारियों के साथ नगर के बिजली घर पहुंचे। जहां उन्होंने बिजली समस्याओं से जुड़े ज्ञापन को विद्युत वितरण खंड छिबरामऊ को संबोधित ज्ञापन एसडीओ अरविंद कुमार मौर्य को सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि नगर की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 से 4 बजे तक लगातार काटी जा रही है। जिससे दुकानदारों का कारोबार पूर्ण रूप से ठप हो चुका है। कई बार विभाग को अवगत कराने के बाद भी सुधार नहीं किया गया। शासन के द्वारा नगर विद्युत घर को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन फिर भी लगातार ट्रिपिंग की समस्या से नागरिक व दुकानदार जूझ रहे हैं। जिससे कोई भी उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर विद्युत कटौती बंद नहीं हुई तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज के कार्यकर्ता विद्युत घर का घेराव करेंगे। जिस का संपूर्ण उत्तरदायित्व विभाग का होगा। इस मौके पर अनुराग गुप्ता, रोहित दुबे, रघुनंदन सिंह, धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार, भैयालाल दुबे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता समृद्धि न्यूज

## रंजिश के चलते मारपीट एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला भटपुरी में जमीनी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मोहल्ला भटपुरी निवासी अब्दुल वहाब पुत्र अब्दुल वहीद ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए बताया कि विगत 1 जून की सुबह वह अपनी डेरी पर बैठा था, तभी मोहल्ला बालापीर निवासी महबूब एवं उसकी पत्नी नाजिदा अपने पुत्र मजहर आलम पुत्रियां सामिया माहिया के साथ डेरी पर पहुंच गया और जमीनी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। जिससे पीड़ित का पैर टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त लोगों ने तोड़फोड़ भी की। चीख-पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

## एडीएम को एमआरएफ सेंटर पर कम मात्रा में मिला कूड़ा



एमआरएफसेंटर का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- एडीएम के निरीक्षण से पालिका कर्मियों में मचा हड़कम्प

**एमआरएफ**सेंटर के सही संचालन के लिए एडीएम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हे सेंटर पर कम मात्रा में कूड़ा मिला। जिस पर उन्होने ईओ को कूड़ा की मात्रा बढ़ाने सहित सेंटर से आय के स्रोत बढाने के निर्देश दिए। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण एवं गार्बेज फ्री स्टार रेटिंग सर्वे को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह नगर के तिर्वा रोड स्थित एमआरएफ सेंटर एवं बायोमैथानेशन प्लांट का औचक निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि एमआरएफ सेंटर में कूड़ा की मात्रा बढ़ा कर आय के साधन विकसित करें। सेंटर पर मौजूद मशीनों का उपयोग करें। एमआरएफ प्लांट में कचरे से गैस बनाने का कार्य किया जाए। इस मौके पर आरपी सिंह, मनोज तिवारी, प्रसनजीत मिश्रा, जिलेदार सिंह, अशोक शर्मा, अनिल प्रजापति, जनार्दन मिश्रा आदि पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## सरकारी व निजी संस्थानों में लोगों ने मनाया योग दिवस

- योग शिविर में महिला, पुरुष सहित बच्चों ने किया योगाभ्यास

**गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज**

**अन्तर्राष्ट्रीय** योगा दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, स्थानीय कोतवाली सहित निजी व सरकारी शिक्षण व अन्य संस्थानों शिविर लगाकर योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने योग से होने वाले लाभों को बताकर लोगों को जागरूक किया।

बुधवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत समधन में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कर्मियों व नागरिकों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान आरपी सिंह, अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, जगदीश सिंह, विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, हनीफ वकार खां, इरफान खान सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे। स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाल जेपी शर्मा ने पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने के उपाय बताएं। इसी प्रकार नगर के सरस्वती शिशु मंदिर, मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कालेज, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कालेज, आरडी मार्डन पब्लिक स्कूल, आकाश एजूकेशन सेंटर आदि में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के द्वारा नगर के दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में योगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. सुधीर दीक्षित ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। इस दौरान नगर शाखा अध्यक्ष अतुल भारती, सचिव ललित मोहन सिंह, राजेश गुप्ता, डा. राममिलन सिंह तोमर, संजीव चौहान, रामवीर कठेरिया, राज गुप्ता, योगेश द्विवेदी, विपिन गुप्ता, शासकीय सभासद गगन मनीष, रघुनंदन सिंह कुशवाहा, एडवोकेट अजीत मिश्रा सहित आदि ने योगाभ्यास किया। लिटिल ब्लॉसम एकेडमी प्रबंधक उदित गुप्ता, अजीत दुबे ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।







## कांवर यात्रा व बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



पीस कमेटी की बैठक लेते शहर कोतवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसपी के निर्देश पर जनपद के सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। शहर कोतवाली घुमना पर आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए बकरीद, सावन व कांवर यात्रा पर शांति व्यवस्था एव सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए शांति कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने कहा त्योहार सभी का है। सभी लोग शांति व्यवस्था बनाये रखें। किसी को यदि कोई समस्या आती है, तो उसका समाधान किया जायेगा। मंदिरों के बाहर सादा कपड़ों में फोर्स तैनात रहेगा। इस मौके पर अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ, संजय गर्ग, इखलाक खां, मुकेश गुप्ता, राकेश सक्सेना मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर लोकदल ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोक दल के जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राम निवास शाक्य ने साथियों के साथ पांच सूत्रीय समस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में मांग की है कि नये सत्र में गन्ने की पेराई चालू हो गयी है। पिछला भुगतान नहीं हुआ है उसे कराया जाये। बढ़ रहे अपराधों की संख्या पर अंकुश लगाया जाये। गरीबों को मिलने वाले राशन में कोटेदार द्वारा घटतौली की जा रही है। जिसे रोका जाये। भीषण गर्मी के चलते बिजली की अवैध कटौती को रोका जाये। टैक्सी, टेंपो जगह-जगह खड़े रहते हैं। जिसके लिए डिवाइडर बनाये जायें। इस मौके पर अमित प्रकाश, धर्मेंद्र कटियार, विकास, मीना सिंह, अमित, सुखवीर, स्नेहलता आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यायालय सभागार में योग शिविर का हुआ आयोजन



शिविर में योगासन करते न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन हुआ। न्यायालय के अधिकारियों ने कहा कि विभिन्न बीमारियों को हराने के लिए योग बहुत जरुरी है। निरोगी एवं स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए योग का महत्व समझाया गया। साथ ही विभिन्न योगासन कराये गये। योग मन और तन को स्वस्थ्य रखने में मदद करता है। योग करने से आत्मबल बढ़ता है और आंतरिक खुशी मिलती है। इस मौके पर न्यायालय के अधिकारीगण, कर्मचारी, पैनल लॉयर, कारागार स्टाफ, कारागार के बंदी, किशोर अपचारी आदि लोग शिविर में मौजूद रहे।

## राजकिशोर शुक्ला ने करो योग रहो निरोग का दिया संदेश




विद्यालय में योगा करते प्रधानाचार्य राजकिशोर व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक आकाश पाल ने योग की बारीकियों को विस्तार से जानकारी देते हुए निरोगी जीवन जीने का अभ्यास कराया। कार्यक्रम को योगेन्द्र कुमार और स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह ने संबोधित किया। इस मौके पर आकाश पाल, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## योग से बीमारी रहित लंबा जीवन जिया जा सकता: भीमसैन मुकुंद




जेल में योगाभ्यास करते भीमसैन मुकुंद व अपचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार फतेहगढ़ में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नरेंद्र प्रकाश एडीजे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दीप प्रज्वलन करके किया। योग गुरु सत्यपाल सिंह, प्रशिक्षक विवेक यादव, प्रशिक्षक अजीत पाल सिंह, प्रशिक्षक मोहित कटियार, प्रशिक्षक अभिलाख सिंह ने पुरुष बंदियों को योगासन एवम योग क्रिया कराई एवम महिला कक्ष में महिला जेल वार्डर नगमा, रोहिणी, जोली ने महिला बंदियों को योग अभ्यास कराया। एडीजे नरेंद्र प्रकाश ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग के माध्यम से शरीर को निरोगी रखा जा सकता है। प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति का दिल और दिमाग दोनों ही स्वस्थ रह सकते हैं। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद देते हुए कहा गया की योग से बीमारी रहित लंबी आयु का जीवन जिया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति है।

## काया को निरोगी रखने में योग निभाता महत्वपूर्ण भूमिका: मनोज मिश्रा



जन शिक्षण संस्थान कार्यालय में योग का अभ्यास करतीं प्रशिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जन शिक्षण संस्थान कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज मिश्रा ने योग दिवस थीम वसुधैव कुटुम्बकम पर चलने की चर्चा की। विश्व एक धरती एवं परिवार है। योग शिक्षिका गायत्री योग शक्ति पीठ से पधारीं सविता दुबे ने संस्थान की अनुदेशिकाओं व प्रशिक्षणार्थियों को योग कराया। प्राणायाम, सूर्य नमस्कार के अलावा विभिन्न योग क्रियाओं के साथ उनके बारे में जानकारी दी और कहा कि करें योग रहें निरोग। योग ऐसी प्राचीन पद्धति है जो जीवन को निरोगी रखती है। उपस्थित समूह को योग के फायदे बताये गये और नियमित योग करने की सलाह दी गयी। साथ ही योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने का मंत्र बताया गया। इस मौके पर पृथ्वीराज सिंह, मंजू शर्मा, साधना श्रीवास्तव, अर्चना वर्मा, विमलेश शाक्य, प्रीती गुप्ता, पूनम शर्मा, उमंग शर्मा आदि लोग बड़ी संख्या में योग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने योग शिविर में किया प्रतिभाग



कार्यक्रम में योगाभ्यास करते करांटे खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ताइक्वांडो के कोच अजय प्रताप सिंह के निर्देशन में करांटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। सातनपुर मंडी में आयोजित कार्यक्रम में डीएम के संयोजन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विभिन्न संस्थाओं व अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा शैक्षिक संस्थायें एवं खिलाड़ियों व उनके कोच ने प्रतिभाग किया। योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने के मंत्र बताये गये। आधुनिक युग में स्वस्थ्य जीवन एवं खुशहाल जीवन बनाने के लिए योग एक वरदान है। इस वरदान को सजाये रखने की जरुरत है। कार्यक्रम में विभिन्न योग की क्रियायें करायी गयीं। शहर के अलावा दूरदराज से आये खिलाड़ियों ने भी योग शिविर में प्रतिभाग किया। करांटे खिलाड़ियों में छात्र-छात्राओं ने योग करते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और स्वस्थ्य रहने के मंत्री सीखे। छात्र-छात्राओं को योग कराने की व्यवस्था ताइक्वांडो कोच अजय प्रताप सिंह ने संभाली।

## सीपी इंटरनेशनल स्कूल में योग साधना दिवस का हुआ आयोजन



सीपी इंटरनेशनल स्कूल में प्रणायाम करते शिक्षक व विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र - छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रभिाग किया। उप निदेशिका अंजू राजे व प्रधानाचार्य डॉक्टर विनोद चंद्र शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।प्रातः कालीन सभा की शुरुआत प्रार्थना के साथ मंत्रोच्चार से हुई और उसके बाद योग प्रशिक्षक रामकृपाल मिश्रा ने ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन, सलवासन, उत्तान पादासन एवम प्राणायाम में नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम सहित पंचकोषाध्यांन आदि विद्यार्थियों एवम शिक्षकों को अभ्यास कराया तथा विद्यार्थियों को ध्यान हेतु प्रेरित किया गया। डेढ़ घंटे चले योगासन शिविर की समाप्ति पर निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने अपने संदेश में बताया कि योग जीवन की स्वास्थ्य वर्धक भंडार गृह की चाभी है, क्योंकि मनुष्य के शरीर से संबंधित ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसमें योग सहायक सिद्ध ना होता हो।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालयों में शिक्षकों, छात्राओं ने किया योग का अभ्यास




महाविद्यालय में योगासन करतीं एनसीसी कैडेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जीवन की भागदौड़ में हम अपने स्वास्थ्य के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं। जिसको स्वस्थ्य रखने के लिए जागरुकता जरुरी है। शरीर को ध्यान में रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एनएकेपी पीजी कालेज के कैडेटों ने कमान अधिकारी कर्नल सतेन्द्र दहिया व ले0 डॉ0 पारुल मिश्रा के मार्गदर्शन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिक्षिका मेघा सक्सेना ने सूक्ष्म एवं विभिन्न योगासन करायें। कैडेटों ने सर्जेन्ट दिव्या सिंह ने योग पर विचार व गीत प्रस्तुत किया। पारुल मिश्रा ने छात्राओं को योग के प्रति सजग किया। इस मौके पर सूक्ष्मा पाण्डेय, विनीता दीक्षित, रेशू शाक्य, अरविन्द पाण्डेय, कमलेश, सुखदेवी, गोपी गुप्ता, राजेंद्र, दुर्गा मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।




महाविद्यालय में योगासन करते विद्यार्थी व ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में किया गया। इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम हर घर आंगन योग को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस आयोजन में समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने कहा है कि योग हमें शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है और हमारी स्मरण शक्ति को भी बढ़ाता है। योगाचार्य जगदीश प्रसाद वर्मा ने योग के लाभ बताएं। इस मौके पर प्रधान अजय कटियार, राम सनेही कटियार, अनिल यादव, राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।




नर्सिंग कॉलेज में योग करतीं प्रशिक्षणार्थी नर्सेज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफनर्सिंग में विश्व योगा दिवस पर हर घर आँगन योग के अंतर्गत नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। इस वर्ष 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफनर्सिंग के सभी छात्र-छात्राओं ने इस योग दिवस पर बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगाभ्यास के उपरांत संस्था के निर्देशक डॉ0 सचिन दुबे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य संजय राजपूत, नर्सिंग स्टाफएवं समस्त नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार अग्निहोत्री एवं प्रबन्धक अनुराग दुबे मौजूद रहे।




छात्राओं व शिक्षकों को योग करवाते डॉ0 आलोक बिहारी सक्सेना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा भारतीय महाविद्यालय के प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आलोक बिहारी शुक्ला ने सफल संचालन किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को योग करवाया गया और योग के बारे में बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश, प्राध्यापक विवेक सिंह, डॉ0 प्रेम शंकर पाण्डेय, अशोक मिश्रा, विनेक शुक्ला, बलराम सिंह, वेदराम, संजेश, प्रतिभा आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही ग्राम अमेठी व चांदपुर में प्रधान मुन्नी देवी व प्रधान श्यामलता के संयोजन में योग शिविर का आयोजन हुआ। साथ ही योग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

# शैक्षिक संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, विद्यालयों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं प्रधानाार्य व शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इँटर कालेज में नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शासन की मंशा के अनुरुप किया गया। प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल के साथ शिक्षिका शिवानी फ्लोमर, ममता यादव, कुमुदनी वर्मा, श्रेष्ठा के साथ विद्यालय की छात्राओं ने गाइडिंग के पूर्ण गणवेश के साथ सातनपुर मंडी में हुई योग क्रियाओं में प्रतिभाग किया। इसी के साथ प्रियंका मैसी ने शिक्षिकाओं तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों व विद्यालय की छात्राओं के साथ योग के आसनों, प्रणायाम तथा ध्यान साधना अभ्यास के द्वारा लाभ प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने कहा कि हर व्यक्ति के लिए योग लाभदायक होता है। योग क्रियाओं से शरीर स्वस्थ्य रहता है। साथ ही विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता, क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों ने प्राप्त किया। स्वल्पाहार भी वितरित किया।



कानोडिया इंटर कालेज में योगासन करतीं शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज में योग दिवस के अवसर पर सभी छात्राओं व समस्त शिक्षिकाओं व स्टाफको योग प्रशिक्षक वंदना मिश्रा के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने सभी से योग प्रतिदिन करने की अपील की और योग द्वारा गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है आदि पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन पूनम शुक्ला द्वारा किया गया। छात्राओं ने पोस्टर क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें शालू, अनन्या राजपूत, पायल दिवाकर, आकांक्षा दिवाकर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान तथा क्विज प्रतियोगिता में नैना, शुभी दीक्षित, स्मृति मिश्रा, मोनिका राठौर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। समीक्षा अग्निहोत्री, मंजू, अनीता सिंह, दर्शना आर्य, पारुल जैन, स्वाति, विजयलक्ष्मी, ममता, गौरी, राधा वर्मा, अजन्ट सिंह मौजूद रहे।



विद्यालय में योगासन करतीं छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एन.ए.के.पी. इंटर कालेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने मंडी समिति पहुंचकर योगाभ्यास शिविर में प्रतिभाग किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य इन्दू मिश्रा ने शिक्षिकाओं, कर्मचारी व छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर में योगाभ्यास किया व विभिन्न योगा आसन के दौरान उनके बारे में जानकारी दी। विद्यालय परिसर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने योग के बारे में बताया। प्रत्येक छात्रा प्रतिदिन योग करे। जिससे उनके शरीर में कोई बीमारी न लगे। योग करने से शरीर निरोगी रहता है और विभिन्न बीमारियां शरीर से दूर रहती हैं। मन मस्तिष्क स्वस्थ्य रहता है। छात्राओं को योग दिवस पर फल वितरित किये गये।



बच्चों को योग करतीं ग्रुप लीडर किरन कुमारी कश्यप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्काउट गाइड बच्चों ने योग किया। ग्रुप लीडर किरन ने कहा कि योग का अभ्यास एक बेहतर इंसान बनने के साथ एक तेज दिमाग, स्वस्थ दिल और एक सुकून भरे शरीर को पाने के तरीकों में से एक है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जीवन में योग के महत्व समझने के लिए मनाया जाता है। सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला योगा अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ऊर्जावान हो जाता है। भारत स्काउट और गाइड के बच्चों ने भी योग दिवस बनाया योग दिवस के प्रति जागरुक रहने का संदेश दिया। किरन कुमारी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।









# बिजली का करंट लगने से बहन की मौत, भाई की हालत गंभीर

- टीन शेड में करंट उतरने से घटी घटना

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में खेलते समय भाई-बहन के बिजली का करंट लगने से दोनों की हालत बिगड़ गयी। परिजन दोनों को लेकर चिकित्सक के पास पहुंचे। जहां डॉक्टर ने बहन को मृत घोषित कर दिया तथा भाई का उपचार जारी शुरु कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत झौआ के मजरा नगला पाल निवासी अनिल पाल के घर में टीन पड़ी है। टीन में करन्ट आने से टीन में लगे पाइप में करन्ट आ गया। जिससे वहां खेल रहे अनिल के पुत्र कृष्णा उम्र 3 वर्ष और पुत्री सेजल उम्र 8 वर्ष के करंट लग गया और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

आनन-फानन में परिजन दोनों उपचार के लिए चिकित्सक के पास



मृतका का फाइल फोटो

लेकर गए। जहां डॉक्टर ने सेजल को मृत घोषित कर दिया। मृतका कक्षा दो की छात्रा था। मृतका के भाई कृष्णा की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसका उपचार जारी है। मृतका की मां मंजू देवी, पिता अनिल आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने किशोरी को पीटा, थाने में दी तहरीर

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने किशोरी को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने चार लोगों पर गाली-गलौज तथा छेड़छाड़ का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला चौहट्टा निवासी पीड़िता ने ने जहान सिंह, सीटू एवं संतोष पुत्रगण जहान सिंह, साधना पत्नी सीटू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि 21 जून की सुबह 8 बजे आरोपी जमीन के बंटवारे को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा लात-घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया तथा आरोपियों ने छेड़छाड़ भी की और जानमाल की धमकी दी।

# किसान दिवस में मंडी सचिव के न पहुंचने पर निलंबन की कार्यवाही

- किसानों ने गिनायी समस्यायें
- डीएम ने जल निगम कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें मंडी सचिव के बिना बताये मुख्यालय से अनुपस्थित होने पर डीएम ने निलंबल के लिए नगर मजिस्ट्रेट को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये।

बुधवार को आयोजित हुए किसान दिवस में कृषक वरजोर सिंह निवासी ग्राम झसी कमालगंज ने बताया कि भारत सरकार की हर घर जल योजना के तहत पिछले कई महीनों से गांव की गलियों में पाइप लाइन डाली गयी थी। कई महीनों से नालियां आज तक खुली पडी हुई है। ग्राम वासियों को दैनिक कार्यों एवं आने जाने हेतु भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा




किसानों की समस्यायें सुनते जिलाधिकारी

है। इन्हें सही कराये जाने की मांग की गयी। जिस पर डीएम ने सहायक अभियंता जल निगम को स्थलवार खोदी गई गलियों में कितने समय से यह समस्या लम्बित है इसका विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा सहायक अभियंता जल निगम के द्वारा ग्राम गुतासी में पाइप लाइन में पानी पश्चिम इलाके में आता है, लेकिन पूर्वी इलाके में पानी नहीं आता है। समय से जांच न किये जाने से समस्या बनी हुई, इस संबंध में कार्मिक को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। हरिलाल राजपूत निवासी ग्राम मिलिकिया शमशाबाद ने बताया कि कुछ दिन पहले विद्युत चोरी का अभियान गांव में चला था। जिसमें लगभग 15 लोगों को पकड़ा गया था। जिसमें 4 गरीब लोगों पर जुर्माना लगा दिया गया और बकाया को छोड़ दिया गया।

नेकपुर चौरासी वार्ड 13 के किसान ने बताया कि वार्ड में अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया करा दिया गया, लेकिन पात्रों को इस योजना का लाभ नहीं मिला है। जांच कराकर पात्रों को योजना का लाभ दिलाया जाये। अताईपुर कोहना के निवासियों ने आवारा पशुओं से छुटकरा दिलाये जाने की मांग की। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि पुष्टाहार की सामग्री आंगवाड़ी नहीं बांटती है। कृषकों को बीज वितरण में अपने चेहतों को मिनीकिट इत्यादि उपब्लध करा दी जाती है, जबकि अन्य किसान इस लाभ से वंचित रह जाते है।

कोआपरेटिव सोसाइटी के सचिव द्वारा समिति के सदस्य किसानों से राशि लेकर उन्हे रसीद न देकर कृषकों से दोबारा वूसली कराये जाने की बात किसानों ने कही। इस संबंध में डीएम ने सहायक निबंधक को धारा-65 में जांच के निर्देश दिये। ग्राम कनासी नवाबगंज के कृषक ने बताया कि उनका धनराशि 1.5 लाख रुपये मेरापुर थाने का एक अडतिया लेकर फरार हो गया, कृषक ने उक्त धनराशि दिलाये जाने की मांग की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दबंग ने महिला को पीटा, गोलक से निकाली नगदी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दुकान पर बैठे जनरल स्टोर संचालिका को दबंग ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के पति ने घटना के संबंध में दबंग के विरुद्ध मारपीट कर गोलक में रखी नगदी निकाल लेने का आरोप लगाकर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव उखरा निवासी सर्वेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी पत्नी ज्ञान देवी नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव करणपुर चौराहा पर किराए की दुकान लेकर उसमें जनरल स्टोर की दुकान किए हुए है। गांव करणपुर निवासी दबंग युवक महेंद्र पुत्र दयाराम जाटव आया और मेरी पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब उसने गाली-गलौज देने का विरोध किया तो उक्त दबंग ने मारपीट कर घायल कर दिया और गोलक में रखी नगदी निकाल ली। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# उपनिरीक्षक व होमगार्ड सहित चार के खिलाफ याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिना किसी कारण के विरोधियों से सांठगांठ कर उपनिरीक्षक द्वारा थाने में बंद कर जेल भेजने के मामले में पीड़ित ने न्यायालय में उपनिरीक्षक सहित चार लोगों के विरुद्ध याचिका दायर की है।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम बाबरपुर निवासी देशराज सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ सिंह यादव ने दायर की याचिका में दर्शाया कि वह मंदिर में सफाई व धुलाई का काम कर रहा था। 18 मई को उप निरीक्षक हरिओम प्रकाश हाल तैनात कोतवाली कायमगंज, होमगार्ड आशीष वर्तमान तैनाती कायमगंज, खुशबू मिश्रा व सिल्की मिश्रा पुत्रीगण गिरराज किशोर निवासी मोहल्ला बगिया मंगू लाल गंगादरवाजा कायमगंज आए और बोले तेरे खिलाफ शिकायत आई है थाने चलो, मुझे बिना कोई मौका दिए पकड़कर थाने में ले आये। हवालात में बंद कर दिया और 107/116 के तहत चालान कर दिया। आरोपियों द्वारा एसडीएम न्यायालय के कर्मचारियों से विपक्षियों ने सांठगांठ कर ली और मेरे भाई से 15 कुंटल भूसे की मांग की। जिस कारण में 6 दिन तक जेल में बंद रहा। जिससे मुझे काफी मानसिक व शारीरिक पीड़ा से गुजरना पड़ा।

# कोटा चयन की प्रक्रिया एक बार फिर स्थगित, अब चयन होगा 03 जुलाई को



कोटा चयन को लेकर लाइन लगाकर बैठे ग्रामीण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम गदनपुर चैन में कोटेदार द्वारा त्याग पत्र दिए जाने के बाद कोटेदार का पद रिक्त चल रहा है, जबकि इस गांव का कोटा दूसरे गांव से संबद्ध कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कोटा चयन की मांग की, लेकिन किसी कारण चयन टलता रहा। एक सप्ताह पूर्व पंचायत भवन के पास कोटेदार का चुनाव कराये जाने की प्रक्रिया की गई थी। अधिकारियों ने कोटेदार के चुनाव की प्रक्रिया को सम्पन्न कराये जाने की कोशिश की थी, लेकिन ग्राम प्रधान की मां की तबीयत खराब होने के कारण चुनाव स्थगित करा दिया गया था। जिस पर ग्रामीणों ने प्रधान व अधिकारियों पर आरोप लगाकर नाराजगी जतायी थी। ग्रामीणों ने अगला चुनाव बीडीओ को ज्ञापन देकर बोटिंग से कराने की मांग की थी। जिस पर 21 जून की तिथि तय होने पर बुधवार को कोटा चयन का चुनाव फिर टल गया। बताते है कि गांव में तीन सहायता समूह है जिसमें जय मां वैष्णो देवी जिसकी प्रत्याशी सोनी पत्नी शिवकुमार, दूसरा दुर्गा मां स्वयं सहायता समूह की प्रत्याशी अनीता पति राम चरण जबकि तीसरा जय हिंद सहायता समूह की प्रत्याशी पूनम पत्नी योगेंद्र प्रताप सिंह है। चुनाव अधिकारी ने कहा जब तक जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त नही होगा तब तक चयन प्रक्रिया बाधित बनी रहेगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव 3 जुलाई को होगा।

# दवा व्यवसायी उद्यम रजिस्ट्रेशन कराकर सरकारी योजनाओं का उठायें लाभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में दवा का व्यवसाय करने वाले सभी थोक एवं फुटकर कैमिस्ट अपना उद्यम रजिस्ट्रेशन 30 जून तक कराना सुनिश्चित करें। रजिस्ट्रेशन कराने वाले दवा व्यवसायियों को सरकार की ओर से बीमा योजना, टर्नओवर में छूट, बैंक ऋण आदि की सुविधा प्रदान की जायेगी।

जिला औषधि निरीक्षक अशोक कुमार चौधरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा उ0प्र0 में उद्यमो का पंजीकरण कराने का महाअभियान चला रही है। इसी क्रम में दवा व्यापारी अपने व्यवसाय का उद्यम रजिस्ट्रेशन 30 जून तक कराकर सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के उद्यम रजिस्ट्रेशन



औषधि निरीक्षक अशोक कुमार

पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करके रजिस्ट्रेशन सर्टीफिकेट स्वयं जनरेट किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन हेतु आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं बैंक पासबुक आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से पांच लाख रुपये तक दुर्घटना बीमा योजना, टर्न ओवर में छूट एवं बिना सिक्योरिटी के बैंक ऋण (लोन) आदि सुविधाओं का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 21 जून तक 240 दवा व्यापारियों ने उद्यम रजिस्ट्रेशन कराया है। जिन दवा व्यापारियों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वह 30 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।

## चार का शांतिभंग में चालान

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने अशांति फैलाने के मामले में चार को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। अमृतपुर पुलिस ने रामनाथ पुत्र कैलाश, बालक राम पुत्र कैलाश, गुड्डू पुत्र भग्गूलाल, राहुल पुत्र गुड्डू समस्त निवासीगण ग्राम लीलापुर को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

# शादी का झांसा देकर युवक से कराया बैनामा

- मानसिक रूप से विक्षिप्त है युवक
- मां ने थाने में दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक से शादी का झांसा देकर दबंगों ने जमीन का बैनामा करा लिया। घटना की जानकारी होने पर युवक की मां ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी उर्मिला देवी पत्नी नंदराम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनका पुत्र सुंदरलाल जो कि मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जिसकी शादी गांव के रामप्रताप पुत्र मोहन लाल, दयाराम पुत्र ग्रंथ सिंह ने कराने को कहा और अपने साथ ले गये। कुछ दिन बाद पता चला कि आरोपियों ने मैनपुरी के गांव गोपी का अड्डा निवासी मधु देवी पत्नी सूरज सिंह चौहान के नाम धोखाधड़ी कर बैनामा करा दिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## पिता-पुत्र को पीटने में चार पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सिलसण्डा निवासी रुकमपाल की पत्नी रानी देवी ने गांव के ही जयसिंह पुत्र कृपाराम व जयसिंह की पत्नी मोनी तथा पुत्र गौरव एवं पुत्री वैष्णों देवी के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 19 जून की सुबह 10 बजे रुकमपाल की पुत्री रोशनी मक्के की फसल वाले खेत में घास काट रही थी। इसी समय यहां पंहुचे उक्त



आरोपी गौरव मक्के के पत्ते तोड़ कर रोशनी के ऊपर फेंक कर मारने लगा। रोशनी ने जब इस बात विरोध किया तो वह गाली-गलौज कर मारने को दौड़ा, तभी रोशनी भागकर अपने घर पंहुची और परिजनों को घटना की जानकरी दी। रोशनी के परिजनों ने जयसिंह के घर जाकर इस बात की शिकायत की। 2:5 बजे उक्त सभी आरोपित एक राय होकर अपने-अपने हाथों में लाठी-डंडा लेकर रुकमपाल के घर के सामने पंहुचे और उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर रुकमपाल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जब पुत्री मोहिनी व पुत्र प्रवेश ने अपने पिता रुकमपाल को बचाने का प्रयास किया तो उपरोक्त आरोपित इनके साथ भी लाठी-डंडो से मारपीट करने लगे। शोर शराबे की आवाज सुनकर मौके पर लोगों के आ जाने पर उक्त आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट किए जाने से रुकमपाल, मोहिनी, प्रवेश के काफी चोटें आ गई। मेरापुर पुलिस ने घायलों का सीएचसी मोहम्मदाबाद में चिकित्सीय परीक्षण करवाया और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच उपनिरीक्षक बालेश्वर दयाल के सुपुर्द कर दी।

# बीडीओ ने कर्मचारियों के साथ किया योगाभ्यास

- जीवन में योग का क्या महत्व, पर डाला प्रकाश
- बोले जीवन में सभी को योग को अपनाना होगा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नौबे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विकास खंड अधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय परिसर में बुधवार को विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह नौवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह ही विकास खंड कार्यालय पहुंच गये और सभी अधीनस्थों को वहां बुला लिया और योग के महत्व को बताते हुए योगाभ्यास कराया। विकास खंड अधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बताया योग करने से सभी विकार दूर होते हैं। करो योग रहो निरोग, योगाभ्यास करने से सभी बीमारियां दूर रहती हैं. इसलिए अपने जीवन में योग करना बहुत आवश्यक है। योग हमारे ऋषि मुनियों द्वारा ईजाद की गयी वह पद्धति है जिससे हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है और हम



कर्मचारियों को योगाभ्यास कराते बीडीओ

ऊर्जावान रहते हैं। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग प्रकृति से दूर होते चले जा रहे हैं। जिसके चलते वह कई बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं। जितन हम प्रकृति के पास रहेंगे, उतना बीमारियों से दूर रहेंगे। उन्होंने लगभग लगातार 2 घंटे तक योगाभ्यास किया और अपने साथी कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, कनिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक सुरेश कुमार, मनरेगा सेल से एपीओ गौरव दिवाकर, आलोक पाठक, राहुल चंदेल, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, तकनीकी सहायक मनोज कुमार, विनय कुमार, सुशील कौशल, राघवेंद्र सिंह, राज्य कर्मचारी मनोज शाक्य, स्वच्छता विभाग से लवलेश कुमार, वृंदा प्रसाद, जमुना प्रसाद, फकीरे लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सपा कार्यालय पर सुनी जायेंगी समस्सायें, नाम घोषित

**फर्रुखाबाद (स.)।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने आवास विकास कार्यालय पर बैठकर कार्यकर्ताओं की समस्या सुनने के लिए 10 बजे से 2 बजे तक के लिए पदाधिकारियों को दिनवार जिम्मेदारी सौंपी है। प्रत्येक दिन समस्यायें सुनी जायेगी और अधिकारियों के पास निराकरण के लिए जाया जायेगा। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने पदाधिकारियों की सूची जारी की है। जिसमें सोमवार को जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, जिला सचिव मुजिबुल हसन व जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविंद साहू कार्यालय में बैंठेंगे। मंगलवार को जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी, जिला सचिव ईश्वर दयाल व जिला कार्यकारिणी सदस्य नौशाद नेताजी, बुधवार को जिला सचिव आकिल खान, प्रधान जिला सचिव पीयूष यादव व जिला कार्यकारिणी सदस्य गुलाम रसूल, गुरुवार को जिला कोषाध्यक्ष रामू गुप्ता, जिला सचिव नीलम सिंह चौहान व जिला कार्यकारिणी सदस्य जीशान खान, शुक्रवार को जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह शाक्य, जिला सचिव अमीर सिंह यादव व सभासद जिला कार्यकारिणी सदस्य विजय अनुरागी, शनिवार को जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कठेरिया, जिला सचिव विजेंद्र सिंह यादव प्रधान, जिला कार्यकारिणी सदस्य जगदीश यादव, रविवार को जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ बेचेलाल यादव व सदस्य शिव शंकर शर्मा शिकायतें सुनेंगे।

### अभाविप के नवीन पदाधिकारियों को मिला दायित्व

**फर्रुखाबाद (स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिले में नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। डा0 अभिषेक सिंह जिला प्रमुख, अभिषेक प्रताप सिंह को जिला संयोजक बनाया गया है। विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के ललितपुर में 16 से 19 जून तक चले अभ्यास वर्ग में फर्रुखाबाद के लोगों को नवीन दायित्व सौंपा गया है। जिसमें डा0 अभिषेक सिंह जिला प्रमुख, अभिषेक प्रताप सिंह जिला संयोजक बनाये गये। डा0 नरेन्द्र मिश्रा विभाग सह प्रमुख, शिवम कुशवाहा विभाग संयोजक, सर्वजीत बाजपेयी सहजिला संयोजक, अनुज मिश्रा प्रांत सह संयोजक राष्ट्रीय कला मंच, विभाग के संगठन मंत्री हरिओम जायसवाल को बनाया गया है।

### दबंग ने घर में घुसकर महिला पर किया चाकू से हमला

**शमसाबाद (स.)।** पुरानी रंजिश में दबंग युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट व चाकू से हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला तराई निवासी अफसाना पत्नी पप्पू ने इसी मोहल्ले के निवासी नन्हे उर्फ मंसूर पुत्र मंजूर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि आरोपी से रंजिश चल रही है। पीड़िता ने दर्शाया कि 26 मई को की शिकायत से आरोपी और भी रंजिश मानने लगा। बीते दिन आरोपी घर में घुस आया और मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गया।

### पहली पत्नी को छोड़ दूसरी शादी कर लेने पर थाने में दी तहरीर

**नवाबगंज (स.)।** पहली पत्नी को पति व ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकाल देने व दूसरी शादी कर लेने के मामले में पीड़िता की मां ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। जनपद कन्नौज थाना छिबरामऊ के गांव मेरापुर गढ़िया खास निवासी उषा देवी पत्नी स्वर्गीय पूरा दुर्ग पाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने अपनी पुत्री की शादी 8 वर्ष पूर्व कौशल कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी चिकन वाली गली कस्बा नवाबगंज के साथ की थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उनके दामाद के चाल चलन ठीक नहीं थे और आए दिन पुत्री के साथ मारपीट करते रहते थे। 1 वर्ष पूर्व पीड़िता की पुत्री को मारपीट कर दामाद व ससुर सुरेश कुमार ने घर से निकाल दिया था। तब से पुत्री उनके पास रह रही है। पता चला कि दमाद कौशल कुमार ने दूसरी शादी कर ली है। जिस पर पीड़िता ने थाना नवाबगंज पहुंचकर पुत्री के पति कौशल कुमार, ससुर सुरेश कुमार व अन्य ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर दी।

## सात ससुरालियों पर दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने सात सुसरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के ग्राम जरहरी पोस्ट पिलखना निवासी चन्द्रमुखी पत्नी दीपचन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उन्होंने अपनी पुत्री रेखा का विवाह 10 जून 2011 को अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेचेपट्टी निवासी राहुल पुत्र प्रमोद तिवारी के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ किया था। सास दुर्गा व ससुर प्रमोद तिवारी, ननद शोभा, इन्दू, सिन्दू, देवर अंकित, अंकुर आये दिन अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की मांग करते है। पुत्री के मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के दौरान जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। कानून किसी को हाथ में लेने नहीं दिया जायेगा।

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, पुलिस बनी मूकदर्शक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। नामचीनों की छत्रसाया में खनन का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्यवाही। अवैध खनन कर माफिया ग्रामीण सड़कों की हालत खस्ता कर रहे है।

वहीं मानकों को ताक पर रखकर पूरी रात खनन हो रहा है। अवैध खनन करने वाले एक खेत की मिट्टी उठाने के बाद मेड़ों की कटाई इस कदर करते है कि दूसरा खेत मालिक खुद मजबूर होकर अपने खेत की मिट्टी निकलवाने के लिए विवश हो जाता है। मिट्टी खनन को लेकर शासन की तरफसे अधिकतम दो फीट खोदाई का मानक निर्धारित है, लेकिन जिस खेत या भूमि पर मशीनें लगाई जाती हैं। उसे कम से कम तीन से चार फीट की गहरी खोदाई कर दे रहे हैं। अवैध खनन माफियाओं ने बारिश को देखकर खनन का कार्य और तेज कर



खनन करवाते भूमाफिया

दिया है। पिछले कुछ दिन पूर्व भोजपुर चौकी इंचार्ज राघवेंद्र तिवारी ने चार ट्रैक्टर व जेसीबी सीज की थी। अभी यह मामला पूरी शांत नहीं हुआ था कि ठीक उसी जगह के आसपास खनन का कार्य फिर तेजी से चल रहा है।

## कोर्ट के आदेश पर बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। मोहम्मदाबाद के निसाई निवासी मायाप्रकाश पुत्र मौजी लाल ने न्यायालय में दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि बाइक संख्या यू0पी0 76 एके 2038 के चालक हिमांशु पुत्र भूरे सिंह निवासी हमीरपुर सिरौली ने तेजी व लापरवाही से चलाकर मेरे नाती को टक्कर मार कर गभ्भीर रूप से घायल कर दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बाइक चालक पर धारा 279, 338 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# भ्रष्टाचार में लिप्त दरोगा नितिन की सेवा समाप्ति की सीएम से मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खनन माफिया को संरक्षण देने वाले नवाबगंज थाने में तैनात दरोगा के खिलाफ पीड़ित ने मुख्यमंत्री से शिकायत की। जिसका संज्ञान लेकर संयुक्त सचिव ने पुलिस महानिदेशक को कार्यवाही करने को कहा। ग्राम उखरा निवासी शिवओम दीक्षित ने 24 मई को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। जिसमें दर्शाया कि नवाबगंज क्षेत्र में खनन माफियाओं को संरक्षण देने वाले दरोगा नितिन यादव जबरियन उससे 60 हजार रुपये वसूल लिये। जिसे वापस दिलाया जाये व शासन की छवि कर रहे है। इसलिए इनकी सेवा समाप्ति कर कार्यवाही की जाये। शिकायतकर्ता का कहना है कि गांव के विनोद थाना नवाबगंज में तैनात दरोगा नितिन यादव के साथ बैठक खनन माफियाओं को संरक्षण दे रहे है और संबंधित जांच और विवेचनाओं में भी दलाली का कार्य कराते है। सीधे-साधे लोगों को जालसाजी आदि में ठगी का कार्य करवाते है। 2 फरवरी 2021 को दरोगा ने अपने मोबाइल से फोन करके मुझे थाने बुलाया और हवालात में बंद कर दिया। जब कारण पूछा तो मुझे गंदी-गंदी गालिया दी और लात-घूसों से मारपीट कर पुनः हवालात में बंद कर दिया और दो दिन तक हवालात में रखा और रंगदारी के रुप में 60 हजार रुपये जबरदस्ती विनोद ने दरोगा को दिलवाये। इस दौरान कहा कि तेरा मादक पदार्थ में चालान कर दूंगा। काफी गिड़गिड़ाने पर हिदायत देकर छोड़ दिया और कहा कि कहीं शिकायत की तो जेल में डाल दूंगा जिंदगी भर सड़ता रहेगा। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की तो सीओ मोहम्मदाबाद को जांच की गई। आरोपी दरोगा ने सांठगांठ का विवेचना स्पंच कर दी। पैसे के लेन-देन की रिकार्डिंग की सीडी बनाकर सीओ मोहम्मदाबाद को दी, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। शिकायतकर्ता का कहना है कि दरोगा पर कई संगीन मुकदमे में एफआईआर के आदेश दिये जा चुके है। वर्तमान समय में मऊदरवाजा चौकी बघार पर तैनात है।